CMYK

सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173


डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-201 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 12 जनवरी 2025
11 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com





## प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ

# अयोध्या हुई राममय

- दर्शन को उमड़ा जनसैलाब
- 20 से अधिक राज्यों से आए श्रद्धालु
- 2.50 लाख भक्तों ने रामलला के दर्शन किए
- सुबह पांच बजे से ही दर्शनपथ पर गूंजने लगे थे जयकारे

**अयोध्या।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पौष शुक्ल द्वादशी कितनी अहम है, इसका नजारा शनिवार को अयोध्या में दिखा। रामलला के विग्रह की भव्य मंदिर में प्रतिष्ठा की वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जा रही है। राममंदिर में विराजमान बालक राम शनिवार को एक साल के हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर अपने लल्ला के दर्शन करने पूरा देश उमड़ पड़ा। 20 से अधिक राज्यों के श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। 2 50 लाख भक्तों ने रामलला के दर्शन किए।

शनिवार की सुबह पांच बजे से ही दर्शनपथ पर जयकारे गूंजने लगे थे। आस्था की हिलोरें उमड़-घुमड़ रहीं थी। कोई नृत्य कर रहा था, कोई मंगलगान, हर कोई भावविभोर था। रह-रहकर श्रद्धालुओं की टोली अलग-अलग मुद्रा में हाव-भाव में पहुंच रही थी। हर मन मस्तिष्क में बस राम ही राम समाए थे।



रामलला के अभिषेक का साक्षी बन भावुक हुए श्रद्धालु

हरियाणा की श्यामवती शुक्रवार को ही अयोध्या पहुंच गई थीं, बोली अयोध्या का दृश्य आस्था का अतिरेक दर्शा रहा है। हैदराबाद निवासी संतोष कुमार ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आ सके थे, दो दिन पहले ही अयोध्या पहुंच गए। रामलला की दिव्य छवि का दर्शन कर मन आनंदित है। पश्चिम बंगाल की प्रियंका घोष नौ जनवरी को ही परिवार सहित अयोध्या में हैं। वे रामनाम गुनगुना रहीं थी। नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो...सुनाकर नृत्य करने लगीं। रामलला के दरबार में देर शाम तक 2 50 लाख भक्त दर्शन-पूजन कर चुके थे। इसी तरह बिहार, रायपुर, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मुंबई, उड़ीसा सहित उत्तरप्रदेश के विभिन्न प्रदेशों से आए श्रद्धालुओं में प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का साक्षी बनने की होड़ सी दिख रही थी। श्रद्धालुओं में रामजन्मभूमि दर्शनपथ पर लगी एलईडी टीवी में रामलला के महाभिषेक का दर्शन करने की होड़ सी दिखी।

### सीएम योगी ने रामलला के चरणों में झुकाया शीश



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश झुकाया व रामलला की आरती उतारी। सीएम ने जन्मभूमि पथ पर खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और रामलला के चरणों में शीश झुकाया और यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। **(संबंधित खबर पेज-8 पर)**

## न्यूज डायरी

### पहली बार बदले नियमों के तहत होगी नए सीईसी की नियुक्ति



**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। इस बीच मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने की तारीख भी करीब आ रही है। दिल्ली में मतदान और नतीजों के आने के कुछ दिन बाद ही सीईसी अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में, राजीव कुमार के बाद पहली बार नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति बदले नियमों के तहत होगी। पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भी होते थे। मगर नए कानून में सीजेआई को पैनल से बाहर रखा गया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की नजर अब इसी नए कानून पर होगी। इस कानून की वैधता को चुनौती दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, जो दिसंबर 2023 में लागू हुआ, का पहला उपयोग मार्च 2024 में हुआ था, जब ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। यह नियुक्ति अरुण गोयल के इस्तीफे और अनुप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद हुई थी।

### भारत में पैर पसार रहा चीनी वायरस



**नई दिल्ली।** भारत में नए वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। देश में इसकी संख्या 13 तक पहुंच गई है, वहीं गुजरात में सबसे ज्यादा चार केस की पुष्टि हो चुकी है। इसमें तीन मामले राजधानी अहमदाबाद में सामने आए हैं। इसमे दो नवजात हैं, जिनकी उम्र एक साल से भी कम है। वहीं, संक्रमण का एक मामला 80 वर्षीय बुजुर्ग में भी पाया गया है। अस्थमा से पीड़ित इस मरीज का फिलहाल एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सबसे नया केस सबरकांठा से सामने आया है, जहां एक नौ महीने के बच्चे में संक्रमण की पुष्टि हुई है। ये सभी मामले एक हफ्ते से भी कम समय में सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक, 6 जनवरी को बच्चे को सर्दी, खांसी और सांस लेने में तकलीफ के चलते शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अहमदाबाद नगर निगम ने कहा कि बच्चे का विदेश या अन्य यात्रा का कोई इतिहास नहीं है।

## कन्नौज में रेलवे स्टेशन के पास बन रही बिल्डिंग का लिंटर गिरा

- 40 मजदूर दबे, 24 को बाहर सुरक्षित निकाला गया
- मौके पर पुलिस-प्रशासन के अफसर मौजूद



**कन्नौज।** कन्नौज में बड़ा हादसा हो गया। यहां रेलवे स्टेशन के पास अमृत भारत योजना के तहत एक बिल्डिंग बन रही थी। शनिवार दोपहर करीब 2.20 मिनट में बिल्डिंग का लिंटर गिर गया। हादसे के बाद मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। करीब 40 मजदूर मलबे में दब गए, इसमें 24 मजदूरों को निकाल लिया गया।

घायल मजदूरों में तीन मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किए गए, दो की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर किया गया। जबकि अन्य जिला अस्पताल में ही भर्ती है। तेज धमाके से आसापास के लोग दहल गए। जेसीबी से राहत बचाव का कार्य लगातार जारी है, मौके पर पुलिस-प्रशासन के अफसर मौजूद हैं। एंबुलेंस से सभी घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया गया। कई एंबुलेंस से किया जा रहा बचाव कार्य। तीन जेसीबी मौके पर। एसडीआरएफ भी पहुंची। कटर से काटी जा रहीं सरिया। बीम और लिंटर एक साथ डाले जा रहे थे। बल्ली खिसकने पर उसे संभालने में हुआ हादसा। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया समेत तमाम भाजपा नेता मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुटी है।

## भारत की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा विश्व का सबसे बड़ा मुस्लिम देश

- दुनिया में बढ़ी भारतीय हथियारों की डिमांड
- ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला दूसरा देश हो सकता है इंडोनेशिया




**नई दिल्ली।** विश्व भर में भारत में निर्मित हथियारों की धूम है। इस बीच खबर है कि फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया चीन का दूसरा पड़ोसी हो सकता है जिसके पास भारत निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल की क्षमता हो। ऐसा इसलिए क्योंकि इंडोनेशिया भी इस ब्रह्मोस मिसाइल का मुरीद हो चुका है। दरअसल, भारत और इंडोनेशिया की सरकारों के बीच काफी लंबे अरसे से बातचीत चल रही थी, लेकिन अब वार्ता दूसरे स्तर पर पहुंच गई है। शुरूआत में ब्रह्मोस की कीमत को लेकर चिंतित इंडोनेशियाई सरकार का रक्षा मंत्रालय इस पर बात करने को तैयार हो गया है। जानकारी दें कि भारत की तरफ से भी इंडोनेशियाई पक्ष को इस बात का पूरा आश्वासन दिया गया है कि वह इसकी कीमत को लेकर उसकी संवेदनाओं का पूरा ख्याल रखेगा। भारत बहुत ही आसानी से कर्ज उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी करने को तैयार है। दोनों देशों के बीच इस बारे में बातचीत होने से राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की आगामी भारत दौरे के दौरान गंभीर विमर्श होने की संभावना बन गई है। सुबियांतो इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के राजकीय मेहमान होंगे। 1950 के बाद यह चौथा अवसर होगा जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के गणतंत्र दिवस पर राजकीय मेहमान होंगे। इंडोनेशिया के साथ भारत के बेहद पुराने सांस्कृतिक व ऐतिहासिक संबंध है। बता दें कि हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी की सुबियांतो से द्विपक्षीय बैठक हुई थी। यहां बताते चलें कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत दौरे के बाद मलेशिया की यात्रा पर जाएंगे। हाल ही में पाकिस्तान की मीडिया में यह खबर प्रकाशित हुई थी कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे के बाद सीधे पाकिस्तान जाएंगे। भारत की यह कूटनीति रही है कि वह विदेशी मेहमानों को अपनी जमीन से सीधे पाकिस्तान नहीं जाने का आग्रह करता है।

### सीएम योगी ने खादी महोत्सव का किया उद्घाटन

## अब पूरे देश में यूपी के उत्पादों की धूमः योगी

- पहले हमारे त्योहारों में आता था चीन का जहरीला सामान
- रोजगार से आजादी की लड़ाई तक खादी के योगदान को सराहा




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खादी सिर्फ वस्त्र नहीं, बल्कि भारत का स्वाभिमान है। महात्मा गांधी ने इसे आंदोलन बनाया जिसने आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। चरखे ने देशवासियों को रोजगार का साधन दिया और राष्ट्रीय आंदोलन का महत्वपूर्ण हिस्सा बना। सीएम ने कहा कि पहले त्योहार हमारा होता था और सामान चीन से बिकने आता था, लेकिन आज यूपी का ब्रांड ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) दुनियाभर में धूम मचा रहा है। वे शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक सप्ताह तक चलने वाले खादी महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चीन में बनने वाले उत्पादों में ऐसा जहर होता था कि बच्चे छूते तो बीमार हो जाते थे। बहुत सारे लोगों की आंखों की रोशनी जाने का खतरा रहता था। पर, अब लोग त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। माटी कला बोर्ड के उत्पादों का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि मिट्टी से बने बर्तनों ने थर्माकोल और प्लास्टिक का पर्यावरण अनुकूल विकल्प दिया है। माटी कला उद्योग से जुड़े प्रजापति समुदाय को तालाबों से मुफ्त मिट्टी उपलब्ध कराई जाएगी जिससे वे वर्षभर बर्तन बना सकें। कार्यक्रम में सीएम ने माटी कला के पांच लाभार्थियों को टूलकिट और प्रमाणपत्र भी दिए। इस दौरान सीएम ने एमएमएसई मंत्री राकेश सचान के साथ उत्पादों को देखा। समारोह में प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर सहित कई अधिकारी और कलाकार शामिल हुए। कहा कि यह योजना यूपी की विशिष्ट पहचान बन गई है। हर जिले का एक उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो रहा है। पीएम मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान को यूपी ने पूरे देश में सबसे प्रभावी ढंग से लागू किया है। सरकार ने खादी, माटी कला और अन्य उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए तंत्र विकसित किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन लाभार्थियों को सोलर या इलेक्ट्रिक चाक, चरखा दिए गए हैं, वे अपनी आय का एक हिस्सा बचत के रूप में सुरक्षित रखें।

## देश की जनता को जवाब दें प्रधानमंत्री मोदी : प्रियंका

- भारत के इतिहास में पहली बार एक डॉलर की कीमत 86.4 रुपये हो गई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि रुपये की गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार एक डॉलर की कीमत 86.4 रुपये हो गई है। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गुजरात का मुख्यमंत्री रहने के दौरान दिए गए एक बयान का हवाला देते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इतिहास में पहली बार एक डॉलर की कीमत 86.4 रुपये हो गई है। डॉ. मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल में जब एक डॉलर की कीमत 58-59 रुपये थी, तब नरेन्द्र मोदी जी रुपये की कीमत को सरकार की आबरू से जोड़ते थे। वह कहते थे, मुझे सब मालूम है। किसी देश की करेंसी ऐसे गिर नहीं सकती कांग्रेस नेता ने कटाक्ष किया, आज वह खुद प्रधानमंत्री हैं और रुपये की गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। उन्हें देश की जनता को जवाब देना चाहिए।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया

## पांच फरवरी को आपदा से मिलेगी दिल्ली को मुक्ति : अमित शाह

- बीजेपी ने झुग्गिवासियों की समस्याओं की एक सूची बनाई
- हमने गरीब कल्याण के सारे काम 10 साल में धरातल पर किए हैं : केंद्रीय गृहमंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया। अमित शाह ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, दिल्ली को आपदा से मुक्त करने का समय आ गया है। 5 फरवरी को आपदा मुक्ति दिवस है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का घोषणा पत्र पत्थर की लकीर है। अमित शाह ने कहा, दिल्ली को आपदा से मुक्ति दिलाना झुग्गियों की जिम्मेदारी है।

हमने आपकी सभी जरूरतों की सूची बनाकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी को सौंप दी है। जैसे ही हम जीतेंगे, हम आपकी सभी समस्याओं को दूर कर देंगे। उन्होंने कहा, हमारे घोषणापत्र में आपकी सभी जरूरतें होंगी और यह आप के घोषणापत्र जैसा नहीं होगा और उसे पूछा किया जाएगा। आप दिल्ली के मुक्तिदाता हो सकते हैं। 5 फरवरी को आप-दा से मुक्ति का दिन है। गृह मंत्री ने कहा, अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लिए आप-दा हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा करके लोगों को धोखा दिया है, जबकि वह खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि देश ने तरक्की की है लेकिन दिल्ली अभी भी विकास का इंतजार कर रही है. सड़कें गड्ढों से भरी हैं, हवा प्रदूषित है, यमुना का जल प्रदूषित है। केजरीवाल ने अन्ना, पंजाब और दिल्ली के लोगों के साथ विश्वासघात किया है। हमने यह करके दिखाया है, हमने गरीब कल्याण के सारे काम 10 साल में धरातल पर किए हैं। उन्होंने कहा, हमने साढ़े तीन करोड़ गरीबों को घर दिया।



## रमेश बिधूड़ी होंगे बीजेपी के सीएम उम्मीदवारः केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा के सूत्रों ने उन्हें बताया है कि आने वाले एक या दो दिनों में रमेश बिधूड़ी के नाम की आधिकारिक घोषणा भाजपा के सीएम चेहरे के रूप में की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं रमेश बिधूड़ी को बीजेपी का सीएम चेहरा बनने पर बधाई देता हूं। रमेश बिधूड़ी को बताना चाहिए कि उन्होंने सांसद रहते हुए दिल्ली के विकास के लिए क्या किया। दिल्ली के लिए उनका दृष्टिकोण क्या है? केजरीवाल ने कहा कि उनके नाम की आधिकारिक घोषणा के बाद दिल्ली की जनता के सामने बीजेपी और आप के सीएम उम्मीदवारों के बीच बहस होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि आप सांसद संजय सिंह ने जो खुलासे किए हैं वो बेहद चौंकाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि नई वोट बनाने के लिए दिसंबर और जनवरी महीने में कैबिनेट मंत्रियों और गाली-गलैज पार्टी के सांसदों के आवासों से आवेदन दाखिल किए गए थे। बीजेपी ने उन्होंने पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है और वे चुनाव नहीं लड़ते, वे केवल बेईमानी करते हैं।



केजरीवाल का दावा

## कपिल मिश्रा को टिकट

### भाजपा ने जारी की 29 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार रात को 29 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कपिल मिश्रा को करावल नगर से टिकट दिया है। भाजपा ने अब तक 58 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।



नरेला से राज करण खत्री, तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री, मुंडका से गजेंद्र दराल, किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर माजरा (अजा) से कर्म सिंह कर्मा, शकूर बस्ती से करनैल सिंह, त्रि नगर से तिलक राम गुप्ता, सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल, चांदनी चौक से सतीश जैन, मटिया महल से दीप्ति इंदौरा, बल्लीमारा से कमल बागड़ी, मोती नगर से हरीश खुराना, मादीपुर (अजा) से उर्मिला कैलाश गंगवाल, हरिनगर से श्याम शर्मा, तिलक नगर से श्वेता सैनी, विकासपुर से पंकज कुमार सिंह, उत्तम नगर से पवन शर्मा, द्वारका से प्रद्युम्न राजपूत, मटियाला से संदीप सहरावत, नजफगढ़ से नीलम पहलवान, पालम से कुलदीप सोलंकी, राजिंदर नगर से उमंग बजाज, कस्तूरबा नगर से नीरज बसोया, तुगलकाबाद से रोहतास बिधूड़ी, ओखला से मनीष चौधरी, कोंडली (अजा) से प्रियंका गौतम, लक्ष्मी नगर से अभय वर्मा, सीलमपुर से अनिल गौड़, करावल नगर से कपिल मिश्रा। भाजपा ने इससे पहले भी 29 उम्मीदवारों का एलान किया था। जिसमें पार्टी ने प्रवेश वर्मा को नई दिल्ली विधानसभा सीट से उतारा था।

### 5 फरवरी को दिल्ली में चुनाव

दिल्ली में 5 फरवरी को मतदान होने हैं, जिसके परिणाम 8 फरवरी को आएंगे। यानी 8 फरवरी को पता चल जाएगा कि दिल्ली की सत्ता इस बार किसके हाथ में होगी।

# ज़िले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पीडीए पंचायतों का आयोजन करेगी समाजवादी पार्टी

**अवधनामा संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी 27 जनवरी से ज़िले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पी डी ए पंचायतों का आयोजन करेगी उपरोक्त जानकारी समाजवादी पार्टी के खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने लोहिया भवन में आयोजित पार्टी की मासिक बैठक में दी। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों की उपेक्षा कर रही है, उनका अकारण उत्पीडन किया जा रहा है, उन्हें संविधान से प्रदत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है द्य अगामी 27 जनवरी से ज़िले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में पी डी ए की आयोजित की जाने वाली पंचायतों में समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार किया जाएगा साथ ही बी जे पी सरकारों द्वारा पी डी ए के लोगों पर किए जाने वाले अत्याचारों का भंडाफोड़ किया जाएगा। उन्होने कहा कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए आज से ही काम शुरू कर दे बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पी डी ए की पंचायतों में दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक को एकजुट करें, सपा की नीतियों का प्रचार प्रसार करें और पंचायतों में उनके अधिकारों की रक्षा करने की बाबत चर्चा करें। बैठक का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया बैठक को पूर्व एम एल सी शशांक यादव, पूर्व सांसद दाऊद अहमद, पूर्व विधायकों में विनय तिवारी, रामशरण, सुनील लाला, डॉ आर ए उस्मानी, प्रीतेद्र सिंह कक्कू, पूर्व जिला अध्यक्ष मो कयूम खान,अनुराग पटेल, गुरुप्रीत सिंह जार्जी, हिमांशु पटेल, आर पी चौधरी, नरेश यादव ने भी बैठक को सम्बोधित किया।बैठक में भूपेंद्र सिंह, अशोक वर्मा, शेखू मिर्ज़ा, रघुवीर सिंह यादव, विजय पाठक, अनस रशीद, सर्दुल सिंह, अशोक कश्यप, जेड ए उस्मानी, गुरु प्रीत सिंह नन्नर, संजीव कुमार, आकाश गुप्ता, काशी विश्वनाथ तिवारी, भूपेंद्र वर्मा, सगीर आलम, उदयभान सिंह, लल्लन वर्मा, जफ़र अहमद टीटू, ललित पाल, प्रीतम वर्मा, अताउर रहमान, शेखावत अली, राघवेन्द्र गौतम, गुरुप्रीत सिंह, उमाशंकर यादव, जावेद अख्तर, भंडारी यादव, शेरसिंह यादव, अशोक वर्मा, सुरेश पाल यादव, जगदीश प्रशाद, नेत्र प्रकाश, सोहराब गौरी, इकरार अहमद, शब्बीर बाबा, रामजीवन, भरत लाल, विमल राज, अंजली सिंह, प्रभात गुप्ता, संदीप यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े बुजुर्ग दंपत्ति से की गई 29 हजार रुपए की लूट

**अवधनामा संवाददाता**



**लखीमपुर-खीरी।** मैगलगंज क्षेत्र के औरंगाबाद चौराहे पर बाइक सवार लुटेरों द्वारा बुजुर्ग दंपत्ति से की गई 29 हजार रुपए की लूट के मामले को पुलिस संदिग्ध मान रही है जबकि पीड़ित दिनदहाड़े हुई लूट की घटना के बाद चौकी थाने के चक्कर काट रहा है। औरंगाबाद चौकी क्षेत्र के ढखौरा गांव निवासी 73 वर्षीय बुजुर्ग राजपाल सिंह की सदरी में रखे 29 हजार रुपए गुरुवार को बाइक सवार लुटेरे छीनकर फरार हो गए थे। दिनदहाड़े रामलला चौराहे पर हुई इस वारदात के बाद उन्होंने औरंगाबाद चौकी पुलिस को लिखित तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। बुजुर्ग राजपाल सिंह ने बताया कि उसने अपनी सामर्थ्य अनुसार लुटेरे को पकड़ने के लिए उसकी बाइक तक उसका पीछा भी किया था। लूट की सूचना के बाद औरंगाबाद चौकी प्रभारी अनूप मिश्रा ने घटनास्थल के अलावा बैंक जाकर तफ्तीश की थी, लेकिन पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही थी। वारदात के अगले दिन बुजुर्ग राजपाल फिर से चौकी पहुंचा जहां मौजूद प्रभारी निरीक्षक रमेश पाण्डेय ने पीड़ित को तहरीर देने के लिए कहा जिस पर पीड़ित ने थाने जाकर दोबारा तहरीर दी। इससे पूर्व वह चौकी औरंगाबाद पुलिस को तहरीर देने की बात कह रहा था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखीमपुर-खीरी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न जय जवान जय किसान का नारा बुलंद करने वाले हरित क्रांति के पुरोधा स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कई जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ इसी कड़ी में कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी गोला छोटी काशी में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से सुधीर शुक्ला ने शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि उनके बनाए हुए रास्ते पर हम सबको चलना है कार्यवाहक जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि हरित क्रांति एवं जय जवान जय किसान का नारा बुलंद करने वाले भारत को हरित क्रांति की तरफ बढ़ावा देने वाले प्रधानमंत्री ने दुनिया को आत्मनिर्भर बनने के लिए संदेश दिया, कार्यक्रम में रामकुमार वर्मा, अजय शुक्ला उर्फ गुड्डू, प्रेम कुमार वर्मा, राकेश विश्वकर्मा योगेंद्र विक्रम सिंह पटेल प्रेमचंद राठौर, प्रदीप सिंह रघुनायक, अध्ययन पटेल, नंदकिशोर वर्मा, शेर सिंह पटेल सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0नं0 4518/22, अ0सं0 324/22 धारा 60(2) आबकारी अधि0 में वारंटी अभियुक्त ओमकार पुत्र रामस्वरुप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## पुलिस ने किया आरोपियों का कुर्क सामान वापिस

**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने छह वर्ष पूर्व लड़की को भ-ाकर ले जाने के मामले में नामजद आरोपियों द्वारा कोर्ट में आत्म समर्पण कर जमानत करा लेने के बाद आज कुर्की किया -या सामान आज उनके परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रामपुर मनिहारान क्षेत्रान्त-र्ा-त -ांव तुरमत खेड़ी निवासी परवेज व मुनव्वर पुत्र रूकम के खिलाफ वर्ष ़0अ् में कोतवाली रामपुर मनिहारान में लड़की भ-ाकर ले जाने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया -या था। मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों आरोपी परवेज व मुनव्वर फ्ररार हो -ए थे। पुलिस द्वारा उनकी ि-रफ्तारी के लिए उनके घर पर नोटिस भी चस्पा कराया -या था, परन्तु दोनों भाईयों के ि-रफ्तार न होने पर उनके घर पर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की थी। अब कुछ दिन पहले दोनों आरोपियों ने कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया तथा न्यायालय से अपनी जमानत करा ली थी।

# पुलिसिया जुल्म अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही है : स्वामी प्रसाद मौर्य

**अवधनामा संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** मझगई थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में रामचंद्र की मौत के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यूपी में जंगलराज कायम है। पुलिस बेलगाम है। पुलिस की गुंडागर्दी जनता पर भारी पड़ रही है स्वामी प्रसाद मौर्य शनिवार दोपहर गांव हुलासी पुरवा पहुंचे और मृतक रामचंद्र मौर्य के परिवारजन से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी ली। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि पुलिस हिरासत में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। रामचंद्र की मौत पुलिस को कटघरे में खड़ी कर रही है पूर्व मंत्री ने कहा कि यदि रामचंद्र शराब बना रहा था तो उसके पास न शराब बरामद हुई और न ही शराब बनाने के उपकरण मिले। पुलिस ने शराब का बहाना लेकर उसे मौत के घाट उतार दिया। उसके शराब बनाने की कहानी मनगढ़ंत है स्वामी प्रसाद ने कहा कि पिछड़ों, अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति अल्प संख्यकों के साथ दुर्व्यवहार पूर्ण व्यवहार कर रही है। इन हत्याओं को लेकर योगी सरकार मौन है। वह झूठी वाहवाही लूट रही है। पूरे प्रदेश में गरीबों पर कहर बरपाया जा रहा है। पुलिसिया जुल्म अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है। गुंडाराज का नंगानाच हो रहा है। दबंगों की गोली का शिकार लोग हो रहे हैं, जो बच जाते हैं वह पुलिसिया अत्याचार का शिकार हो जाते हैं महाकुंभ पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि योगी जी, कुंभ में हजार करोड़ों रुपया बहाने में लगे हैं। महाकुंभ ऐतिहासिक और प्राचीन मेला है। भाजपा घूम-घूमकर न्योता बांटकर नौटंकी कर रही है, जबकि कोई त्योहार या पर्व आस्था का विषय है। जहां आस्था का विषय होता है, वहां न्योता नहीं बांटा जाता गांव हुलासीपुरवा निवासी रामचंद्र की मौत पुलिस हिरासत में हो गई थी। पुलिस ने उस पर अवैध तरीके से शराब बनाने के आरोप में कुछ दिन पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। परिजनों ने पुलिस की पिटाई से रामचंद्र की मौत होने का आरोप लगाया। इस घटना को लेकर जमकर बवाल हुआ। मझगई थाने के इंस्पेक्टर ने पूरे गांव को जेल भेजने की धमकी दी थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ सामने आया था, जिसमें वह मृतक के परिजनों पर भड़कते नजर आ रहे हैं। सीओ कहते हैं कि न मझगई थानाध्यक्ष सस्पेंड होगा और न निघासन न ही 30 लाख रुपये देंगे। सीओ ने आगे कहा कि जितने दिन रखना है डेड बॉडी को रख लो। हम यहां से जा रहे हैं, जो करना है कर लेना। पुलिस की कार्यशैली को लेकर परिजनों में आक्रोश है।

# रामचंद्र की मौत के मामले में पुलिस की लापरवाही की जांच शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** मझगई थाना क्षेत्र के गांव हुलासीपुरवा निवासी रामचंद्र की मौत के मामले में पुलिस की लापरवाही की जांच शुरू हो गई है। नवागत एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि अगर जांच में पुलिस की लापरवाही साबित होती है तो कार्रवाई होगी। रामचंद्र की मौत के मामले में परिजन पुलिस पर पिटाई का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण साफ नहीं हो पाया। डॉक्टर ने बिसरा सुरक्षित किया है। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने पंचनामा मनमाने तरीके से भरा है। वह पुलिस पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहे थे। अपनी मांगे मनवाने के लिए परिजनों ने हाईवे जाम करने की कोशिश की। मझगई एसओ ने चेतावनी दी कि वह ग्रामीणों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करेंगे। उनका ये वीडियो बना और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार करने में आनाकानी की। सीओ धौरहरा ने कहा कि कोई कार्रवाई नहीं होगी। मुआवजा भी नहीं मिलेगा। शव को वह जितने दिन चाहे, उतनी दिन रख ले। सीओ का भी यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिससे पुलिस की कॉफी किरकिरी हुई। नवागत एसपी संकल्प शर्मा ने पूरे मामले पर संज्ञान लिया है। उन्होंने पूरे मामले में जांच के आदेश दिए हैं। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि अगर जांच रिपोर्ट में यह साफ हुआ कि पुलिस ने लापरवाही की है।

## महिला को ट्रैक्टर से कुचलने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** नकुड़ कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर से कुचलकर महिला की हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। नकुड़ कोतवाली प्रभारी अविनाश गौतम ने बताया कि वि- त् अल दिसंबर को वादी ज-दीप पुत्र जयदेव निवासी ग्राम टाबर थाना नकुड की तहरीर पर काला, तासीन, वाजिद पुत्र मामूदीन व तालिब पुत्र मामूदीन निवासी- ण ग्राम पभारी थाना जठलाना जनपद यमुनानगर हरियाणा के खिलाफ वादी के साथ मारपीट कर जाने से मारने की धमकी देते हुए गाली-लौच करने, वादी की माँ के ऊपर जानबूझकर ट्रैक्टर चढ़ा देने तथा वादी की माँ की मृत्यु हो जाने तथा जान से मारने की नियत से वादी व वादी के चाचा के ऊपर भी ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास करने के मामले में नकुड़ कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में पुलिस काला व तालिब को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने साल्हापुर अड्डे के पास से एक अन्य आरोपी वाजिद को गिरफ्तार कर लिया।

# जो आखों में जल उठी हैं वो ख्वाहिशें भी शुमार करना जो मेरे हिस्से में आई हैं वो अज़ीयते भी शुमार करना

**अवधनामा संवाददाता**



**सहारनपुर।** कमिश्नरी की सरगर्म सोशल तंजीम जागरूक महिला संस्था परचम द्वारा परचम कार्यालय पर मुंबई से आई डॉक्टर सैयदा तबस्सुम नाडकर लेखिका साहित्यकार कवित्री के सम्मान में एक सम्मान समारोह व शेअरी महफिल का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ शमा रौशन करके किया गया। सभी शायरों का माला अर्पण किया गया मुंबई से आई मुख्य अतिथि तबस्सुम नादकार को शाल ओढ़आकर वा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया संचालन खुर्रम सुल्तान ने व अध्यक्षता हारून साबिर ने की। मेहमानों को जो अशआर बहुत पसंद किए गए उनका विवरण इस प्रकार है

जमी और फ़लक साथ मांग बैठा हूं
मैं बेखुदी में तेरा हाथ मांग बैठा हूं।

*फ़राज़ अहमद*

हर फिक्र से आजाद थे जिसमें कभी दानिश
बचपन वह पलट कर अगर आ जाए तो अच्छा
कुटिया का वो बुझता दीप मेरा हिस्सा
महफ़िल की हर शम्मा फिरोजा तेरे नाम।

*दानिश कमाल*

यह और बात है कि मैं खुद ही अपनी हद में रहा
यह और बात के वह मेरी दस्तरस में रहा

*अरशद कुरैशी*

मेरा यह ख्याल के तारूफ कराऊ उसका
यह और बात कि सब उसे पहले से जानते है

*फैयाज नदीम*

तुझसे क्या खुद से भी अब दूर है हम
जितने मुखतार थे उतने ही मजबूर हैं हम

*हारून साबिर*

मेरी तन्हाई पर रोते हुए बोली मुझसे
छोड़कर मुझको बताओ तो कहां थे कल शब ।

*आदील ताबिश*

मैं हूं पाक़ीज़ा गुनहगार न समझा जाए
एशो इशरत का तलबगार ना समझा जाए

*तलत सरोहा*

मैं रही इश्क की उन मंजिलों में हूं के जहां
तेरा विसाल तो क्या हिज्र भी मजा देगा

*खुररम सुल्तान*

जो आखों में जल उठी है वो ख्वाहिशें भी शुमार करना
जो मेरे हिस्से में आई हैं वो अज़ीयते भी शुमार करना

*तबस्सुम नाडकर*

मेरे मौला मेरे ईमान को हरारत देना
फिर इस दुनियाये फ़ नि की खिलाफत देना

*नुसरत परवीन*

दुआओं मे खुदाया तू मेरी इतना असर कर दे
मिटा दूं मैं मोहब्बत पर लगी हर एक बंदिश को

*सूफिया ज़ैदी*

उसकी नज़रों ने कई बार गुजारिश की है
तब कहीं दिल ने मेरे उस पे नवाजिश की है
डॉक्टर कुदसिया अंजुम
ज़मीन पे कैसे वो एक इंकलाब ल। देता
जो हर क़दम पे सहारे तलाश करता है

*एडवोकेट सैयद रौनक शेरकोटी*

महफिल में डॉक्टर अयूब, अखलाक, अनीस एडवोकेट अस्मा,बुशरा, साजिदा शाहिद सानिया नाजिया खलीक अहमद अब्दुस समद साजिद आदि मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं को हल कर प्रधानमंत्री कराये आंदोलन को समाप्त : वर्मा

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भ-त सिंह वर्मा ने कहा कि किसान नेता सरदार ज-जीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को लद्य दिन होने के बावजूद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अन्नदाता किसानों से मिलने और उनकी समस्या हल करने का समय नहीं है। भगत सिंह वर्मा आज खनौरी बोर्डर किसान आंदोलन से लौटकर पत्रकारो से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को सत्ता नहीं चाहिए। किसानों को तो उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य चाहिए। उन्होने एमएसपी को लाभ कारी बनाकर गारंटी कानून बनाने, किसानों के सभी कर्ज समाप्त कराने। मनरे-ा योजना को सीधा खेती से जोड़कर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराने, डॉएमएस स्वामीनाथन आयो- की रिपोर्ट को लागू करने, ग्रद्व वर्ष से अधिक उम्र के किसान, मजदूर, बुजुर्गो को वृद्धावस्था पेंशन अ0000 रूपये प्रति माह दिलाने की मांग की।

# पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, 5 किए गिरतार

**अवधनामा संवाददाता**



**आगरा।** थाना डौकी पुलिस टीम व सर्विलांस सेल पूर्वी जोन द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुये चोरी की घटना का खुलासा किया गया। घटना में संलिप्त 5 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तगण के कब्जे से 2 अदद मोटर, 7 अदद मोटर के कवर के टुकड़े व चोरी का 8 किलोग्राम तांबा का तार बरामद किया गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दिनांक 18.10.2024 को पीड़ित सत्यभान द्वारा थाना डौकी पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 06.10.2024 की रात्रि में कुछ अज्ञात चोरो द्वारा मेरी फ्यूटर क्राफ्ट फैक्ट्री से ट्रैक्टर व मयूरी की छः बैटरी, मशीनो की मोटर व पार्टस, जनरेटर का आल्टीनेटर एवम् मशीनो के अन्य पार्टस चोरी कर लिये गये है। वही उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना डौकी पर मु.अ.सं. 151/24 धारा 305 (ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया। दिनांक 10.01.2025 को थाना डौकी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान चैकिंग पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि मुकदमा उपरोक्त में सम्बन्धित अभियुक्तगण चोरी किये हुये माल को कहीं बेचने के लिये वाजिदपुर की तरफ जा रहे है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये वाजिदपुर चौराहे से 5 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 2 अदद मोटर, 7 अदद मोटर के कवर के टुकडे व 8 किलोग्राम तांबा का तार बरामद किया गया। बरामदा माल के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्तगण द्वारा अपना नाम क्रमशः रामकुमार, अजय व रोहित उर्फ नेकसे, नरेश व गोपाल बताया गया। पुलिस टीम द्वारा बरामदा माल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तगण द्वारा एक साथ एक स्वर में बतया गया कि उक्त माल चोरी का हैं जिसे अभियुक्तगण द्वारा 6.10.2024 की रात्रि ग्राम कछपुरा की फ्यूटर क्राफ्ट फैक्ट्री से चुराया गया था। कुछ माल को अभियुक्तगण द्वारा गाँव मे आने वाले कबाडियो को बेच दिया गया था जिनके नाम व पते के बारे में अभियुक्तगण को कोई जानकारी नहीं है। शेष बचे हुए माल को अभियुक्तगण फतेहाबाद बेचने जा रहे थे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

## जिलाधिकारी ने किया जीजीआईसी में निर्माणाधीन कार्यों का औचक निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत जनपद के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में स्टेडियम कम प्ले-ग्राउंड एवं अ00 सीटेड खिलाड़ियों के बैठने हेतु निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान फिनिशिं कार्य ुणवत्तापूर्ण न होने पर नाराजगी जतायी। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम मेरठ को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बाथरूम एवं रसोई घर में एग्जॉस्ट सिस्टम लगाने के साथ ही दरवाजों के मध्य मानक के अनुसार उचित दूरी रखी जाए। कोई भी टाइल्स टूटी न रहे। भवन हस्तांतरित करने से पहले संबंधित फर्म सभी कमियों को दूर करे अन्यथा भुगतान में कटौती की जाएगी। स्टेडियम की कुर्सियों में उचित दूरी रखी जाए। आपातकाल निकासी की स्थिति सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# कंगना रनौत केस में कोर्ट ने थाने से मांगी आख्या, 8 फरवरी को आ सकता है फैसला

**अवधनामा संवाददाता**



**आगरा।** स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-7 अनुज कुमार सिंह ने भाजपा सांसद और सिने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ दायर वाद में न्यू आगरा थाने से रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 8 फरवरी नियत करते हुए न्यू आगरा पुलिस से कहा है कि वह कंगना के खिलाफ दी गई गवाही, सबूतों और बयानों की जांच कर कोर्ट को रिपोर्ट दे। थाना पुलिस को यह रिपोर्ट 29 जनवरी तक देनी होगी। भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ वरिष्ठ अधिवक्ता और राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमा शंकर शर्मा एडवोकेट ने दायर किया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि कंगना ने अपने बयानों से आंदोलनकारी किसानों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी समेत शहीदों का अपमान किया है। 11 सितंबर 2024 को दायर हुए इस वाद में कंगना रनौत को कोर्ट ने तीन बार नोटिस भेजकर कहा कि मुकदमे के बारे में वे स्वयं अथवा अपने वकील के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहती हैं अथवा मुकदमे की सुनवाई कराना चाहती हैं। 12 अक्तूबर, 7 दिसंबर और 13 दिसंबर को जारी किए गए ये नोटिस कंगना रनौत को उनके मनाली और दिल्ली स्थित पते पर रिसीव भी हो गए, लेकिन वे न तो स्वयं कोर्ट में आई और न ही अपना अधिवक्ता ही भेजा। विगत 18 दिसंबर को वादी रमाशंकर शर्मा के बयान लेने के बाद कोर्ट ने नौ जनवरी की तिथि आदेश के लिए तय की थी। कंगना नौ जनवरी को भी कोर्ट में नहीं आई। न्यायालय ने आज न्यू आगरा थाने की पुलिस को आदेश दिया कि वे इस वाद में सारे तथ्यों की जांच कर 29 जनवरी तक कोर्ट में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। आठ फरवरी को होने वाली अगली सुनवाई में कोर्ट न्यू आगरा पुलिस द्वारा भेजी जाने वाली जांच रिपोर्ट पर गौर करने के बाद ही कोई आदेश सुनाएगी।

# कुशीनगर में बिना शादी के किशोरी बनी मां, गांव के युवक पर दुष्कर्म का केस

अवधनामा ब्यूरो



बच्चे के साथ किशोरी

- केस दर्ज करने के 16 दिन बाद भी पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ी

**कुशीनगर।** जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक किशोरी बिना शादी के ही बच्चे को जन्म दिया है। मामला नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। किशोरी के साथ मार्च में गांव का एक युवक दुष्कर्म कर दिया। धमकी दिया कि अगर किसी से बताई तो तुम्हारे माता-पिता को जान से मार दूंगा। इस डर से किशोरी घर वालों से कुछ नहीं बताया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है, लेकिन केस दर्ज होने के 16 दिन बीत गए अभी तक आरोपी को पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। शिकायत के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने से परहेज कर रही है। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी मार्च 2024 को रात में शौच के लिए बाहर निकली थी। इस दौरान पड़ोसी युवक विजय ने उसे अकेला देख उसे पकड़ लिया और मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने बताया कि आरोपी ने धमकी दी कि अगर किसी से बताया तो तुम्हारे माता-पिता को जान से मार दूंगा। इसके डर से उसने घर वालों को कुछ नहीं बताया। कुछ माह बाद किशोरी का तबीयत खराब हुई तो बीमारी समझकर घर वाले उसका इलाज एक निजी चिकित्सक के यहां कराते रहे। आठवें महीने में घर वालों को इसकी जानकारी हुई तो वे थाने पर पहुंचे और इसकी शिकायत की। तबसे वह कार्रवाई के लिए चक्कर लगा रहे हैं। 27 दिसंबर को किशोरी ने बच्ची को जन्म दिया तो इसकी जानकारी बाहर रहकर काम कर रहे पिता को हुई। वह घर पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के बजाए सुलह के लिए दबाव बनाने लगी है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक दबंग और प्रभावशाली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

# कुंवर सुदर्शन सिंह जादौन की पुण्यतिथि पर ग्राम विकास मेला समूह संवाद

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** बुंदेलखण्ड महापरिषद के संस्थापक कुंवर सुदर्शन सिंह जादौन की सातवीं पुण्यतिथि के दो दिवसीय कार्यक्रम में समूह संवाद, पोषण रस एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक सहयोग, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक उत्थान की भावना को मजबूत करने का एक अद्भुत उदाहरण रहा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने कहा, स्वर्गीय सुदर्शन सिंह जादौन का जीवन साहित्य एवं समाज के प्रति सेवा और समर्पण का प्रतीक है। यह आयोजन उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का सशक्त प्रयास है। पूर्वजो के आदर्शो पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि है। पुलिस उपाधीक्षक उरई अर्चना सिंह ने कहा, इस प्रकार के आयोजन समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समूह की महिलाओं से कहा कि अपने पति को चाबी देने से पहले हैलमेट दे। समाजसेविका शशि सोमेन्द्र सिंह ने सुदर्शन सिंह बाबूजी के साहित्य और सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा, उनकी समाज सेवा की प्रेरणा हमें हमेशा आगे बढ़ने की ताकत देती है। नेहरू युवा केंद्र की सेवानिवृत्त अधिकारी अर्चना सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ऐसे कार्यक्रम सामूहिक प्रयासों की शक्ति को प्रदर्शित करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

समूह से जुड़ी क्रांति पटेल को मुख्य अतिथि ने नारियल शाल सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से समूह संवाद किया सामुदायिक उत्थान और महिला सशक्तिकरण के विषयों पर गहन चर्चा।

## सपा अल्पसंख्यक सभा की मासिक बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष कमल हसन के आवास पर बैठक संपन्न हुई प्रभारी जिला उपाध्यक्ष चांद खान ने पीडीए पर जोर देने की चर्चा की और अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि सभी पदाधिकारी 50-50 वोट बढ़ाएं और इसी के साथ, हनीफ अल्पसंख्यक सभा का सचिव मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष जी ने कहा की जो पदाधिकारी निष्क्रिय रहेंगे उनको पदमुक्त कर दिया जाएगा और नए पदाधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। इस अवसर पर, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान महानगर अध्यक्ष कमल हसन जिला महासचिव मुजाहिद अंसारी,महानगर उपाध्यक्ष, खुर्शीद अहमद,जिला उपाध्यक्ष फैजान खान, नईम खान, चांद खान, कोषाध्यक्ष, आरिफ खान, जिला सचिव, सलमान खान, विधानसभा अध्यक्ष,राजा खान नगर अध्यक्ष, नफीस खान, मोहम्मद अज्जू, आफताब अली, नसीम खान, इरफान अली, हनीफ अंसारी, रिजवान खान आदि लोग उपस्थित रहे।

## कल्लू महंत के निधन पर शोकसभा आयोजित

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर के प्राचीन छोटी माता मंदिर के महंत व मां नवदुर्गा सेवा समिति के संस्थापक कल्लू महंत के निधन पर मां नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में शोक सभा संपन्न हुई। जिसमें उन्हें याद कर श्रृद्धांजलि दी गई। मां नवदुर्गा सेवा समिति के संस्थापक व नगर के प्राचीन छोटी माता मंदिर के महंत कल्लू महंत के निधन पर समिति के द्वारा शोक सभा का आयोजन एक गेस्ट में किया गया। शोकसभा के दौरान समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव ने कहा कि महंत जी ने नगर में धार्मिक आयोजनों की देखरेख के लिए मां नवदुर्गा सेवा समिति की स्थापना कराई थी। जिसके तत्वावधान में कई सफल धार्मिक आयोजन संपन्न हो चुके हैं। नगर में चुनरी यात्रा की शुरूआत भी कल्लू महंत द्वारा शुरू कराई गई। जिसमें प्रतिवर्ष सैंकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु शामिल होते हैं। शोकसभा में उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर दुखी परिवार को धैर्य प्रदान करने एवं दिवंगत की आत्म शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, चौकी मंदिर के पुजारी काजू महाराज, गल्ला मंडी पुजारी प्रदीप महाराज, द्वारकाधीश मंदिर पुजारी श्याम महाराज, छोटी माता मंदिर पुजारी दीपक महंत, लोकेश महंत, शंकर महंत, बंबई वाले राधाकृष्ण मंदिर पुजारी विनोद महाराज, काली माता मंदिर पुजारी पवन महाराज, कोतवाली मंदिर पुजारी गौरव महाराज, कपिल सोनी पत्रकार, समेत समिति के श्यामजी गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव, सतीश भगत, संदीप अग्रवाल, दीपक पाटकर, श्याम गुप्ता, सौरभ गुप्ता, पप्पू राठौर, राहुल साहू, अनुराग सक्सेना, राजू छोले, सचिन कुमार, अंकुर महाराज, धीरज साहू, दीपू लाला, गोपाल विश्नोई, श्याम विश्नोई, बालमुकुंद चौरसिया, महेंद्र कुशवाहा, अनिकेत राठौर, नीरज राठौर आदि मौजूद रहे।

## मौला अली के जन्मदिन पर होगा कंबल का वितरण

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मौला ए क़ायनात हज़रत इमाम अली अ.स. के जन्मोत्सव पर कल दिनांक 12 जनवरी दिन रविवार को दिन मे 12 बजे ग्राम सिकंदरपुर में हुसैनी सोशल फ्रंट की जानिब से सै. मसरूर आलम ज़ैदी एडवोकेट के संयोजन मे कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे मुख्य अतिथि के रूप जनाब नदीम साहब सूचना आयुक्त एवं जनाब साधू वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप मे जनाब के डी मिश्रा बार एशोसियेशन अध्यक्ष उपस्थित रहेगें।

## विक्रम ने दौड़ में जीता गोल्ड मेडल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** युवा खेल कूद महासंघ की ओर से 4 जनवरी से 6 जनवरी तक आगरा में आयोजित 8वां ओपन नेशनल गेम्स 2025 का आयोजन किया गया। देश भर के छह राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया। नेशनल प्रतियोगिता में मेडल टैली में सबसे अधिक मेडल जीतकर उत्तर प्रदेश पहले राजस्थान दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रतियोगिता में अमेठी के अरगंवा जामों के निवासी विक्रम ने 1500 मी दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

# बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की दूरदर्शिता ने आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को आकार दिया था : विजयलक्ष्मी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भाजपा मण्डल सलेमपुर द्वारा नगर स्थित गोकुल मैरेज हाल मे संविधान गौरव अभियान के कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव कि अध्यक्षता मे किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यशाला मे राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि भाजपा संगठन ने संविधान गौरव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान का उद्देश्य जनता को बाबा साहब के संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान और कांग्रेस के द्वारा उनके साथ किए गए छल के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की दूरदर्शिता ने आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को आकार दिया था। भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक दूरदर्शी नेता, समाज सुधारक और विद्वान थे। जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार दिया। कार्यक्रम संयोजक शेषनाथ भाई ने कहा कि यह संविधान गौरव अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। इसके माध्यम से भाजपा देश के आम नागरिकों को संविधान की महत्ता और डॉ. अंबेडकर के योगदान से अवगत कराएगी। जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल ने कहा कि संविधान हर भारतीय की समानता और अधिकारों का प्रतीक है, और इसे लेकर जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है।इस कार्यशाला के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों से संविधान और बाबा साहब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा का यह कदम डॉ. अंबेडकर की विचारधारा और उनके द्वारा बनाए गए संविधान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह बबलू ने कहा कि देश का संविधान पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचकर भाजपा की नीतियां एवं सरकार की योजनाओं बताएंगे। मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव ने सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पुरे मनोयोग से कार्यक्रम को सफल बनावे। कार्यक्रम को बृजेश उपाध्याय, कन्हैया लाल जायसवाल, ओमप्रकाश यादव, बचनदेव गोंड, अमरदत्त यादव, अशोक तिवारी, धनंजय चतुर्वेदी, अखिलेश कुमार ने भी सम्बोधित किया। उक्त अवसर पर अमरनाथ सिंह, आशुतोष तिवारी, प्रदीप गोंड,अजय दूबे वत्स, अनूप उपाध्याय, अवधेश यादव, विनोद ठठेरा, प्रकाश पाण्डेय, दीपक श्रीवास्तव, अनिल ठाकुर, विनय पाण्डेय, उमाकांत मिश्र, रमाकांत मिश्र, कमलेश यादव, नागेंद्र गुप्ता, लल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।

## विश्व हिंदी दिवस पर दिवंगत साहित्यकार की पत्नी का अभिनंदन, यादों का पोस्टकार्ड स्मारिका निकाली गई




**अमेठी/मुंशीगंज अवधनामा संवाददाता।** विश्व हिंदी दिवस पर साहित्य प्रेमियों ने ख्याति लब्ध साहित्यकार डा कामता कमलेश का जन्म दिन कवि गोष्ठी के साथ मनाया। यादों का पोस्टकार्ड -स्मारिका का विमोचन किया गया। अवधी साहित्य संस्थान की ओर से दिवंगत साहित्यकार डॉ कामता कमलेश की पत्नी शांति देवी का अभिनन्दन किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि कुड़वा ग्राम के सम्भ्रांत परिवार में जन्मे अमेठी रत्न विश्वयात्री डॉ कामता कमलेश की साहित्य साधना ज्योति देश-दुनिया में सदा यादों में रहेगी।अध्यक्षता करते हुए अवधी पुरोधा डॉ रामबहादुर मिसिर ने विश्व हिन्दी दिवस पर सभी कलमकारों को बधाई देते हुए कहा कि हिन्दी आज वैश्विक फलक पर अपना परचम लहरा रही है और वह केवल साहित्य की भाषा ही नही रोजगार की भाषा बन चुकी है।लंगर आयोजन समिति के संस्थापक बाबा मनोहर सिंह ने कहा कि धरती पर जो आया है उसे जाना है।उसके किये गये कार्य हमें जीवित रहेंगे। डॉ कामता कमलेश के कार्य सदैव यादगार रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में अपना उद्बवोधन देते हुए कनाडा से पधारी विदेश महासचिव महिला काव्य मंच नीरजा शुक्ला नीरू ने कहा कि डॉ कामता कमलेश जी द्वारा हिन्दी भाषा को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने का जो अद्भुत कार्य किया गया उसके लिए यही कहा जा सकता है कि हिन्दी का सूरज न कभी अस्त हुआ है न होगा। विशिष्ट अतिथि प्रख्यात प्रवासी साहित्यकार अनिल कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ कामता कमलेश ने अमेठी की साहित्यिक ज्योति देश दुनिया में पहुंचा कर हिन्दी साहित्य सम्वर्द्धन हेतु जो कार्य किया है वह सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

# जूना अखाड़े ने साधु को अखाड़े से निष्कासित किया मां-बाप के पास भेजी गई नाबालिग लड़की

संजीव भारती



- महाकुंभ मेले में नाबालिग लड़की के दान और संन्यासी बनाने को जूना अखाड़े ने नियम विरुद्ध बताया

**अमेठी।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में अपनी बेटी को जूना अखाड़े में दान करने वाले आगरा के एक दम्पति के अनूठे दान को जूना अखाड़े ने खारिज कर दिया है। जूना अखाड़े की आमसभा की बैठक में जूना अखाड़े के महंत कौशल गिरि को सात वर्ष के लिए अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया है। महंत कौशल गिरि ने ही तेरह वर्ष की नाबालिग बेटी को अखाड़े में शामिल करते हुए साध्वी बनाने का वादा किया था।कुम्भ मेले में नाबालिग बेटी को जूना अखाड़े में दान करने की खबर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में थी।अवधनामा के शनिवार के अंक में इस विषय में एक आलेख भी प्रकाशित हुआ है।

संगम क्षेत्र में आगरा के एक व्यवसायी ने दान की परंपरा को अनूठे तरीके से निभाते हुए अपनी 13 वर्षीय बेटी को जूना अखाड़े को सौंप दिया था। महंत कौशल गिरि ने लड़की को जूना अखाड़ा में शामिल कराने और साध्वी बनाने का दावा किया था, लेकिन शुक्रवार को इसमें एक नया मोड़ आ गया। जूना अखाड़े ने इसे नियम विरुद्ध मानते हुए महंत कौशल गिरि को सात वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया। लड़की को अस्वीकार करते हुए सम्मान के साथ उसके माता-पिता के साथ घर भेज दिया।आपको बता दें कि छह जनवरी को जूना अखाड़ा के महंत कौशल गिरि को आगरा के एक व्यवसायी ने अपनी बेटी दान कर दिया था। उसे गंगा स्नान करवाकर नामकरण किया गया था। 19 जनवरी को उसका पिंडदान करवाकर विधिवत संन्यास देने की तैयारी थी।उसके पहले शुक्रवार की दोपहर महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 20 स्थित अखाड़ा नगर में जूना अखाड़ा की आमसभा बुलाई गई। सभा में संरक्षक महंत हरि गिरि, सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि, अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि सहित अखाड़े के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। संन्यास लेने के दौरान नाबालिग लड़की की मां ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा था- उनकी बेटी पढ़ाई में होशियार है।वह बचपन से ही भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना संजोए हुए थी, लेकिन कुंभ में आने के बाद उसका विचार परिवर्तित हो गया।हम कौशल गिरि की शरण में पुण्य लाभ के लिए आए थे। अब उनकी बेटी संन्यास लेकर धर्म का प्रचार करने की राह पर चल निकली है। बेटी की इच्छा के अनुसार उन्होंने बेटी को गुरु परंपरा के तहत दान कर दिया। गुरु महंत कौशल गिरि ने बताया था कि संन्यास परंपरा में दीक्षा लेने की कोई उम्र नहीं होती। संन्यासी जीवन धर्म ध्वजा और अग्नि के सामने (धूनी) बीतता है। गौरी गिरि महारानी को 12 साल तक कठोर तप करना होगा। दलित वर्ग संघ की ओर से राष्ट्रीय को सम्बोधित ज्ञापन डीएम सौंपा गया था।दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय सचिव साधू सरन आर्य ने कहा कि यह बच्ची के मूल अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चला रही है और 6-14 वर्ष के बच्चों की शिक्षा को अनिवार्य बना रही है, वहीं दूसरी तरफ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। दलित वर्ग संघ का कहना है कि अपरिपक्व मानसिकता के कारण बच्ची कोई निर्णय लेने में सक्षम नहीं है। संघ ने मांग की है कि बच्ची को नागा शिविर से मुक्त कराया जाए और उसके मूल अधिकारों की रक्षा की जाए।

# गोरखपुर महोत्सव में रविवार को मिलेगा सीएम योगी का मार्गदर्शन

अवधनामा संवाददाता

- पांच विभूतियों/प्रतिभाओं को सीएम के हाथों मिलेगा 'गोरखपुर रत्न' सम्मान
- सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे सीएम
- नानाजी देशमुख पार्क के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** 10 से 16 जनवरी तक आयोजित गोरखपुर महोत्सव-2025 में रविवार (12 जनवरी) को अपराह्न होने वाले औपचारिक समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

चम्पा देवी पार्क में गोरखपुर महोत्सव के मंच से सीएम योगी खेल, कला, चिकित्सा, विज्ञान और कृषि के क्षेत्र में अपने योगदान से गोरखपुर का मान बढ़ाने वाली पांच विभूतियों/प्रतिभाओं को 'गोरखपुर रत्न' से सम्मानित करेंगे। गोरखपुर महोत्सव में शामिल होने के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को दोपहर में स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुभाष चंद्र बोस नगर में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर सीएम योगी विद्यालय के पुरातन छात्रों के सम्मेलन को भी बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे।

गोरखपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री रविवार को ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस नगर कॉलोनी में नगर निगम द्वारा भारत रत्न नानाजी देशमुख के नाम पर विकसित किए जाने वाले पार्क के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। इस पार्क में नानाजी देशमुख की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

# भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए 42 नामांकन प्रस्तुत किए गए



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** दिनांक 11 जनवरी 2025 दिन शनिवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर अभियान के अंतर्गत अंतिम चरण की प्रक्रिया के तहत जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई नामांकन प्रक्रिया के दौरान जिला चुनाव अधिकारी डॉक्टर सुमन चतुर्वेदी ने जिला अध्यक्ष पद पर इच्छुक कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के नामांकन पत्र प्राप्त किए। नामांकन कार्यक्रम के तहत पूरे जनपद से 42 लोगों ने जिला अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र जिला चुनाव अधिकारी को दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सुमन चतुर्वेदी जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव सांसद मुकेश राजपूत भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह यादव पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कटिहार के साथ कोर कमेटी की बैठक भी की। नामांकन प्रक्रिया आरंभ होते ही कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की भीड़ पार्टी कार्यालय में रही। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने जनपद में घोषित हुए 15 मंडलों के अध्यक्षों का माला पहनकर अभिनंदन किया इस अभिनंदन कार्यक्रम में उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी पार्टी के लिए बड़ा महत्व रखता है क्योंकि 1980 में स्थापित हुई भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर ही आज देश की नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। केंद्र व प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व की सरकार है भाजपा का कार्यकर्ता सदैव राष्ट्र हित के लिए कार्यकर्ता है विषम परिस्थितियों में भी पार्टी का कार्यकर्ता कभी टूटता नहीं है उसी का परिणाम है की अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में भारतीय जनता पार्टी में ही लोकतंत्र कायम है। भाजपा का संगठन चुनाव भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार पर होता है।

# विज्ञान ने बदली दुनिया की तस्वीर : गोविन्द

अवधनामा संवाददाता



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड के गांव लखिमा में स्थित वंशराज सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज में शनिवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल पार्क, स्मार्ट सिटी, विद्यालय भवन का मानचित्र, हृदय, पाचनतंत्र, लाल किला, वाटर मैनेजमेंट, ज्वालामुखी, रोबोट, जेसीबी तथा अन्य विज्ञान से संबंधित मॉडल को प्रस्तुत किया जो आकर्षण का केंद्र रहा। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया यह मॉडल सराहनीय रहा।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि गोविन्द मिश्र प्रधानाचार्य पंचायत इण्टर कालेज बोदरवार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज विज्ञान ने दुनिया की तस्वीर बदल दी है और शिक्षा तथा स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्र में अपने कार्य से दुनिया को एक नई दिशा देने का काम किया है। विज्ञान के द्वारा हम दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं और तकनीकी ज्ञान भी प्राप्त कर रहे है।

विशिष्ट अतिथि प्रबंधक प्रतिनिधि बीके सिंह ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में और अधिक जानकारियां मिलेंगे और उन्हें इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा जो मॉडल साथ छात्राओं द्वारा बनाए गए हैं इसमें बढ़ चलकर अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विरेन्द्र कुमार यादव पंकज सिंह रमेश तिवारी धीरज सिंह, शाखा प्रबंधक सुधीर सिंह, शनि सिंह तथा विद्यालय के शिक्षक नागेश्वर सिंह, हरकेश बहादुर सिंह, महावीर प्रसाद, गावस्कर सिंह विजय गुप्ता, दीपू सिंह, सोनू साहनी, सुनील सिंह, जगदीश सिंह, दिनेश कुमार, राजू सिंह अंशिका, खुशबू सहित छात्र/छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

# जनांदोलन बना सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान

अवधनामा संवाददाता




- निजी क्षेत्र के चिकित्सक भी आगे आए
- मुख्य विकास अधिकारी ने उच्च जोखिम समूह से टीबी जांच की अपील की

**गोरखपुर।** जिले में चल रहा सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान जनांदोलन बनने लगा है। सरकारी क्षेत्र के साथ अब इस अभियान का हिस्सा निजी क्षेत्र भी बनेगा।

शुक्रवार की देर रात तक निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के साथ इस अभियान के बारे में चर्चा की गई। मौका था टीबी नोटिफिकेशन और मैनेजमेंट संबंधित सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का, जिसे डॉक्टर्स फॉर यू संस्था के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने निजी क्षेत्र से अपील की कि वह अधिकाधिक टीबी मरीजों को खोजने में मददगार बनें। इस बीच, जिले के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने भी एक वीडियो संदेश के माध्यम से उच्च जोखिम समूह के लोगों से टीबी जांच की अपील की है। सौ दिन के अभियान में इस समूह के 9.50 लाख लोगों की टीबी जांच होनी है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा है कि टीबी एक ऐसी बीमारी है जो समय से इलाज न करवाने पर फैलती है। दो सप्ताह से अधिक की खांसी, पसीने के साथ बुखार, तेजी से वजन गिरना आदि टीबी के लक्षण हैं। साठ वर्ष से अधिक के लोग, मधुमेह रोगी, शराब पीने व धुम्रपान करने वाले लोग, एचआईवी मरीज और अन्य सहरूग्णता वाले लोग टीबी के मरीज भी हो सकते हैं। ऐसे लोगों की नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में टीबी जांच आवश्यक है। जांच के बाद टीबी निकले तो डरने की आवश्यकता नहीं है, इस बीमारी का पूरा इलाज संभव है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कमार दूबे ने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गणेश यादव, जिला पंचायती राज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव कुमार मिश्र समेत कई सामाजिक लोगों ने भी वीडियो अपील के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और पीडियाट्रिक एसोसिएशन के गोरखपुर चैप्टर की मदद से निजी क्षेत्र के कई दर्जन प्रतिष्ठित चिकित्सकों का संवेदीकरण किया गया है।

## सूचना

मेरा पुत्र खालिद व पुत्रवधु तरन्नुम बात 2 पर मेरा अपमान कर सदा छोटी छोटी बातो पर गाली गलौज और झगडे पर तुले रहते हैं विवश हो कर मैंने पुत्र खालिद व पुत्रवधु तरन्नुम से कुल संबंध विच्छेद कर रखे हैं दोनों को 7 माह पहले माह जून सन 2024 से मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके अपने व अपने परिवार से उनके कुल सम्बन्ध समाप्त कर चुका हूं। शाहिद पुत्र स्व.रोशन निवासी एकता कालोनी, निकट नदीम कालोनी, थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर मो. नं. 9634040759

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स भारत गैस, खसरा नं. 283 ग्राम बुंटा प0 थानाभवन तह0 ऊन जिला शामली का रजिस्ट्रेश न सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल द्वारा दि.3.6.2023 को हुआ था फर्म में पंजीकरण के समय 1.अजय बिन्दल पुत्र जी.सी. बिंदल नि.वी.वी. इण्टर कालेज रोड, शामली 2.smt अंशु चौधरी पत्नी अनुज चौधरी नि.माजरा रोड,शामली साझीदार थे दि.11.10.2024 को फर्म में से smt अंशु चौधरी ने अपनी साझेदारी खत्म करली यानी smt अंशु चौधरी ने फर्म उक्त से अपना हिसाब किताब चुकता कर लिया अजय बिन्दल अब एक मात्र पार्टनर रह गया है इस प्रकार 11.10.2024 को फर्म डिज़ोल्ड हो गई।

निवेदक अजय बिन्दल (पार्टनर)

# चकबंदी के विरोध में भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सैकड़ों किसानों के साथ दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** चकबंदी रोकने के लिए किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर जोरदार प्रदर्शन किया और ज्ञापन भी सौंपा। जनपद के ग्राम पंचायत बहरौली में चकबंदी रोकने के लिए भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में किसान लगातार धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन शासन प्रशासन की तरफ से कोई कार्यवाही न होने की दशा में ग्राम पंचायत बहरौली थाना कुर्सी तहसील फतेहपुर के किसान व माताएं बहनें युवा लोग अपने क्षेत्र में चकबंदी रोकने के लिए डीएम कार्यालय पहुंचे जिनकी अगुवाई राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव ने की पांच सदस्य मंडल ने जिलाधिकारी बाराबंकी से मुलाकात की और उन्हें किसानो की समस्याओं से अवगत कराया और यह बताया कि यहां किसी भी किसान के पास बड़ी जोत नहीं है सभी सीमांत और लघु किसान है यहां पर जमीन फुट और इंच में बिक रही है ग्रामीण लोग चकबंदी नहीं करवाना चाहते हैं।

ग्राम पंचायत अनवारी व कुर्सी के बीच की पूरी जमीन को यूपीएसआईडीसी के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इस जमीन पर बीते कई वर्षो से सैकड़ों बड़ी बड़ी औद्योगिक कंपनियां चल रही हैं अमरून फूड प्राइवेट लिमिटेड, कोका-कोला, जैसी कंपनियां उदाहरण हैं। इसके साथ ही यहां कई डिग्री कॉलेज व बड़े-बड़े फार्मेसी, व इंटीग्रल यूनिवर्सिटी इन्स्टीट्यूट जैसे दर्जनों कॉलेज भी बन चुके हैं। ग्राम पंचायत बहरौली की 70 प्रतिशत जमीन कमर्शियल प्रयोगों में आ चुकी है शेष बची बची हुई 30 प्रतिशत जमीन पर छोटे-छोटे किसान है जो अपने खेतों में सब्जी व अन्य फसल तैयार कर अपना जीवन यापन करते हैं। इसी क्रम में दिनांक 28/12/24 को ग्राम सभा नहुआई में एक किसान सभा का आयोजन किया जा चुका है।

दिनांक 06/01/2025 को पुनः ग्राम पंचायत बहरौली में भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के बैनर तले हजारों किसानो ने किसान पंचायत में शामिल होकर चकबंदी का विरोध किया था। किसानों ने मांग किया है कि चकबंदी को रोकने के लिए तत्काल आदेश पारित किया जाए। इस किसान पंचायत में ए.सी.ओ. चकबंदी व नायब तहसीलदार फतेहपुर महोदय मौके पर पहुंचे और हजारों किसानों ने एक आवाज में हाथ उठाकर चकबंदी का विरोध किया था। संतोषजनक समाधान न मिलने की दशा में आज सैकड़ो की संख्या में किसान श्रीमान जिला अधिकारी कार्यालय बाराबंकी पहुंचे 05 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्येंद्र कुमार मौर्य जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव किसान नेता राजकुमार मौर्य राजू ,प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक यादव भगवानदीन यादव जी ने किसानो की समस्याओं और चकबंदी रोकने की जरूरत क्यों है इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि उन्हें किसानों से पूरी हमदर्दी है और बताया कि हमारा पूरा प्रयास होगा कि आपकी मांग को पूरा किया जाए और चकबंदी प्रतिक्रिया को पूरे तरीके से बंद कर दिया जाएगा।

### सिचाई के लिये लगाये गए जीन पाइप चोरी मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बारावकी।** सिंचाई के लिये ले गये जीन पाईप हुई चोरी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि नितेश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम गुलरिहा थाना जैदपुर बाराबंकी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मै गीता सिंह पतनी योगेश प्रतापि सिंह का लगभग 10 वर्ष से 17 वीघा जमीन वटाई पर ले रखा है। जिसकी देख रेख मैं करता हूँ। जो ग्राम अहमदपुर में स्थित है। खेत में ट्यूब बेल लगा है 1 8 जनवरी को दिन में सिंचाई करने के वाद रात हो गयी थी पानी लगाने के लिये जीन पाइप को खेत में छोड दिया था सुबह पुनः सिचने के लिये गया तो देखा कि पाइप नहीं है। जो लगभग 300 फिट के लगभग है जिस पर लाल रंग से के-एन लिखा हुआ है। 8 जनवरी कि रात अज्ञात चोर उठा ले गया जिसकी खोज वीन करे पर सटीक पता चला है कि उक्त पाइप जीन प्लाष्टिक का चोरी बृजेश उर्फ वड्?डे पुत्र स्यामलाल निवासी देवी दीन पुरवा थाना सफदरगंज ने चोरी की है। वहीं जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना सिंधौली में समाधान दिवस संपन्न

- जिलाधिकारी व एसपी ने थाना सिधौली में सुनी जन शिकायतें
- मेडबंदी के बाद मेड तोड़ने वालों के विरुद्ध दर्ज कराई जाए एफआइआरः डीएम



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने शनिवार को थाना सिंधौली में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान जनशिकायते सुनी।डीएम ने प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को संवेदनशील होकर निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को परेशान न होना पड़े। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई के दौरान सभी क्षेत्रीय संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पैमाईश मेड़बंदी की शिकायत किसी भी दशा में मुख्यालय जिलाधिकारी कार्यालय तक नहीं आनी चाहिए। पैमाईश मेड़बंदी की शिकायतों का गंभीरता से समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए है कि मेड़बंदी के बाद यदि कोई मेड़ तोड़ता है तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कुर्रा दाखिल, पैमाईश, मेड़बंदी आदि प्रकरणों में किसी कर्मचारी द्वारा पैसा लेने की शिकायत आती है तो उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्रीकरण को लेकर जिला अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में एक सीएससी को अटैच किया जाए और पंचायत सहायक तथा ग्राम प्रधान लोगों को इकट्ठा कर अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्रीकरण कराएं। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवादों की शिकायतों को पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। पुलिस अधिक्षक ने गत थाना समाधान दिवस की निस्तारित शिकायतों की भी समीक्षा की एवं शिकायत रजिस्टर भी देखा। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर 4-नंबर, मालखाना रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, एनसीआर, आइजीआरएस एवं त्योहार रजिस्टर को देखा।

# प्रधान संजय की सड़क हादसे में मौत, सपा नेताओं ने दी श्रद्धाजलि



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** ग्राम प्रधान व वरिष्ठ सपा नेता संजय यादव निवासी थाना दरियाबाद के ग्राम सरांय सिगई की शनिवार को बाइक से हुई सड़क दुर्घटना मे मृत्यु हो गयी है। मृतक की पत्नी इसी ग्राम में शिक्षामित्र शैल कुमारी यादव के पद पर तैनात है। इस हादसे से इलाके में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इस दुःखद घडी मे समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप पूर्व विधायक रामगोपाल रावत पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह पूर्व प्रदेश सचिव अशीर किदवई मृतक संजय यादव के पिता से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर श्री गोप ने कहा कि मृतक संजय यादव ने अपनी पूरी जीवन पार्टी के लिये काम किया है और क्षेत्र में मजबूती से सपा प्रत्याशी को जिताने की भरपूर कोशिश करते थे। प्रदेश सचिव अशीर किदवई ने शोक प्रकट करते हुवे बताया कि संजय यादव बहुत ही सरल व्यक्ति थे और अपने छोटे का बहुत सम्मान करते, उनके अचानक चले जाने से पार्टी का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई कर पाना बहुत मुश्किल होगा। युवा सपा नेता अविरल सिंह का कहना है कि सड़क हादसे में हुई संजय जी की मौत से हम सब लोगो का मन दुःखी है इस दुख की घड़ी में पार्टी उनके साथ खड़ी है। सभी ने संजय यादव को श्र्द्धाजली दी। इस मौके पर सपा नेता राहुल सिंह जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, टिंकू सोनी, पवन यादव, पूर्व प्रमुख हसमत अली गुड्डू वीरेंद्र प्रधान मुशीर कुरैशी आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अयोध्या।** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर निदेशक डॉ अरविंद कुमार वर्मा होम्योपैथिक उत्तर प्रदेश निर्देश पर तुलसी उद्यान में एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हजारों लोगों ने लाभ उठाया।शिविर में होम्योपैथी, यूनानी और योग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई। जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले साल प्राण प्रतिष्ठा के समय भी एक महीने तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर चलाया गया था, जिसमें हजारों लोगों ने लाभ उठाया था। इस शिविर में श्री राम अस्पताल के होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी और राजकीय डॉ. बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने भी अपनी सेवाएं दीं। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार गुप्ता के अलावा, डॉ. रमाकांत वर्मा, डॉ. शुभम गुप्ता, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. पीके पांडे, राजेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा सहित अन्य चिकित्सकों ने भी शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत परिजनों ने जताया आक्रोश



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** घुघली थानाक्षेत्र के गोपाला में शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें अधेड़ व्यक्ति की जान चली गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों ने शनिवार सुबह शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और पुरैना-निचलौल मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, अधेड़ व्यक्ति शुक्रवार रात पैदल सड़क पार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजन आक्रोशित हो गए और सुबह शव को मुख्य सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण सड़क पर पानी बह रहा था, जिससे हादसा हुआ। लगभग डेढ़ घंटे तक चले धरने और जाम के कारण इलाके में यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना पर घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया। इस संबंध में घुघली थानाध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मौके पर स्थिति सामान्य है, और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो फ्यूल चलाया अभियान, बाइक-स्कूटी वाहनो के कटे चालान



**बाराबंकी।** रोड सेफ्टी नियमो के पालन एंव जागरुकता को लेकर परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग ने आज शनिवार को नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत स्वास्तिक पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट सीटबेल्ट के विरुद्ध संघन अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट के आने वालों को बैरंग लौटना भी पड़ा। तथा हेलमेट न पहनने वालों के चालान भी काटे गये। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/ प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल भरवाने आये वाहन चालकों को हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के लिये प्रेरित किया। तो वही बिना हेलमेट के आने वाले दर्जनो बाइक-स्कूटी वाहनो के चालान भी काटे गये। इसी दौरान एआरटीओ प्रशासन ने हेलमेट लगाकर पेट्रोल भरवाने आये चालको को गुलाब भेंटकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस मौके पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव,स्वास्तिक पेट्रोल पम्प प्रबन्धक दीपक जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सत्ताधारियों की सरपरस्ती में दबंग किये हैं अवैध कब्जा



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश के बाबजूद भी दबंगों ने भूमि पर कर रखा है अवैध कब्जा। तहसील जलालाबाद क्षेत्र के रहने वाले करीब आधा दर्जन ग्रामीणों ने डीएम को दिया था शिकायती पत्र,डीएम के निर्देश के बाद भी सत्ताधारियों के दबाब में है प्रशासनिक अधिकारी। पीड़ित उदयवीर सिंह ने बताया कि गाटा संख्या 63 से पांच लोगों ने अलग अलग बैनामे कराकर जमीन खरीदी थी,जिसका दाखिल खारिज़ भी हो चुका है।लेकिन क्षेत्र का ही फेनी गुप्ता सत्ताधारियों से अधिकारियों पर दबाब डलवाकर गाटा संख्या 62 में 63 की भूमि भी मिला ली। तहसील स्तर पर शिकायत करने पर अधिकारियों ने गाटा संख्या 62 व 63 की पैमाइश कराकर अलग अलग तूदे लगवा दिए।लेकिन फिर भी दबंग फेनी गुप्ता ने अवैध कब्जा नही छोड़ा है अब ऐसे में दबंग के हौसले और बुलन्द है। बहरहाल सत्ताधारियों के दबाब में डीएम के आदेश भी बेअसर साबित हो रहे हैं उधर पीड़ित अपनी जमीन पर कब्जा लेने को इधर उधर अधिकारियों की चौखट पर माथा रगड़ने को मजबूर हैं।

### रामलला के प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी की प्रथम वर्षगांठ पर भजन संध्या का आयोजन

**बीकापुर-अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव के अवसर पर बीकापुर नगर पंचायत स्थित श्लोक आश्रम में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। इस दिन रामलला की प्रथम वर्षगांठ के मौके पर गौ पूजन, भजन कीर्तन, रामायण पाठ, और भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम के प्रबंधक अवतंस तिवारी उर्फ सिक्कू पंडित ने लोगों में प्रसाद मिष्ठान वितरण किया और गरीबों को कंबल वितरित किए।रामलला की प्रथम वर्षगांठ पर श्लोक आश्रम को विशेष रूप से सजाया गया। शाम को श्लोक संकीर्तन दल के स्वयंसेवकों द्वारा सुंदरकांड का पाठ और भगवान के विभिन्न भजनों का संगीतमय गायन प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से आश्रम के प्रबंधक अवतंस तिवारी सिक्कू पंडित के अलावा अधिवक्ता संजय तिवारी, सुनील तिवारी, अर्पित तिवारी, आनंद दुबे, फौजी तिवारी, कुकू पांडेय, अवध नरेश सिंह शाहिद सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नाबालिग को भगाने व मारपीट की घटना मे पांच आरोपियों पर केस

- न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के आराजी बैरिया निवासिनी पीड़िता सबिरुन निशा ने मारपीट व नाबालिग लड़की को भगाने की घटना में न्यायालय के आदेश पर ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपितो पर संबंधित धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जाँच पड़ताल जुट गयी है। पीड़िता ने महराजगंज न्यायालय मे वाद दाखिल मे बताया कि तीन मई 2024 को दोपहर में अपने पति के साथ खेत में काम करने के लिए गयी थी। छोटे बच्चे घर के आस पास खेल रहे थे मेरी लड़की घर पर अकेली थी। दोपहर में पड़ोस का रहने वाला मेरे ही ग्रामवासी अविनाश मेरी लड़की को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया। घर लौटने पर जानकारी हुई तो पडोसी अविनाश के घर पूछने गयी तो आकाश,अंशु ,शिवकुमार उर्फ शिव व निर्मला गोलबंद होकर अपशब्द का प्रयोग करने लगे। कहा कि आज के बाद मेरे घर उलाहना लेकर आ गयी तो तुमको जान से मारकर फेकवा देंगे। आरोप है की मेरी लड़की को भागने मे पाँच लोग शामिल है।घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिसको लेकर पीड़िता ने छ मई 2024 को पुलिस अधीक्षक महराजगंज से गुहार लगाई थी। जिसपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा फोन से केस दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जिसकी थानाध्यक्ष द्वारा निर्देश का अनुपालन गंभीरता से नहीं किया गया। पीड़िता ने थक हार कर न्या. में न्याय की गुहार लगाई। इस बाबत थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पांच लोगों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

# बाइक सवार सिपाही शाहरुख हसन की चाइनीज मांझे से कटकर मौत

- जिला प्रशासन की नाकारा कार्यशैली बनी सिपाही की मौत की वजह
- शासन द्वारा लगाए गए प्रतिबन्ध के बावजूद प्रशासन शहर में बिकवाता रहा मांझा

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** चाइनीज मांझे से कटकर बाइक सवार सिपाही की मौत हो गई। शासन स्तर से चाइनीज मांझे पर प्रतिबन्ध के एक के बाद एक निर्देश जारी किये जाते रहे। लेकिन शाहजहाँपुर के नाकारा अधिकारियों ने शासन के हर मंसूबे को पैरों तले कुचलकर रख दिया। जिसका परिणाम सिपाही की मृत्यु के रूप में सामने आया।एसपी ऑफिस की अभियोजन सेल में तैनात शाहरूख नामक सिपाही की गर्दन में चाइनीज मांझा रगड़ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मृत्यु हो गई।

शाहरूख दोपहर 12 बजे शहर के अजीजगंज जा रहे थे।तभी अजीजगंज के पास चाइनीज मांझा उनके गले में उलझ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद मृत्यु हो गई।2018 में पुलिस सेवा में भर्ती हुए शाहरुख अमरोहा के बल्दाना गांव के रहने वाले थे।एसपी राजेश एस.सहित जिले के आला अफसरों ने मौके पर पहुँचकर शोक व्यक्त किया।

शहर की कई दुकानों पर चाइनीज मांझे की खुलेआम बिक्री की जाती है। पतंगबाज शौकीन चाइनीज मांझे का उपयोग करना ज्यादा अच्छा समझते हैं। लेकिन बहुत ही मजबूत रेशे से बनाया गया चाइनीज माँझा पारदर्शी होने के साथ साथ तलवार की तरह काम करता है। अक्सर बाइक सवारों के लिए यह माँझा काल बन जाता है। शासन स्तर पर कई बार उपरोक्त मामले को प्रमुखता से उठाया गया और शासन ने समय-समय पर अपेक्षित आदेश जारी कर मांझे पर प्रतिबन्ध के निर्देश भी दिए। लेकिन जिला प्रशासन जिसका रवैया अक्सर मामलों में मनमाना होता है। उसके मनमाने रवैये के कारण चाइनीज मांझा आए दिन लोगों को अपना शिकार बना रहा है।

### वित्तीय साक्षरता विषय पर विशेष शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन

**अयोध्या।** डाभा सेमर, मऊ शिवाला स्थित सनबीम विद्यालय में सीबीएसई एवं जीवितम के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता विषय पर विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सहयोगी डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने तुलसी वेदी पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रश्मि भाटिया और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यालय के सभी अध्यापक गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता के महत्व से परिचित कराना और उन्हें विद्यार्थियों को सही वित्तीय निर्णय लेने के कौशल से लैस करने के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण सत्र में शिक्षकों को व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन, बचत, निवेश, बीमा, स्मार्ट बचत, इमरजेंसी फंड, म्युचुअल फंड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# बागापार में पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- बोले ग्रामीण...पुल नहीं बना तो जिला मुख्यालय पर होगा धरना - प्रदर्शन



बागापार में पुल के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** बागापार- समरधीरा मार्ग पर स्थित कस्बे में क्षतिग्रस्त पुल के मरम्मत न होने से शनिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा। समाजसेवी विश्वनाथ यादव के नेतृत्व में स्थानीय लोग सड़क पर उतरकर जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण जितेंद्र आर्य, विद्यासागर यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, बारूदी वर्मा, कैलाश तिवारी, नाथू, रमेश तिवारी, सर्वेश कुमार, नियाजुद्दीन, लव कुमार, आशिक अली, महेंद्र यादव, जगदीश जायसवाल, पवन सोनी ने बताया कि यह मार्ग सिंदुरिया से रानीपुर तक सैकड़ों गांवों को जोड़ती है। एक वर्ष पूर्व इस सड़क का चौड़ीकरण तो हो गया लेकिन कटहरा माइनर पर बनाया यह पुल अभी भी क्षतिग्रस्त है। पुल की रेलिंग भी टूटी है, जिसके कारण राहगीर नहर में गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल से बरईठवा, पिपरा, कोदईपुर, विजयपुर, परासखाड़, बरगदवा राजा, बेलवाकाजी, नाथनगर, केवलापुर खुर्द, सलामतगढ़ सहित कई दर्जन गांव के हजारों राहगीर एवं स्कूली बच्चों को आवागमन लगा रहता है। जब कोई बड़ी गाड़ी इस रास्ते से गुजरती है तो आवागमन ठप हो जाता है। कभी-कभी भारी मालवाहक वाहन इस रास्ते से गुजरते हैं तो पुलिया के समीप बसे लोगों में हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है कि कहीं कोई गाड़ी पलट गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र इस पुल का मरम्मत नहीं किया गया तो शीघ्र ही जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# विजयी महिला पहलवान सीमा सिंह का हुआ स्वागत

- ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का लिया हूं संकल्प : प्रमोद सिंह

अवधनामा संवाददाता



**हैदरगंज -अयोध्या।** मैहर महोत्सव में दिल्ली की महिला पहलवान को हराने वाली अयोध्या शेरनी की उपाधि से सम्मानित सीमा सिंह का भव्य स्वागत किया गयास्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित समाजसेवी नेता प्रमोद सिंह ने कहा कि बिटिया ने दिल्ली की महिला पहलवान को हराकर अपने क्षेत्र का नाम जिले, प्रदेश, सहित देश में रोशन किया। ग्राम सभा बेला में स्वागत समारोह में उपस्थित अपना दल के नेता समाज सेवी प्रमोद सिंह ने कहा कि क्षेत्र की बेटियां हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं और हमारे क्षेत्र की बेटियों ने भी पूरे देश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया उन्होंने बेटियों को आगे बढ़कर हर क्षेत्र में हिस्सा लेने की सलाह दिया।अयोध्या शेरनी सीमा सिंह के स्वागत के बाद बेला गांव की ही आल इंडिया यूनिवर्सिटी में ताइक्कांडो में कांस्य पदक विजेता सोनिया चौहान को भी सम्मानित किया गया, साथ ही अन्य क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली बेटियों काजल सिंह, नंदनी सिंह, चांदनी सिंह, प्रियंका सिंह, अंजली सिंह सहित मेधावियों को सम्मानित भी किया गया । इस अवसर पर ग्राम प्रधान बेला दिनेश सिंह, डॉ प्रदीप कुमार, राम नेवल सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह, लाल बहादुर सिंह, इंद्रप्रकाश दुबे, राहुल कुमार युवा नेता अपना दल, शेर बहादुर सिंह, हरीश सिंह, दीपक मौर्य, शुभम सिंह,जय प्रकाश सिंह, संजय सिंह, लल्लू सिंह, पिंटू सिंह,श्यामलाल, आनंद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# किसान समस्याओं का निस्तारण न हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

- भाकियू ने पांच बिंदुओं का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** सोहावल तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने पंचायत कर किसान समस्याओं को लेकर पांच बिंदु का ज्ञापन एसडीएम सोहावल अभिषेक कुमार सिंह को सौंपा साथ में पहुंचे तहसीलदार सुमित कुमार सिंह ने किसान समस्याओं को लेकर कहा कि एक हफ्ते में किसान समस्याओं का जांच कर निस्तारण किया जाएगा किसान पंचायत में पहुंचे वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि करोड़ों की लागत से बनी पानी की टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है आज तक टंकी से एक बूंद पानी नहीं निकला विभाग द्वारा पेमेंट करा लिया गया है, आवारा पशु छुट्टा सांडो द्वारा क्षेत्र के लोग परेशान हैं लोगों को चोटिल भी कर रहे हैं कई लोगों की जान भी चली गई है किसान की फसल को भी चौपट कर रहे हैं पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाए, रसद खाद्य विभाग की लापरवाही से तमाम पात्र व्यक्ति राशन कार्ड वंचित रह गए हैं जो आए दिन ऑनलाइन करा कर तहसील और विभाग का चक्कर काट रहे हैं जांच कर पात्र व्यक्तियों का कार्ड बनाया जाए, सोहावल तहसील क्षेत्र में गांव गांव बनी घरौनी को फीड कराकर ग्रामीण को बटवाया जाए, हफ्ते में एक दिन लेखपाल को रोस्टर बनाकर गांव में चौपाल लगाकर निस्तारण करवाया जाए जिससे ग्रामीणों को तहसील का बार-बार तहसील का चक्कर न काटना पड़े पंचायत की अध्यक्षता राजू निषाद ने किया संचालन राम अभिलाष यादव सविता मौर्या जवाहरलाल तिवारी ने किया पंचायत में प्रमुख रूप से आसमा निशा श्रीनाथ वर्मा दादा मंगरु राम नरेंद्र विश्वकर्मा विनोद कुमार लालमति लाजवती चिंता देवी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 9वें इमाम मोहम्मद तक़ी अस और मासूम अली असगर की विलादत पर हुई महफ़िल

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में बीती रात 9वें इमाम मोहम्मद तक़ी अस और शेरे खुदा मुश्किल कुशा अली मुर्तुज़ा हज़रत अली अलैहिस्सलाम के बेटे हज़रत इमाम हुसैन अस के सबसे छोटे बेटे जनाब अली असगर की यौमे पैदाइश (जन्मदिन) पर ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर की सदारत में महफ़िल आयोजित हुई। जिसमें मुकामी शायरों ने कलाम व कसीदे पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी। महफ़िल का संचालन अज़ीम हल्लौरी ने किया।



महफ़िल की शुरुआत अब्बास अली के तिलावते कलाम पाक से हुआ। तत्पश्चात अम्बर मेंहदी नात ए पाक पेश किया। इसके बाद मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि इमाम मोहम्मद तक़ी अस जो उम्मते मुसलमा के 9वें इमाम है आपके वालिद इमाम अली रज़ा अस थे उनकी विलादत 10 रजब 195 हिजरी को मदीना में हुआ था आपकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि आपने 8 साल की उम्र में ही इमामंत की जिम्मेदारियों को संभाल लिया और उम्मत की विलायत और रहबरी करने लगे और 25 साल की मुख्तसर से अरसे में आपकी जवानी के आलम में आपको ज़हर देकर शहीद किया गया। लेकिन इस 25 साल की उम्र में आपने इतनी कम मुद्दत में हुकूमत को अपनी इल्म और फ़ज़्ल का और अपनी इमामंत, हिदायत का लोहा मनवा लिया। इतनी कम मुद्दत में किसी का इमाम हो जाना ये किसी के लिए बाइसे ताज्जुब न हो। इससे पहले जानने ईसा ने मां के गहवारे में ये एलान कर दिया था कि जब उनकी मां से सवाल किया तब जनाबे ईसा से जवाब दिया था कि मैं अल्लाह का बन्दा हूँ परवर दिगार ने मुझे किताब दी है उसने मुझे नबी बनाया है जो खुदा जनाबे ईसा को तीन दिन की उम्र में नबी बनाकर भेज

**शिया समुदाय में प्रत्येक वर्ष 10 रजब का दिन महत्वपूर्ण दिनों में होता है शुमार**

सकता है बचपन मे नबी बना सकता है उसे साहिबे किताब बना सकता है वह खुदा 8 साल की उम्र में इमामे तक़ी को इमामंत के ओहदे पर फ़ायज़ कर सकता है और दुनिया आपके इल्म फ़ज़्ल का लोहा अभी तक मानती है।अंत मे मासूम अली असगर अस और 9वें इमाम हज़रत मोहम्मद तक़ी अस के यौमे पैदाइश (जन्मदिन) की मुबारकबाद दी।ततपश्चात शायर शमशाद हल्लौरी, जाबाज़, अज़ीम, आले रज़ा, हैदरे कर्रार, मोहम्मद असगर, शादाब, अम्बर मेंहदी, मंज़र, कौसर, मीसम, तनवीर हसन, काज़िम मेंहदी, आबिद, अली मेंहदी, शबीह मास्टर, अर्श हल्लौरी आदि ने अपने अपने अंदाज में शेर पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी। अन्त में ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर ने जनाबे अली असगर और 9वें इमाम की ज़िंदगी पर विस्तार से बयान किया। महफ़िल आयोजक अब्बास अली मास्टर ने आये हुए सभी का शुक्रिया अदा किया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर व पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शनिवार को थाना ढेबरुआ पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने को निर्देशित किया।

एसपी डॉ अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाय । जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में आगामी 26 जनवरी से लागू होने जा रहे नो हेलमेट नो फ्यूल के बावत कहा कि नोएडा की तरह यहां भी हेलमेट लगाना अनिवार्य है। बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों को फ्यूल न देने के लिए पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए है।

उन्होंने समस्त जन मानस से नियमों का परिपालन करने का आह्वान किया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी राहुल सिंह, ईओ अजय कुमार, थानाध्यक्ष संतोष सिंह, चौकी प्रभारी अमला यादव, लेखपाल सुनील सिंह, दिवाकर चौधरी, प्रदीप शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधानों को दी पंचायती राज अधिनियमों की जानकारी




**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बढ़नी ब्लॉक मुख्यालय स्थित एडीओ पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधानों को एडीओ पंचायत द्वारा पंचायती राज अधिनियमों की वृहद जानकारी दी गई। शुक्रवार को बढ़नी ब्लॉक के एडीओ पंचायत राम विलास ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधानों को पंचायती राज अधिनियम तथा ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की गई तथा प्रधानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया जिससे ग्राम प्रधान अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी कर सके। एडीओ पंचायत ने कहा कि ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित करने का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम प्रधान आयकर रिटर्न दाखिल करने समेत अन्य विकास कार्यों का निपटारा आसानी से कर सके और किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। इस दौरान प्रधान यशोदा नन्द मिश्र, प्रधान लाल सिंह उर्फ भोला चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम शर्मा, सचिव शकील अहमद खान, उदय प्रताप गौतम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## गोदभराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आंगनबाड़ी केंद्र बांसी प्रथम पर शनिवार को गोदभराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हजरुन्निशा पत्नी अख्तर अली की गोदभराई व हसनैन पुत्र रिजवान का छह माह पूरा होने पर अन्नप्राशन सीडीपीओ नीलम वर्मा व सभासद प्रतिनिधि मो इरफान बाकर ने कराया। इस अवसर पर सभी गर्भवती महिलाओं व बच्चों की लम्बाई व वजन की जांच किया गया। मौके पर मौजूद एएनएम सविता दिवाकर व सुनीता त्रिपाठी ने गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन व शूगर की जांच कर उन्हें आयरन और कैल्शियम की गोली दिया। इस अवसर सभासद प्रतिनिधि मो इरफान बाकर ने महिलाओं से नियमित टीकाकरण कराने की सलाह देते हुए नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीमा श्रीवास्तव,सहायिका राधा जायसवाल सहित काफी संख्या में बच्चे व अविभावक मौजूद रहे।

## एसपी ने किया जलालपुर कोतवाली का औचक निरीक्षण



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शनिवार को अचानक जलालपुर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया। जिनके पहुंचते ही थाना परिसर में हड़कंप मच गया। लेकिन पुलिस अधीक्षक के औचक निरीक्षण में सब कुछ चकाचक पाया गया। जिससे पुलिस अधीक्षक गदगद दिखे। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शनिवार को अचानक कोतवाली जलालपुर पहुंचकर बारीकी के साथ पूरे कोतवाली परिसर का गहनता के साथ निरीक्षण किया। बारी-बारी से मेस, पुलिस कार्यालय तथा हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सब कुछ चौचक पाया गया । पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी आवास का भी जायाजा लिया। महिला हेल्थ डेक्स पर पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर कुछ शिकायत कर्ताओ भी बात किया जिसमें कोतवाली की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार से निरीक्षण के संबंध में जब वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया कि निरीक्षण में सब कुछ संतोषजनक पाया गया है कुछ खामियां मिली है जिसके लिए पुलिस को सुधार के लिए निर्देशित किया गया है।

## डीएम ने पंद्रहवे राष्ट्रीय मतदाता दिवस को 25 जनवरी को भव्य रूप से मनाने के लिये हुई बैठक

**अंबेडकरनगर (दानिश मेहदी)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, अंबेडकरनगर अविनाश सिंह ने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस (दिनांक 25 जनवरी 2025) को भव्य रूप से मनाए जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वोट जैसा कुछ नहीं,वोट जरूर डालेंगे हम (Nathing like voting, I vote for sure') की थीम पर 25 जनवरी 2025 को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस हेतु जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूर्व से ही अपने-अपने विभाग से संबंधित अपेक्षित तैयारी को पूर्ण कर लेने और पूर्ण उत्साह के साथ अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक मतदाताओं को सम्मिलित करते हुए उन्हें मतदाता शपथ दिलाई जाए।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, अन्य वर्गों के मतदाताओं को सम्मानित किए जाने के साथ ही कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## दामाद ने सास को उतारा मौत के घाट

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर में दामाद ने सास को मौत के घाट उतार कर रिश्ते को शर्मशार कर दिया। यहां दामाद ने अपनी सास को चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। मृतका की पुत्री की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिकंदरपुर गांव की शालिनी की शादी इनायत नगर थाना क्षेत्र के मवई कला मिल्कीपुर के राकेश तिवारी के साथ वर्ष 2021 में हुई थी। करीब एक साल बाद दोनों में अनबन हो गई। शालिनी के परिजनों ने न्यायालय में एक परिवाद दायर किया है। मुकदमे से परेशान होकर बीती रात राकेश तिवारी सिकंदरपुर स्थित अपनी ससुराल पहुंचा। यहां देर रात पत्नी शालिनी के साथ न्यायालय में दर्ज मुकदमे को लेकर कहासुनी हो गई।

## ठंड में दिनचर्या के प्रति सावधान रहें डायबिटीज के मरीज : डा नीरज वर्मा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/मुंशीगंज।** संजय गांधी अस्पताल के कंसल्टेंट और वरिष्ठ फिजीशियन डॉ नीरज वर्मा ने ठंड के मौसम में डायबिटीज के मरीजों को विशेष सावधान रहने की सलाह दी है। डा वर्मा ने कहा है कि ठंड के मौसम में सुगर के मरीजों को दिल के दौरा पड़ने के खतरे अधिक रहते है। डा वर्मा ने शनिवार को सौ से अधिक नये पुराने मरीज देखे। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि सुबह घने कोहरे और तेज सर्दी के बीच मार्निंग वॉक से दुर्घटना के खतरे अधिक है।सुगर के मरीज मार्निंग वॉक तब करें,जब दिन निकल आए।देर रात में भोजन बिल्कुल न करें। ठंड में सुगर, वीपी और कोलास्ट्राल बढ़ने का खतरा रहता है, इसलिए सुगर की नियमित जांच कराते रहें।

# अधीक्षक ने आशा को लगाई फटकार 15 दिनों में कार्य सुधार की दी चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास क्षेत्र अंतर्गत सीएससी सिरसिया की अधीक्षक डॉक्टर शैलेन्द्र मणि ओझा ग्राम कटारिया बाबू में प्रीति (उम्र 3 माह) पुत्र प्रभु तथा दिव्या (उम्र 6 माह) पुत्र संतोष के घर पहुंचकर आशा गुड़िया पांडे के द्वारा नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम व बच्चों की देखभाल कार्यक्रम के तहत किए गए कार्य का भौतिक सत्यापन किया।

भौतिक सत्यापन के दौरान आशा के कार्य कमी पाए जाने पर अधीक्षक ने कड़ी फटकार लगाते हुए आगामी 15 दिवस में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने आशा को भविष्य में इस प्रकार की गलती पाए जाने पर कठोरतम



कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इसी क्रम में अधीक्षक डॉ. ओझा बुढ़िया टायर में पहुंचकर टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया।

सत्र पर एएनएम के द्वारा गर्भवती महिला को समस्त सेवाएं दी जा रही थी लेकिन आशा के द्वारा लाभार्थी बुलावा पर्ची का वितरण न किए जाने पर डॉक्टर ओझा ने आशा को फटकार लगाते हुए नियनानुसार कार्य करने की नसीहत दी। अधीक्षक ने कहा कि आशा के सहयोग के बिना कार्यक्रम को सफल नहीं बनाया जा सकता है। बीएमसी सूर्यदेव सिंह ने टीकाकरण से उदासीन परिवार टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राजीव त्रिपाठी, रेशमा, पूनम, मीना, सोनू आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय संविधान के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाएंगे : कन्हैया पासवान




**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा जिला कार्यालय पर 11 से 25 जनवरी तक चल रहे देश व्यापी अभियान संविधान गौरव अभियान के निमित्त जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने समस्त मोर्चों के अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान के विषय में विस्तृत चर्चा की एवं सभी को अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी देकर सभी को कार्य हेतु निर्देशित किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा संविधान गौरव अभियान भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर उत्सव स्वरुपी अभियान है। हम सब मिलकर अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान और संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के मूल्यों और सिद्धांतों को आम जन मानस के बीच तक पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा डॉ संजय गौतम, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव मिश्रा, महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा सबलू सहानी, अनुसूचित जनजाति रामू गौड़, बजरंगी गोस्वामी आदि लोग उपस्थित रहें।

## कवाईसी के नाम पर कोटेदार कर रहे वसूली

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** राशनकार्डों का सत्यापन करने के लिए सभी सदस्यों की ई केवाईसी की जिम्मेदारी कोटेदारों को सौंपी गई है। यह काम बिना किसी शुल्क के किया जाना है, लेकिन कोटेदार ई केवाईसी करने के लिए प्रति यूनिट पर 20 से 50 रुपये तक वसूल रहे हैं। जून 2024 के पहले सप्ताह से ही कोटेदारों की ओर से ई केवाईसी की जा रही है। राशनकार्ड की ई केवाईसी से सरकार को सुचारु रूप से खाद्यान्न वितरण करने और पात्र व्यक्तियों की पहचान होगी। तमाम अपात्र लोग भी राशनकार्ड खाद्यान्न योजना का लाभ उठा रहे हैं। ई केवाईसी के बाद उनका नाम काटा जा सकेगा। साथ ही सरकार के पास राशन कार्ड धारक के परिवार की संख्या का सही विवरण उपलब्ध होगा। कोटेदारों को ई पॉस मशीनों से लाभार्थियों का अंगूठा लगाकर ई केवाईसी करना है। शुल्क लेने पर कोटेदारों और लाभार्थियों के बीच आए दिन कहासुनी हो रही है। लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से शुल्क लेने का कोई आदेश नहीं है। इसके बाद भी कोटेदार वसूली कर रहे हैं। पूर्ति निरीक्षक टांडा सर्वेश शर्मा ने बताया कि जो कोटेदार ई केवाईसी के नाम पर रुपये मांग रहे हैं, जांच कराकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट नो पेट्रोल का नियम होगा लागू

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो पेट्रोल का नियम लागू होगा। डीएम ने पेट्रोल पम्प परिसर में संचालको को बड़े बैनर लगाकर लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया है। कहा कि बाइक चालक के साथ साथ, सहयात्री को भी हेलमेट लगाना होगा।

जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने बताया कि परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नो हेल्मेट, नो फ्यूल÷ रणनीति लागू करने की अपेक्षा करते हुए अवगत कराया गया है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्ति की गयी है। हाल ही में हुई राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में सुधार हेतु समस्त जिलों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना अनिवार्य है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक

**बाइक चालक के साथ साथ सहयात्री को भी लगाना होगा हेलमेट**

मृत्यु और गम्भीर चोटों को रोकने के लिए एक ठोस, दीर्घकालिक और प्रभावी रणनीति की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी जाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे प्राप्त करने के लिए नवाचार और व्यवहार परिवर्तन पर केन्द्रित उपायों को अपनाना अनिवार्य है। इस दिशा में शहरी क्षेत्रों में नो हेल्मेट, नो फ्यूल रणनीति एक निर्णायक कदम हो सकती है। यह रणनीति न केवल हेल्मेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी. बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। मोटरवाहन अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उप्र मोटरयान नियमावली 1998 के नियम 201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित माकनों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा 177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्माने का प्राविधान है। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में जनपद सिद्धार्थनगर में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये जाते हैं कि आगामी 7 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेंगे, कि 26 जनवरी से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चत करेंगे कि उनके प्रनिष्ठान में सी0सी0टी0वी0 कैमरा सदैव सक्रिय रहे, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज का आवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

## अपाची बाइक व डंफर की हुई जबरदस्त टक्कर चालक फ़रार

**अम्बेडकरनगर।** थाना अलीगंज अंतर्गत मेडिकल कालेज सद्दरपुर के नजदीक पेठिया इस्माइलपुर टांडा अकबरपुर रोड पर भीषण सड़क दुर्घटना में आमने सामने हुई अपाची मोटरसाइकिल और डंपर गाड़ी में बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया हैं आनन फानन 112 पुलिस को राहगीरों स्थाई निवासी द्वारा सूचना दिया गया मौके पर पुलिस गाड़ी और एम्बुलेंस आई जहां पर शव को कब्जा में ले लिया है और दूसरे युवक को नजदीक स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां युवक की हालात गम्भीर बनी हुई है डंपर चालक मौके से भागने में कामयाब रहा मृतक युवक इस्माइलपुर निवासी बताया जा रहा है उसके पास मिले कागजों के अनुसार मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गई थी पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया ग्रामीणों में बहुत आक्रोश है आए दिन डंपर चालक इसी तरह से कई घटनाएं को अंज़ाम देते हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है।

# स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत : प्रधानाचार्य

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती शनिवार को वंदना सभा में हर्षोल्लाह से मनाई गई। स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा यह दिन न केवल हमारे देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है, बल्कि यह हमें युवा शक्ति के महत्व और सकारात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित होने की प्रेरणा भी देता है। स्वामी विवेकानंद जी ने अपने जीवन और शिक्षाओं के माध्यम से हमें यह सिखाया कि आत्मविश्वास, कर्मशीलता और राष्ट्रप्रेम से व्यक्ति न केवल स्वयं का, बल्कि समाज और देश का उत्थान कर सकता है। उन्होंने हमें सिखाया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं है, बल्कि चरित्र निर्माण, मानसिक शक्ति और आत्मनिर्भरता को विकसित करना है। आज के समय में, जब हम अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, विवेकानंद जी का जीवन और विचार हमें साहस और धैर्य प्रदान करते हैं। विवेकानंद जी ने युवा पीढ़ी से अपील की थी कि वे अपने भीतर छिपी अनंत शक्तियों को पहचानें और उनका उपयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए करें। आशा करता हूँ कि आप सभी स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरित होकर अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में छात्रों के अलावा कार्यक्रम संयोजक नित्यानंद त्रिपाठी व दिलीप श्रीवास्तव ने भी स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उक्त अवसर पर वरिष्ठ आचार्य निमिष शुक्ल, दिग्विजय, सच्चिदानंद, जितेंद्र समेत समस्त आचार्य बंधुओं, कर्मचारी बंधुओं एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## महायोगी गोरखनाथ विवि आयोजित कर रहा प्रदेश स्तरीय आनलाइन क्विज प्रतियोगिता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में युवा सप्ताह के अवसर पर 18 जनवरी को आनलाइन माध्यम से प्रदेश स्तरीय प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 11000 रुपये, द्वितीय स्थान को 5000 एवं तृतीय स्थान को 3000 रुपये दिए जाएंगे। क्विज प्रतियोगिता में समान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स, बेसिक कंप्यूटर आधारित सवालों के साथ सामान्य विज्ञान पर आधारित प्रश्न रहेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 16 जनवरी तक वेबसाइट लिंक http://quiz.mgug.ac.in पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते है।

# तहसील क्षेत्र में फिर चला प्रशासन का अवैध कब्जे पर बुलडोजर

## अतिक्रमणकारियो से मुक्त कराई गई तीन गांव में सरकारी ज़मीन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शासन के निर्देशानुसार तहसील में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। जिलाधिकारी राजा गणपति आर और उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित के निर्देशन में तहसीलदार रवि कुमार यादव ने शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर अवैध कब्जे हटाए गए। इस दौरान गठित राजस्व टीम एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ अवैध अतिक्रमणकारियों से भूमि मुक्त कराई गई।

शनिवार को चलाए गए अभियान के क्रम में तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने ग्राम उपधी खुर्द बुजुर्ग तप्पा-सगरा के गाटा सं0-245, 258 नवीन परती में राम प्रकाश पाण्डेय द्वारा किए गए अवैध कब्जे को पुलिस बल की सहायता से हटा दिया गया। इसी तरह



ग्राम पिपर गड्डी में गाटा सं0-512 नवीन परती में प्रस्तावित पंचायत भवन की भूमि पर गांव के ही चंदू यादव पुत्र झिमरु द्वारा किए गए कब्जे को भी हटाया गया है। विकास विभाग के सक्षम अधिकारियों को निर्माण कार्य शुरू करने के लिए भूमि सौंप दी गई है।वहीं तीसरे मामले में ग्राम धौरहरा मय प्रसादी खात स्थित गाटा सं0-389 बंजर भूमि पर वर्षों से किए गए अवैध कब्जे को भी पुलिस बल की मदद से हटाया गया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी का कहना है कि अवैध कब्जों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा और ऐसे सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करते हैं। इस कार्रवाई के दौरान उपनिरीक्षक अजय कुमार तिवारी, राजेश कुमार तिवारी व लेखपालगण राजेश प्रताप मणि, ओमप्रकाश, पवन, राहुल, सत्येन्द्र मिश्रा, प्रवेश शुक्ला, विपिन तिवारी, इरशाद खान देवेश तिवारी, अम्बिकेश सिंह, दीपक शंखवार मौजूद रहे।

## 'इंडिया' का वजूद

कमोबेश अब यह मान लेना चाहिए कि विपक्ष का 'इंडिया' गठबंधन खत्म हो चुका है अथवा खत्म होने के कगार पर है। कुछ अवशेष बचे हैं, अलबत्ता ताश के पत्तों की तरह बिखर तो चुका है। लोकतंत्र के लिए यह सुखद खबर नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का मानना है कि गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था, लिहाजा अब उसका कोई अस्तित्व नहीं है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि यदि 'इंडिया' गठबंधन संसदीय चुनाव तक ही था, तो अब उसे खत्म कर देना चाहिए और सभी क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में अलग-अलग काम करें। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस के ही अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला 'इंडिया' को लोकसभा चुनाव तक ही सीमित नहीं मानते। उनका मानना है कि यह गठबंधन नफरती, तानाशाही किस्म की सियासत के खिलाफ बनाया गया था और लोकसभा चुनाव में कामयाब भी रहा, लिहाजा कोई भी गठबंधन हो, वह हरेक चुनाव और हरेक क्षण के लिए होता है। 'इंडिया' का विश्लेषण इसलिए प्रासंगिक है, क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) ने केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने की घोषणा की है। अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे 'आप' का मंच साझा कर उसके पक्ष में चुनाव-प्रचार भी करेंगे, हालांकि दिल्ली में इन राजनीतिक दलों का जनाधार 'नगण्य' है, लेकिन चुनाव के दौरान 'हवा' तो बनती है। सपा, तृणमूल और शिवसेना (उद्धव) 'इंडिया' के प्रमुख घटक दल हैं और लोकसभा में इनके 75 सांसद हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव भी गठबंधन को लोकसभा चुनाव तक ही सीमित मान रहे हैं। बिहार में इसी साल अक्तूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। क्या राजद-कांग्रेस-वामदल का कथित महागठबंधन एक साथ चुनाव में नहीं उतरेगा? क्या 2029 के संसदीय चुनाव तक 'इंडिया' यूं ही बिखरा हुआ रहेगा और कांग्रेस अकेली-थकेली पड़ जाएगी? दरअसल 'इंडिया' कभी भी विपक्ष का लामबंद गठबंधन नहीं बन पाया। उसका न तो कोई सचिवालय है, न कोई समन्वय समिति है और न ही साझा न्यूनतम कार्यक्रम है। यदि ऐसी ही स्थिति रहनी है, तो फिर उसे खत्म करने में क्या दिक्कत है?

गठबंधन पहले भी टूटते रहे हैं, खत्म होते रहे हैं। फिर गठबंधन बनते रहे हैं, क्योंकि यही गठबंधनों की नियति है। लोकसभा चुनाव की ही बात करें, तो कांग्रेस ने तृणमूल और केरल के वाम मोर्चा के खिलाफ चुनाव लड़े। पंजाब में कांग्रेस-आप एक-दूसरे के लिए गंभीर चुनौती बने रहे, हालांकि दिल्ली में गठबंधन जरूर था, लेकिन भितरघात भी थे। यदि लोकसभा चुनाव के बाद का परिदृश्य देखा जाए, तो हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और 'आप' एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी थे, नतीजतन कांग्रेस बहुत थोड़े अंतर के साथ सत्ता की लड़ाई हार गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और एनसीपी (शरद) ने 'महाविकास अघाड़ी' गठबंधन में चुनाव लड़ा, लेकिन अंदरूनी तनाव, विरोधाभास, बेमेल समन्वय इतने रहे कि अघाड़ी चारों खाने चित्त हो गया। अब खबरें हैं कि मुंबई नगर निगम के चुनाव शिवसेना (उद्धव) अकेले ही लडने् की तैयारियां कर रही है। महाराष्ट्र के ही पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि दिल्ली में 'आप' ही चुनाव जीतेगी। कांग्रेस को 'आप' के साथ गठबंधन रखने की कोशिश करनी चाहिए थी। 'इंडिया' के प्रमुख दलों में तमिलनाडु का द्रमुक और झारखंड का झामुमो भी हैं। झारखंड में हाल ही में चुनाव सम्पन्न हुए हैं। अगले साल पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरीखे बड़े राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। घटक दल कांग्रेस को छोडने् और झटकने की मुद्रा में हैं। क्षेत्रीय दल कांग्रेस के ही वोट बैंक पर पनपे और ताकतवर हुए हैं। अब एकमात्र संभावना बची है कि 2029 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी दल फिर गठबंधन बना सकते हैं।

## बाबा और गुरु दोनों अलग अलग होते हैं, और हमें गुरु के शरण में जाना चाहिए



सुनीता कुमारी

हम इंसानों को सांसारिक जीवन में कई सारी कठनाइयों का सामना करना पड़ता है जैसे स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सम्बन्ध, आर्थिक कमी, घर की जिम्मेदारियां, रिश्तो की जिम्मेदारियां, समाज की जिम्मेदारी राष्ट्र के प्रति भक्ति भावना के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा जिम्मेदारी, सभी को देखते हुए हम सभी इंसान एक तरह से अपने आप को बांधा हुआ पाते हैं जिम्मेदारियां में जकड़ा हुआ पाते हैं। जो इंसान सूझबूझ से काम लेता है वह तो हर एक जिम्मेदारियां को पूरा करते हुए जीवन में आगे बढ़ता चला जाता है परंतु, बहुत से सारे लोग ऐसे भी होते हैं जिनमें अनुभव और सुझबुझ का अभाव रहता है,सही सलाह देने वालों का अभाव रहता है, ऐसे लोग सही फैसला नहीं ले पाते और उनके जीवन की गाड़ी फंसते हुए आगे बढ़ती है,वे जीवन में अपने आप को उलझा हुआ पाते हैं,ऐसी स्थिति में वे झल्ला उठते हैं या अपने आप को मुक्त करने के लिए बहुत सारे उपाय सोचने लगते हैं ।

वे ऐसा सोचने लगते हैं कि, उनका सारा काम फटाफट होता चला जाए , ऐसा कोई चमत्कार हो जाए की उनकी सारी परेशानी पलक झपकते समाप्त हो जाए? ऐसी स्थिति में वह एक ऐसा व्यक्ति ढूंढते हैं जो उनकी सारी समस्याओं समाप्त कर दे, और वे ऐसा इसलिए सोचते हैं क्योंकि, उन्हें अपने कर्म और ईश्वर पर भरोसा नहीं होता है और न ही उनमें धैर्य होता है, ऐसे इंसान चमत्कार की उम्मीद लगा बैठता है और सोचते है कि, कोई ऐसा व्यक्ति आएगा जो उसके जीवन में आए समस्याओं का समाधान चुटकी बजाते हुए कर देगा ;इंसानों की ऐसी ही सोच ने बहुत सारे बाबाओं को जन्म दिया है, ऐसे बाबा जो कमजोर आदमी के नब्ज़ को टटोलकर उसे समस्या का समाधान बताते हैं उन्हें अपनी बातों में ऐसा उलझाते है कि, सामने वाले को लगता है कि, उन्हें उनका तारणहार मिल गया?बाबा की कृपा से अब उनके जीवन में कोई भी समस्या नहीं रहेगी? इंसानों की इसी सोच ने बाबाओं की फौज खड़ी कर दी है? झाड़ फूंक जादू टोना, तरह तरह के टोटके, तरह तरह के चमत्कार, सब इन बाबाओं ने पैदा किए हुए हैं? इन बाबाओं का प्रभाव हर क्षेत्र में इतना ज्यादा हैं कि, कोई भी क्षेत्र इन बाबाओं के प्रभाव से बचा हुआ नहीं है। चाहे सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक कोई भी क्षेत्र हो, इन बाबाओं से नहीं बच पाया है। इनकी पैठ इतनी गहरी है कि, इन्होंने धर्म के वास्तविक स्वरूप को विकृत कर दिया है, अंधविश्वास और आडम्बर का घर बना दिया है उसी तरह राजनीति में भी इनकी पकड़ इतनी गहरी है कि, सत्ता का खेल इन बाबाओं के इर्द-गिर्द ही घुमता है। सबसे ज्यादा नुकसान आमलोगों का होता हैं, आम लोगो से बाबा का तो फायदा होता है मगर सामने वाले का नुकसान होता है ,क्योंकि वह समझ ही नहीं पाता कि, बाबा उन्हें शारीरिक मानसिक तौर पर अपने काबू में कर रहे हैं? क्योंकि लोगों को बेवकूफ बनाकर ठगना ऐसे बाबाओं का काम होता है धर्म के नाम पर रोजी-रोटी कमाना बाबो का काम होता है। हम मनुष्य को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि, गुरु और बाबा में जमीन आसमान का अंतर होता है। गुरु वे होते हैं जो हमें ज्ञान देते हैं, ऐसा ज्ञान देते हैं जिससे हम अपनी समस्याओं का समाधान धैर्य पूर्वक निष्ठा पूर्वक करते हैं ,सभी स्थिति परिस्थिति को समझते हुए सही फैसला लेते हैं, जीवन को सामान्य और सरल बनातें हैं जब हमें गुरु से ज्ञान मिलता है तो, समस्याओं को समाधान मिलता है। हमारे जीवन में गुरु कोई एक व्यक्ति नहीं होते जो हमें सही रास्ता दिखाते है बल्कि, हर वो व्यक्ति गुरु होते है जो हमारे अच्छे और बुरे दोनों समय में हमारे साथ होते हैं। व्यक्ति का पहला गुरु माता-पिता होते हैं। दूसरा गुरु शिक्षक होते है और एक गुरु वे होते हैं जो संसार का वास्तविक चेहरा दिखाते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**प्रतिभागी सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं तथा प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा में भाग लेंगे। विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के साथ एक विशेष रात्रिभोज, अनौपचारिक संवाद के लिए एक दुर्लभ मंच प्रदान करेगा, जो युवाओं की आकांक्षाओं को नीति निर्माण अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ेगा। 11 जनवरी को एक भव्य उद्घाटन सत्र के साथ संवाद की शुरुआत होगी, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीक, वैचारिक नेता और नवोन्मेषक भाग लेंगे। यह उच्च-स्तरीय चर्चा दस महत्वपूर्ण विषयों पर विषयगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार करेगी।**

# युवा शक्ति को सशक्त बनाना : विकसित भारत युवा नेता संवाद



डॉ. मनसुख मांडविया

भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष-2047 की ओर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के हमारे मिशन में सबसे आगे हैं। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर, हमने राष्ट्रीय युवा महोत्सव को एक असाधारण रूप में परिकल्पित किया है- विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025। यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, यह एक अभियान है, युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व और व्यावहारिक विचारों का एक जीवंत उत्सव है, जो विकसित भारत से जुड़े देश के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना :** दो दशकों से अधिक समय से, राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है। हालांकि, इस वर्ष, हमने अलग तरीके से सोचने का साहस किया। 18 नवंबर, 2024 को, हमने उत्सव के प्रारूप में एक अभूतपूर्व परिवर्तन की घोषणा की, जिसके केंद्र में नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण को रखा गया। इस परिकल्पना का केंद्र है - विकसित भारत चुनौती, जो तीन चरणों वाली प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता को भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। यह चुनौती योग्यता, समावेश और पारदर्शिता पर आधारित है, जो भौगोलिक या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर युवा भारतीय को योगदान करने का समान अवसर मिलना सुनिश्चित करती है।



पहले चरण, विकसित भारत क्विज़ में देश भर के लगभग 3 मिलियन युवाओं ने भाग लिया। 12 भाषाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में पिछले दशकों में भारत की प्रगति के बारे में उनके ज्ञान का परीक्षण किया गया, जिससे समावेश और पहुँच सुनिश्चित हुई। दूसरे चरण के तहत, विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पेश किये गए दो लाख से अधिक निबंधों में विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, सतत विकास को अपनाने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने जैसे दस विषयगत क्षेत्रों पर विचार प्रस्तुत किये गए। विशेषज्ञ पैनल द्वारा मूल्यांकित इन निबंधों ने हमारे युवाओं की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और मौलिकता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। अंतिम चरण के अंतर्गत, विकसित भारत विज़न डेक प्रतियोगिता में शीर्ष प्रतिभागी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में शामिल हुए। यहाँ, युवा नेताओं ने क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञों और नेतृत्व मध्यस्थों के पैनल के सामने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। इस चरण में जमीनी स्तर के दृष्टिकोण और क्षेत्रीय विविधता पर जोर दिया गया, जिससे युवा भारतीयों की स्थानीय रूप से कार्य करते हुए वैश्विक स्तर पर सोचने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। इन चरणों के माध्यम से पूरी हुई यात्रा को सुदृढ़ता और दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानियों से रेखांकित किया जा सकता है। पूर्वोत्तर की पहाड़ियों तथा राजस्थान और गुजरात के गाँवों से लेकर तमिलनाडु के तटीय शहरों तक, हमने युवा नेताओं को सामाजिक बाधाओं, लॉजिस्टिक्स चुनौतियों और व्यक्तिगत कठिनाइयों को पार करते हुए विकसित भारत का अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करते देखा - एक ऐसा भारत, जिसकी वे कल्पना करते हैं।

**भव्य संवाद : एक ऐतिहासिक समागम** - विकसित भारत युवा नेता संवाद 10 जनवरी, 2025 को आधिकारिक तौर पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में शुरू होगा, जिसमें 3,000 प्रतिभागी एक ऐतिहासिक समागम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे, पारंपरिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जो राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों से चयनित प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगे और 500 पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो विषयगत ट्रैक पर अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए चुने गए हैं। प्रतिभागी सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं तथा प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा में भाग लेंगे। विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के साथ एक विशेष रात्रिभोज, अनौपचारिक संवाद के लिए एक दुर्लभ मंच प्रदान करेगा, जो युवाओं की आकांक्षाओं को नीति निर्माण अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ेगा। 11 जनवरी को एक भव्य उद्घाटन सत्र के साथ संवाद की शुरुआत होगी, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीक, वैचारिक नेता और नवोन्मेषक भाग लेंगे। यह उच्च-स्तरीय चर्चा दस महत्वपूर्ण विषयों पर विषयगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार करेगी, जिसका नेतृत्व सलाहकार और क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञ करेंगे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम, विकसित भारत के रंग के साथ संध्या बेला जीवंत हो उठेगी, जिसमें भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा और यह हमारे युवाओं की असीम क्षमता का भी प्रतीक होगा। यह दिन बौद्धिक विमर्श और सांस्कृतिक उत्सव के बीच एक आदर्श संतुलन बनाता है, जो प्रतिभागियों को बड़े सपने देखने और निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

**राष्ट्रीय युवा दिवस : विकसित भारत के लिए एक विज़न-** स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा सशक्तिकरण की उनकी चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन का अंतिम दिन होगा, जो प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक निर्णायक क्षण साबित होगा। विषयगत ट्रैक से शीर्ष दस विचार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जो नवोन्मेषी युवाओं को आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरक मंच प्रदान करेगा।

यह संवाद शासन और निर्णय लेने में युवाओं को शामिल करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। इसके बाद, प्रतिभागियों को माननीय प्रधानमंत्री और अन्य प्रतिष्ठित नेताओं के साथ दोपहर के भोजन पर बातचीत करने का अवसर मिलेगा। इससे सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को यादगार पलों को संजोने का मौक़ा मिलेगा और उनमें सशक्तिकरण की भावना का विकास होगा। इस दिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक भव्य पूर्ण सत्र का भी आयोजन होगा। यह सत्र विकसित भारत को आकार देने में भारत के युवाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को सुदृढ़ करेगा। इस सत्र के जरिये प्रतिभागियों को बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए सशक्त और प्रेरित किया जाएगा।

# आईएमडी के 150 वर्ष : मौसम पूर्वानुमान से लेकर प्रबंधन तक

**आईएमडी के वैज्ञानिक चरित्र को एक महत्वपूर्ण झटका लगा, एकमात्र राहत यह थी कि विश्व मौसम विज्ञान संगठन जैसे निकायों के साथ इसका संपर्क जारी रहा। 1985 में, आईएमडी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ इसने मौसम और जलवायु पूर्वानुमान प्रदान करने के लिए पारंपरिक तकनीकों और मानव विशेषज्ञता पर निर्भरता जारी रखी।**



डॉ. पी.एस. गोयल

जुलाई 2006 में, जब पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय अस्तित्व में आया, तो भारत पृथ्वी प्रणाली विज्ञान के लिए समर्पित मंत्रालय रखने वाला पहला देश था। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को देश में पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से संबंधित ज्ञान उत्पन्न करने और सेवाएँ प्रदान करने का कार्य सौंपा गया था मौसम, जलवायु, महासागर और तटीय स्थिति, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और प्राकृतिक खतरे; समुद्री सजीव और निर्जीव संसाधन; और पृथ्वी के ध्रुवों (आर्कटिक, अंटार्कटिक और हिमालय) के लिए सार्वजनिक लाभ के लिए। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति की अधिसूचना के माध्यम से महासागर विकास विभाग को पुनर्गठित करके बनाया गया था।

प्रोफेसर रोधम नरसिम्हा द्वारा समुद्र और वायुमंडल को एक युग्मित प्रणाली के रूप में मानने और ठोस पृथ्वी और क्रायोस्फेयर को सोखने के द्वारा मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने की आवश्यकता का हवाला देते हुए, मैं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को तैयार करने के सावधानीपूर्वक कार्य का नेतृत्व करने के लिए सहमत हुआ। जुलाई 2005 में महासागर विकास विभाग का कार्यभार संभालने से पहले, मैं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु में था। फिर, जब 2006 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय अस्तित्व में आया, तो मैं (आधिकारिक रूप से) पहला सचिव था, जिसने मंत्रालय के समग्र संस्थागत ढांचे में वायुमंडलीय विज्ञान को महासागर विज्ञान घटक में एकीकृत करने का विशाल कार्य निष्पादित किया। उस समय, सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की समुद्री शाखा को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में शामिल करना भी विचाराधीन था विस्तृत अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद, मंत्रिमंडल ने 12 जुलाई, 2006 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और पृथ्वी आयोग के गठन को मंजूरी दे दी। पृथ्वी आयोग ने चार सफल बैठकों के साथ अच्छा काम किया, जिनमें से दो प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई। दुर्भाग्य से, मंत्रिमंडल ने घोषणा की कि पृथ्वी आयोग को कैबिनेट नोट का मसौदा तैयार करने में मामूली चूक के कारण एक वर्ष के फलदायी कामकाज के बाद मंजूरी नहीं मिली। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिवों और प्रतिष्ठित पृथ्वी विज्ञान विशेषज्ञों ने आर्कटिक और अंटार्कटिक में बर्फ पिघलने के कारण जलवायु परिवर्तन और बदलती विश्व व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए एक पृथ्वी आयोग की स्थापना की आवश्यकता महसूस की है।

1982 में, महासागर विकास विभाग मुख्य रूप से अंटार्कटिका में भारत की उपस्थिति को चिह्नित करने के लिए बनाया गया था। यह गोवा में राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) की स्थापना का अग्रदूत भी बना, जो भारत का एकमात्र वैज्ञानिक संस्थान है जो अंटार्कटिका, आर्कटिक और हिमालय में भारतीय वैज्ञानिक अभियानों की सुविधा प्रदान करता है, इन भौगोलिक क्षेत्रों में भारतीय अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और रखरखाव करता है, और पृथ्वी के ध्रुवों में देश की रणनीतिक उपस्थिति और गतिविधियों को सुनिश्चित करता है। महासागर विकास विभाग (तत्कालीन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय) के संस्थापक सचिव डॉ एसजेड कासिम ने 1981-82 में अंटार्कटिका में पहले भारतीय वैज्ञानिक अभियान का नेतृत्व किया और 1983 में अंटार्कटिका में दक्षिण गंगोत्री नाम से पहला भारतीय अनुसंधान स्टेशन स्थापित किया। 1990 के दशक के उत्तरार्ध में महासागर विकास विभाग ने राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नई और भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस), हैदराबाद को अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया, जिससे अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन में महासागर प्रौद्योगिकी और महासागर आधारित सेवाओं के महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित किया गया, जिसकी महासागर विकास विभाग के तत्कालीन सचिव डॉ ए ई मुथुनायगम ने पुरजोर वकालत की थी। उनके पूर्ववर्ती और उत्तराधिकारी डॉ वीके गौर और डॉ एचके गुप्ता प्रसिद्ध भूकंपविज्ञानी थे, जिन्होंने राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में प्रतिष्ठित पदों पर कार्य किया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) को 2006 में ही पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन लाया गया था, हालाँकि यह भारत सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक है। 1875 में स्थापित (मुख्य रूप से भारतीय मानसून को समझने के लिए) और भारत की स्वतंत्रता तक अंग्रेजों के नेतृत्व में, आईएमडी 14 जनवरी, 2025 को अपनी 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। आईएमडी कई भारतीयों के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करने वाला और लाखों किसानों के जीवन और आजीविका को प्रभावित करने वाला सबसे प्रमुख संस्थान बना हुआ है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे और राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, नोएडा, क्रमशः 1962 और 1988 में आईएमडी की वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं को बढ़ाने के लिए स्थापित किए गए थे, जो 2006 से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन हैं। आईएमडी, आईआईटीएम और एनसीएमआरडब्ल्यूएफ पहले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन थे।



1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, आईएमडी को नागरिक उड्डयन में स्थानांतरित कर दिया गया, और इसके कैडर (वैज्ञानिक पदों सहित) को संघ लोक सेवा आयोग के तहत स्थापित किया गया। ऐसा इसलिए था क्योंकि आईएमडी को केवल एक सेवा इकाई माना जाता था, जो पायलटों को मौसम संबंधी ब्रीफिंग प्रदान करती थी। यह तब था जब आईएमडी के वैज्ञानिक चरित्र को एक महत्वपूर्ण झटका लगा, एकमात्र राहत यह थी कि विश्व मौसम विज्ञान संगठन जैसे निकायों के साथ इसका संपर्क जारी रहा। 1985 में, आईएमडी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ इसने मौसम और जलवायु पूर्वानुमान प्रदान करने के लिए पारंपरिक तकनीकों और मानव विशेषज्ञता पर निर्भरता जारी रखी। 2006 में आईएमडी का पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में विलय कई मोर्चों पर एक ऐतिहासिक निर्णय था। अधिक ध्यान अवलोकन नेटवर्क और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने (अधिक और बेहतर डॉपलर मौसम रडार, स्वचालित मौसम स्टेशन और रेडियोसॉन्ड स्थापित करना, दिल्ली और पुणे में केंद्रीय प्रसंस्करण स्टेशनों को डेटा प्रवाह को जोड़ना) और पूर्वानुमानों के लिए भौतिकी-आधारित संख्यात्मक मॉडलिंग दृष्टिकोण को अपनाने पर था। इसके अलावा, इसे वैज्ञानिक इकाई में बदल दिया गया, जिसका अर्थ है कि पद वैज्ञानिक कैडर के थे। इन परिवर्तनों के परिणामस्वरूप मौसम, चक्रवातों और चरम मौसम की घटनाओं के बेहतर पूर्वानुमान सामने आए, जिन्हें दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना गया। भविष्य की दिशाएँ भारत एक कृषि प्रधान समाज है, जिसमें 70त्न से अधिक हिस्सेदारी छोटे किसानों की है और मौसम से संबंधित समय पर और सटीक जानकारी के लिए एक बहुत बड़ी उपयोगिता है। पिछले दस वर्षों में मौसम और जलवायु सेवाओं और बुनियादी ढाँचे में सुधार की दिशा में जबरदस्त प्रगति हुई है।

# बालकों से पहले अभिभावक समझें संस्कारों की अहमियत


**संयुक्त परिवार अलग होकर छोटे परिवारों में विभक्त होते जा रहे हैं। अधिकांश परिवारों में, माता-पिता के पास अपने बच्चों की देखभाल के लिए समय नहीं होता है। बच्चे अपना समय कहाँ बिताते हैं, उनकी दिनचर्या क्या होती है, बच्चे कितना पैसा कहाँ खर्च करते है, अधिकांश अभिभावकों को यह भी पता नहीं होता। बच्चे जैसा कहते हैं माता-पिता वैसा ही विश्वास करते हैं। बहुत बार बच्चों पर अतिविश्वास और अति लाड-प्यार भविष्य में परिवार, समाज, देश के लिए बहुत महंगा पड़ता है।**



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के आधुनिक दुनिया की वास्तविकता है कि दुर्भाग्य से अभिभावकों का व्यवहार ही बच्चों को नकारात्मकता की ओर धकेल रहा हैं। बच्चों में चिड़चिड़ापन, जिद, अनुचित व्यवहार के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तो लगातार बढ़ ही रही हैं, जन्म के समय बच्चों का अपर्याप्त विकास, कुपोषण, विकलांगता जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। आधुनिकता के नाम पर हम अपनी अच्छी बातें, संस्कार, विचार भूल गए हैं और बुरी बातों में लगकर जीवन को कठिन बना लिया है। अनेक माता-पिता या घर के बड़ों को यह भी नहीं पता कि उन्हें बच्चों के सामने कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसी कारण परिवार, समाज, देश और दुनिया में समस्याओं का पहाड़ खड़ा हो रहा है। बच्चे रोते हैं, इसलिए उन्हें मोबाइल फोन की आदत लगा दी जाती है, बच्चे जिद करते हैं इसलिए उन्हें जंक फूड खिलाया जाता है। बच्चों के मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह वस्तुएं, खाद्यपदार्थ भी बड़े प्यार से मुहैया करायी जाती हैं और अभिभावक ही कहते हैं, कि आज की पीढ़ी बहुत बिगड़ गई है, मां-बाप की बात बिल्कुल नहीं सुनते। हम संस्कारहीन, संवेदनहीन, नैतिकताहीन, स्वार्थी समाज के अभिन्न अंग है।

इस साल शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर एक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तौर पर छोटी बच्चियों के नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। वह वीडियो देखकर हैरानी हुई, 6-7 साल की शालेय लड़कियां फिल्मी गाने पर डांस कर रही थीं, फिल्मी अभिनेत्री की तरह आधुनिक वेशभूषा धारण कर ये नन्ही बच्चियां शिक्षा के उस मंदिर में नाच रही थीं और गा रही थी कि आज की रात मजा हुस्न का, आँखों से लीजिये। शिक्षकों के सम्मानार्थ शिक्षक दिवस मनाया जाता है, वहां ये छोटी-छोटी लड़कियां नृत्य कला का कौन-सा प्रदर्शन कर रही है, उस स्कूल के शिक्षकों और उन बच्चियों के अभिभावकों के बारे में क्या कहें? जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। आज की आधुनिक पीढ़ी हमारे देश के महान समाज सुधारक, वैज्ञानिक, महान क्रांतिकारी देशभक्तों के बारे में जानती हो या नहीं, लेकिन उन्हें रील, फैशन, फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानकारी होती है। यहां तक कि बच्चों के रोल मॉडल भी देश के लिए जान न्योछावर करने वाले वीर सैनिक, संघर्षरत समाज सुधारक नहीं, बल्कि फिल्मी नायक-नायिकाएं हैं। क्योंकि बच्चों को पसंद आने वाली ऐसी मनोरंजक जानकारी उन्हें आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।




आजकल संयुक्त परिवार अलग होकर छोटे परिवारों में विभक्त होते जा रहे हैं। अधिकांश परिवारों में, माता-पिता के पास अपने बच्चों की देखभाल के लिए समय नहीं होता है। बच्चे अपना समय कहाँ बिताते हैं, उनकी दिनचर्या क्या होती है, बच्चे कितना पैसा कहाँ खर्च करते है, अधिकांश अभिभावकों को यह भी पता नहीं होता। बच्चे जैसा कहते हैं माता-पिता वैसा ही विश्वास करते हैं। बहुत बार बच्चों पर अतिविश्वास और अति लाड-प्यार भविष्य में परिवार, समाज, देश के लिए बहुत महंगा पड़ता है। आजकल बच्चों में आपराधिक प्रवृत्ति काफी बढ़ गई है, वे छोटी-छोटी बातों पर उग्र हो जाते है, नशा करते है, हथियार रखते है, गिरोह बनाकर घूमते हैं। छोटी-छोटी बात पर लड़ने तैयार हो जाते है। गालीगलौच, छींटाकशी और अभद्र भाषा का प्रयोग तो ऐसे करते है, कि चाहे कितनी भी महंगी शिक्षा क्यों न दी जाए, उन्हें उचित मोड़ नहीं मिलता है। अक्सर खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती हैं कि नाबालिग गंभीर अपराधों में शामिल हैं। हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, जानलेवा हमले करने वाले कई गिरोहों में नाबालिग भी होते हैं। जिद पूरी न होने पर कुछ लड़कियां और लड़के अपने माता-पिता की जान लेने से भी नहीं डरते, अपनी मनमानी पूरी न होने पर वे हिंसक हो जाते है, ये बच्चे अपराधी बनकर पैदा नहीं होते, माता-पिता की गैर जिम्मेदारी और लापरवाही के कारण अपराधी बनकर पूरे समाज के लिए घातक बन जाते हैं।

अधिकतर नवदम्पत्ति महिलाओं को घर पर भोजन बनाना पसंद नहीं है, इसलिए हमेशा स्वादिष्ट भोजन के लिए होटल जाना पड़ता है। शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे सेहत हमेशा खराब रहती है, बच्चों को भी बाहर खाने की आदत लग जाती है। बच्चों को अपना अच्छा-बुरा पता नहीं होता, लेकिन अभिभावक भी बच्चों पर अंकुश नहीं लगाते, उलटे उन्हें बिगाड़ देते हैं। अक्सर माता-पिता घर में बड़े-बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, लेकिन वही माता-पिता अपने बच्चों से आदर्श चरित्र की उम्मीद करते हैं। हमारे सभ्य समाज में शायद ही देखने-सुनने मिलता है कि शादी से पहले बेटे अपने परिवार से विभक्त हो गए है या उन्होंने अपने बड़े बुजुर्गों, अभिभावकों को वृद्धाश्रम में छोड़ दिया है, लेकिन शादी के बाद घर परिवार से विभक्त होना अब तो आम बात हो गयी है। जब यह असहाय बुजुर्ग व्यक्ति जीवन के अंतिम पड़ाव में कमजोर शरीर के साथ जिंदगी की जद्दोजहद से जूझ रहे होते है, उसी वक्त उन्हें अपनों के सहारे की सबसे ज्यादा जरुरत होती है और उसी वक्त अपने उनका साथ छोड़ देते है।

आज के आधुनिक परिवेश में जहां सुख-सुविधाएं तो बहुत हैं, लेकिन इस आधुनिकता में मनुष्य ने अपनी खुशी, शांति, समाधान, स्वाभाविकता, भोलापन खो दिया है। मनुष्य इतने निचले स्तर पर चला गया है कि कई बार लोगों के स्वार्थ को देखकर ऐसा लगता है कि इनसे बेहतर तो पशु-पक्षी हैं, जो अपने लाभ के लिये दूसरों की जिंदगिया तबाह नहीं करते। फैशन और आधुनिक जीवनशैली के चक्कर में हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। अपराध, भ्रष्टाचार, पद और सत्ता का दुरुपयोग, प्रदूषण, मिलावट, हर जगह राजनीतिक हस्तक्षेप, अश्लीलता, झूठ, दिखावे, भेदभाव, धोखाधड़ी, नशाखोरी, लालच, असभ्य व्यवहार, ईर्ष्या के इस प्रदूषित वातावरण में मन की शांति प्राप्त करना एक भ्रम है। कई माता-पिता अपने बच्चों की आवश्यक जरूरतों और उनकी जिद के बीच के अंतर को नहीं समझते।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रकल्प संचालित कर महाकुंभ मनाएगा नारायण सेवा संस्थान

■ 45 दिन निःशुल्क भंडारा, कृत्रिम अंग व सर्दी में वस्त्रों का होगा वितरण

अवधनामा ब्यूरो



**प्रयागराज।** दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला महाकुंभ 2025 का आरंभ 13 जनवरी होने जा रहा है। इस मौके पर उदयपुर से मेले में शामिल होने वाले नारायण सेवा संस्थान द्वारा विभिन्न सेवा के प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। विशेष रूप से नारायण सेवा संस्थान समाज के दिव्यांग बंधु- बहिनों को मुख्यधारा में लाने के लिए निःशुल्क सेवाएं देकर दिव्यांग सशक्तिकरण महाकुंभ मनाएगा।

मेले में दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग व कैलिपर्स कार्यशाला चलेगी तथा कृत्रिम अंगों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। नारायण खालसा अन्नपूर्णा मार्ग सेक्टर - 18 में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्थान निदेशक एवं ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा ने बताया कि मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ मेले में नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, कैलीपर्स की सेवाएं दी जाएगी। मोबाइल, कंप्यूटर, सिलाई प्रशिक्षण और ऑपरेशन के इच्छुक दिव्यांगों को उदयपुर मुख्यालय भेजा जाएगा। संस्थान द्वारा कुंभ के श्रद्धालुओं, संतों और संस्थान सदस्यों के लिए निःशुल्क भंडारे की व्यवस्था कर रहा है। रोज हजारों लोग भंडारे से लाभान्वित होंगे। संस्थान की कृत्रिम अंग कार्यशाला से महाकुंभ में ही मॉड्युलर नारायण लिंब निशुल्क प्राप्त कर अपनी रुकी हुई जिंदगी को पुनः गति प्रदान करेंगे। ट्रस्टी चौबीसा ने आगे की जानकारी देते हुए कहा कि 12 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे होगा पताका पूजन हेगा। आगे की जानकारी देते हुए संस्थान सूचना एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने कहा संस्थान द्वारा दिव्यांग सशक्तिकरण थीम पर प्रतीक रूप में 11 दिव्यांगों को संगम तट पर ले जाकर पुण्यदायी कुम्भ डुबकी लगाई जाएगी तथा उनका सम्मान किया जाएगा।

# जनपद में 25 हजार से अधिक मतदाता बढ़े, नई सूची जारी

**मथुरा।** बीती साल अक्तूबर में चले मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने नई मतदाता सूची जारी कर दी है। बीते साल की तुलना में इस साल 25 हजार 732 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख और महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख दर्ज की गई है। जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल ने बताया है कि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या 19 लाख 37 हजार 307 है, जो 29 अक्तूबर, 2024 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची की तुलना में 0.79 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सबसे ज्यादा शहर में 4.72 लाख मतदाता हैं। वहीं, बलदेव में 3.89 लाख मतदाता हैं, जबकि नई सूची के प्रकाशन पहले यह आंकड़ा शहर में 4.66 और बलदेव में 3.84 था। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक आम लोगों के लिए प्रदर्शित की जाएगी।

# कुशीनगर में बेकरी कारोबारी के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा, हड़कंप

## कठकुईयां बाजार के एक बेकरी कारोबारी के यहां पिछले 24 घंटे से लगातार छापेमारी जारी

अवधनामा ब्यूरो



कारोबारी के गोदाम के सामने गेट पर खड़ी स्थानीय प्रशासन

**कुशीनगर।** जिले के कठकुइया बाजार स्थित एक बेकरी कारोबारी के घर, कारखाने, गोदाम और अन्य ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम द्वारा छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के कारण जिले भर के बेकरी व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है।

छापेमारी की कार्रवाई पिछले 24 घंटे से जारी है और अभी कल भी इसके जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। आयकर विभाग की टीम ने कारोबारी के वित्तीय रिकॉर्ड, संपत्ति और बैंक लेन-देन की गहन जांच शुरू कर दी है। छापेमारी के दौरान टीम को कथित तौर पर नकदी, आभूषण, अघोषित संपत्ति से संबंधित दस्तावेज और डिजिटल डाटा भी प्राप्त हुआ है। बेकरी कारखाने में कच्चे और तैयार माल के स्टॉक का सत्यापन किया जा रहा है, साथ ही उत्पादन और बिक्री के बीच संभावित विसंगतियों की भी जांच हो रही है। सूत्रों के अनुसार, कारोबारी रितेश अग्रवाल और उनके परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। आयकर विभाग उनके वित्तीय लेन-देन और आय के स्रोतों के बारे में जानकारी जुटा रहा है। बेकरी के कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए गए हैं और उनसे मिली जानकारी के आधार पर बेकरी के उत्पादन और बिक्री के आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि कारोबारी का व्यापार पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ा है, जिसके कारण वह आयकर विभाग के रडार पर आ गया। हालांकि, आयकर विभाग ने अभी तक इस छापेमारी पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन इस गंभीर छानबीन से पूरे क्षेत्र में हलचल मच गई है।

# सीएमएस छात्रा श्रुति को एक लाख डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की मेधावी छात्रा श्रुति अवस्थी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित ऑगस्टाना यूनिवर्सिटी द्वारा 1,00,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। श्रुति ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि वर्ष 2024 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।

# 'कुंभ वाइब्स' के तहत मना मकर संक्रान्ति व लोहड़ी

अवधनामा संवाददाता



■ महाकुंभ पर आधारित अभिलेख-चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**लखनऊ।** सहारागंज में शनिवार 11 जनवरी से थ्री वीकेंड फेस्टिवल कुंभ वाइब्स का आयोजन भव्य स्तर पर शुरू हो गया। सहारागंज की ओर से आयोजित फेस्टिवल की पहली कड़ी के रूप में पहले वीकेंड शनिवार 11 जनवरी को मकर संक्रान्ति और लोहड़ी स्पेशल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हर उम्र के आगंतुकों ने बड़ी संख्या में महाकुंभ क्विज, महाकुंभ पर आधारित अभिलेख-चित्र प्रदर्शनी, काइट मेकिंग कॉन्टेस्ट, पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा कॉन्टेस्ट, गिद्दा भांगड़ा और आर्टिफिशियल बोनफायर का आनंद लिया। इस क्रम में अब दूसरे वीकेंड शनिवार 18 जनवरी को कुंभ स्पेशल त्रिधारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जबकि अंतिम कड़ी के रूप में 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से वीरों को नमन कार्यक्रम का आयोजन सहारागंज में किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विशाल कलश भी महाकुंभ के सेल्फी प्वाइंट के रूप में रखा गया है। यह उत्सव वीकेंड पर दोपहर तीन से रात आठ बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में भागीदारी पूरी तरह से निःशुल्क है। एक बार फिर सहारागंज आप सब के स्वागत के लिए तैयार है।

प्रथम कड़ी के रूप में शनिवार 11 जनवरी को महाकुंभ क्विज के माध्यम से आगंतुकों को पुरस्कार जीतने का अवसर मिला। इसमें प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 कब से शुरू हो रहा है और महाकुंभ कितने वर्ष बाद आयोजित होता है, जैसे आसान प्रश्नों के उत्तर देने वाले विजेताओं को यूथ स्किल वॉल्कैनो द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसमें आरव, आराध्य, अंश सहित अन्य ने सही उत्तर देकर प्रशंसा हासिल की। इस अवसर पर महाकुंभ पर आधारित अभिलेख-चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है। इसके माध्यम से लोग कुंभ के इतिहास से रूबरू हो रहे हैं। इसमें लोग जान रहे हैं कि समुद्र मंथन के उपरांत कौन से 14 रत्न प्राप्त हुए थे और महाकुंभ कहां-कहां होता है।

इसके साथ ही पेन्टिंग वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। इसमें शौर्य विष्ट, मेहविश, मानविक, आर्विका, देविना, देवंजना ने उत्साह के साथ भागीदारी की। इसी कड़ी में काइट मेकिंग कॉन्टेस्ट का आयोजन अन्य आकर्षण बना। इसकी खासियत यह रही कि यह पतंग भले ही उड़ी नहीं पर उसकी सजावट ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसमें प्रतिभागियों ने फोम फ्लावर, स्टीकर्स आदि से पतंगों को सजाया था। इसमें जसरूप कौर, आर्विका, अंश सहित अन्य ने कल्पनाओं की उड़ान को पतंगों पर साकार किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को यूथ स्किल वॉल्कैनो द्वारा पुरस्कृत किया गया। पंजाबी ट्रेडिशनल फैशन परेड अन्य आकर्षण बना। उसमें प्रतिभागी पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा पहन कर रैंप वॉक भी किया गया। इसमें प्रिया, जश्नू कौर, अनीता, सुनीता, गुरप्रीत कौर, सुषमा, सरिता सहित अन्य ने भाग लेकर वाहवाही लूटी। प्रोफेशनल ग्रुप नृत्य सोपान परफॉर्मिंग आर्ट द्वारा गिद्दा, भांगड़ा और पंजाबी ढोल की प्रस्तुतियों ने इस आयोजन को परवान चढाया।

# 'आपसी संवाद से निकले विवादित इबादतगाहों का हल'

अवधनामा संवाददाता

■ भारत वासुदेव कुटुम्बकुम वाला देश : डा अली जफर

**मऊ।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौरक्ष प्रान्त प्रांत के सह संयोजक डॉ. अली जफर के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक मुस्लिम समाज के सम्मानित लोगों के साथ संपन्न हुई जिसमें मुस्लिम समाज के सम्मानित लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत आबिद साहब ने मंच की दुआ पढ़ कर की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ अली जफर ने अपने सम्बोधन में कहा कि अगर हिंदुस्तान में कहीं भी किसी मस्जिद में बुत हैं तो वहां नमाज़ नही होगी इसलिए हमें आगे आकर बातचीत कर के उसका हल निकालना चाहिए। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत वासुदेव कुटुम्बकुम वाला देश है हम पूरी दुनिया को अपना परिवार मानते हैं, हम उस देश से आते हैं जिस देश से मोहम्मद साहब को सकून की ठंडी हवा आती है।

आगे बोलते हुए कहा कि भारतीय समाज में सांप्रदायिक सौहार्द्र और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐतिहासिक पहल की है। हम मुसलमानों से अपील करते हैं कि संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा राष्ट्रीहत में 142 करोड़ लोगों के लिए दिए बयान का सम्मान करते हुए, मुसलमानों को भी बड़ा दिल दिखाते हुए भारत को विकास के रास्ते पर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि अदालतें सर्वोपरि हैं लेकिन विवादित धर्मस्थलों पर संवाद के माध्यम से हल निकाला जाना चाहिए। इससे देश की एकता, अखंडता, सौहार्द, भाईचारा और मेलमिलाप बना रहता है, आपसी रंजिशें नहीं रहती हैं। इसलिए हमारा आह्वान है कि जहां कहीं भी दो पक्षों के बीच अदालत में झगड़ा चल रहा है, वहां दोनों पक्ष आपसी संवाद कर आउट ऑफ कोर्ट सेटलमेंट करें तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिए बेहतर होगा।

# वृंदावन में पार्किंग संचालकों की मनमानी

## अवैध वसूली व अभद्रता से परेशान हुए श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता

■ पूर्व में भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं अभ्रदता के वीडियो
■ दोषियों पर कार्रवाई भी हुई नहीं सुधर रहे यहां के हालात
■ स्थानीय नागरिकों ने नगर आयुक्त से की शिकायत

**वृंदावन (मथुरा)।** ब्रज का प्रमुख तीथ स्थल बांके बिहारी की नगरी में आत्म शांति एवं अपने आराध्य के चरणों में शीश नवाने के लिए हजारों की संख्या में देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। इनके वाहनों से यहां के पार्किंग संचालको मनमाना व्यवहार सामने आ रहा है। सोशल मीडिया पर पूर्व में भी वीडियो वायरल होते रहे हैं। ऐसे संचालकों के विरूद्ध अधिकारियों ने कार्रवाई की थी। उसके बाद भी पार्किंग संचालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। अब एक मामला पुनः सामने आया है जिसमें पार्किंग संचालक कार खड़ी कराने पर यात्रियों से मनमाना शुल्क मांग कर रहा। इसका विरोध यात्री के द्वारा किया जाता है तो उसके साथ अभद्रता पार्किंग संचालकों के द्वारा की जा रही है। जिससे ब्रज की छवि धूमिल हो रही है। इसकी शिकायत नगर आयुक्त से स्थानीय निवासियों ने की है।

रामताल रोड पर गणेश सिटी के पास सुनरख स्थित कुंज बिहारी पार्किंग एक बार फिर विवादों के घेरे में है। स्थानीय निवासी पप्पू ठाकुर ने नगर आयुक्त शशांक चौधरी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए पार्किंग संचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पप्पू ठाकुर का कहना है कि इस अवैध पार्किंग में तीर्थयात्रियों से बेइंतिहा वसूली की जा रही है जो श्रद्धालु इसका विरोध करते हैं, उनके साथ पार्किंग संचालक और उसके सहयोगी बदसलूकी और मारपीट करते हैं।

यहां तक कि कुछ घटनाओं के वीडियो पूर्व में सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। जिनसे न केवल वृंदावन की बल्कि स्थानीय प्रशासन की छवि को भी गहरा नुक़सान पहुँचा है। इस सिलसिले में पहले भी मुक़दमे दर्ज हो चुके हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। श्रद्धालुओं को बेइज्जत करने और उन्हें नग्न कर पीटने जैसे संगीन इल्जाम पार्किंग संचालक पर लग चुके हैं। इसके बाद संबंधित पार्किंग को ब्लैकलिस्ट किया गया था, लेकिन कुछ वक्त बाद इसे दुबारा चालू कर दिया गया।

उन्होंने अपने पत्र में नगर निगम के अधिकारियों से मांग की हे कि तीर्थनगरी वृंदावन की महत्वत्ता और श्रद्धालुओं की आस्था पर इस तरह के रवैये से जो दाग लग रहे हैं उसे मिटाने के लिए को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ताकि यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार ना हो सके।

# कंबल पाकर खुशी से खिल उठे जरूरतमंदों चेहरे

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** बढ़ती ठंड की मार को देखते हुए श्री मुरली वाला युवा सेवा समिति ने मथुरा के बीएन पोद्दार कॉलेज में एक नेक पहल की। समिति ने कॉलेज परिसर में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य उन लोगों को राहत प्रदान करना था जो सर्दी के मौसम में विशेष रूप से कमजोर स्थिति में हैं।

ठंड में लोग गर्म कपड़ों की कमी के कारण संघर्ष करते हैं। समिति ने इन लोगों को सहारा देने की पहल करते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग से किया। कंबल प्राप्त करने वाले लोगों ने खुशी व्यक्त की।

अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने कहा कि हम एक साथ मिलकर काम करते हुए लोगों के जीवन में बदलाव लाना चाहते हैं। यह पहल इस दिशा में उठाया गया एक छोटा सा कदम है। संस्था भविष्य में भी इसी तरह की गतिविधियों को जारी रखेगी और समाज की सेवा में अपना योगदान देती रहेगी। हरेंद्र सोनी ने कहा कि ठंड को देखते हुए संस्था का कंबल वितरण भोजन व भोजन वितरण अभियान निरंतर जारी है। कार्यक्रम के आयोजन पर सुनील शर्मा, सिद्धार्थ जैन, लव मित्तल, प्रदीप वेदवाल, मनीषा उपाध्याय, रामगोपाल सिंह, विपिन वशिष्ठ व योगेश कौशिक आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की। व्यवस्था में अवधेश चौधरी, दीपू, आकाश ठाकुर, रवि दीक्षित, मुदित हिंदू, यतेंद्र प्रताप सिंह, अशोक पाठक, गौरव चौधरी, बबलू पाठक, अशोक पाठक, देवो पाठक आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बैंकों का 4723 करोड़ का कर्ज दबा कर बैठ गए मथुरा के किसान

अवधनामा संवाददाता

■ बैंक कर्मचारी बार बार लगा रहे चक्कर

**मथुरा।** किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) धारकों की संख्या 2.67 लाख पहुंच गई है। उन्होंने कृषि संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंकों से 4723 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। बैंकों की ओर से किसानों को हाथों-हाथ केसीसी जारी किए जा रहे हैं, लेकिन किसान बैंकों का रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। अब तक बैंकों द्वारा इन्हें 24 बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

जिला अग्रणी प्रबंधक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के 10 ब्लॉकों में किसान साहूकारों के आगे हाथ न फैलाएं, इसके लिए उन्हें बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जाते हैं। इनके जरिए किसानों को रियायती दरों पर ऋण दिया जाता है। इससे किसान कृषि संबंधी जरूरतों को पूरा कर सकें और अपने खेतों में अच्छी फसल कर सकें।

उन्होंने बताया कि केसीसी बनवाने वाले किसानों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। साल 2024 में इनकी संख्या 2 लाख 67 हजार के पार पहुंच गई है। इन किसानों ने बैंकों से 4723 करोड़ रुपये का कर्ज ले रखा है। ये किसान अब बैंकों का रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में बैंक अधिकारी किसानों से रुपये वापस जमा कराने के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

बैंक के अधिकारियों ने बताया कि बैंकों से लिया गया कर्ज किसानों को एक साल में लौटाना पड़ता है। इस पर उन्हें महज 4 प्रतिशत की दर से सालाना ब्याज देना पड़ता है। समय से वापस नहीं करने पर किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ जाता है। इसके साथ ही बैंकों की ओर से ब्याज प्रतिशत को भी बढ़ा दिया जाता है। ऐसे में उन्हें 13 से 18 प्रतिशत वार्षिक दर से भुगतान करना पड़ता है।

जिला अग्रणी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि जिन किसानों पर केसीसी का कर्ज बकाया है। उनसे समझौता के लिए लोक अदालत में बुलाया जा रहा है। जहां पर उनका ब्याज माफ होगा, लेकिन कितना कम हुआ यह जानकारी लेकर वापस लौट जाते हैं, लेकिन कर्ज चुका नहीं रहे हैं। अब उच्चाधिकारियों के स्तर से ही आगे की कार्रवाई होगी। जिला अग्रणी प्रबंधक रोहित टंडन ने बताया कि बैंकों की ओर से 2.67 लाख से अधिक किसानों को क्रेडिट कार्ड जारी किए गए। इसी का नतीजा है कि केसीसी धारकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसान बैंकों का रुपये लौटा नहीं रहे हैं। उन्हें नोटिस भी कई बार दिया गया है।

# मथुरा डिपो को मिलीं महाकुंभ के लिए 4 नई बसें, संचालन शुरू

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** प्रयागराज महाकुंभ के लिए रोडवेज डिपो को शुक्रवार को 4 नई बसों की सौगात मिल गई है, जिनका संचालन महाकुंभ के लिए किया जाएगा। वहीं कर्मचारियों की छुट्टी भी निरस्त कर दी गई है।

डिपो के अधिकारियों ने बताया कि डिपो को 10 नई बसें मिलनी हैं, जिनमें से चार बसें आ गई हैं, अन्य जल्द ही बेड़े में शामिल हो जाएंगी। इन नई बसों को महाकुंभ के लिए नए बस स्टैंड से संचालित किया जाएगा। एक बस का संचालन प्रयागराज के लिए कर भी दिया गया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए रोडवेज बस स्टॉप पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। 13 जनवरी से यह कंट्रोल रूम सक्रिय हो जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम पर 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी। इसके लिए अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के लिए कुल 85 बसों का संचालन होना है। जिसके लिए हर समय बस उपलब्ध रहेगी। यात्रियों की संख्या 70 प्रतिशत होते ही बस को यहां से रवाना कर दिया जाएगा। डिपो के सभी कर्मचारियों की महाकुंभ को लेकर छुट्टी निरस्त कर दी गई है। ऐसे में किसी कर्मचारी को आपातकालीन छुट्टी की जरूरत होगी तो उसे ही मिलेगी। निगम के वरिष्ठ लेखाकार संतोष अग्रवाल ने बताया कि 4 बसें मिल गई हैं, अन्य बसें आने को हैं इनका संचालन भी कर दिया जाएगा।

# कलाग्राम में प्रदर्शित होगी कुम्भ की कहानी

## केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री करेगें कलाग्राम का उद्घाटन व प्रेसवार्ता

अवधनामा संवाददाता



■ कला और संस्कृति की विविधता का परिचायक है कलाग्राम

**लखनऊ।** भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के लिए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में संगम की रेती पर विशेष सांस्कृतिक गांव कलाग्राम की स्थापना की गई है। 12 ज्योतिर्लिंगों के आकार में तैयार अनोखे कलाग्राम का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत मंच प्रदान करना है।'' उक्त बातें अमिता प्रसाद सारभाई, संयुक्त सचिव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रयागराज स्थित एनसीजेडसीसी के महात्मा गांधी कला विधिका में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। संयुक्त सचिव ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को शाम 04.15 बजे महाकुंभ मेला क्षेत्र में कलाग्राम का उद्घाटन व प्रेसवार्ता करेगें। सारभाई ने कहा कि कलाग्राम, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित, नागावासुकी क्षेत्र में भारद्वाज रोड पर 10 एकड़ से अधिक में विस्तृत एक सांस्कृतिक स्थल है, जिसे शिल्प, व्यंजन एवं संस्कृति सहित देश की मूर्त एवं अमूर्त धरोहर के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत को संवर्धित करने, संरक्षित करने एवं प्रदर्शित करने के लिए निर्मित किया गया है। कलाग्राम महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का केंद्र बनेगा। इसमें विभिन्न राज्यों की लोक कलाएं, हस्तशिल्प, संगीत, नृत्य और प्रदर्शनियां प्रस्तुत की जाएंगी।

कलाग्राम में देश भर के कोने-कोने से आए कलाकारों, शिल्पकारों एवं कलाविदों को उनकी असाधारण प्रतिभा एवं चिरकालिक परम्पराओं को प्रदर्शित करने के लिए एक ही छत के नीचे लाने का प्रयास किया गया है, जहां प्रदर्शन, दृश्य एवं साहित्यिक कलाओं के लिए एक ही स्थान पर मंच प्रदान किया गया है। महाकुम्भ के 45 दिनों में, कलाग्राम, गंगावतरण एवं समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करने वाले अनुभव क्षेत्रों, महाकुम्भ के विभिन्न पहलुओं को समाहित करने वाले प्रदर्शनी क्षेत्रों, कारीगरों के कौशल, शास्त्रीय एवं लोक कलाकारों के मंत्रमुग्धकारी प्रदर्शन, सात्विक व्यंजनों की सुगन्ध, एवं यहाँ तक कि विशेष खगोल रात्रि के माध्यम से रात्रि के आकाश का अवलोकन करने के अवसर के माध्यम से एक गहन सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा। यहां बच्चों, युवाओं के लिए सेल्फी पाइंट भी बनाया गया है। 635 फीट चौड़े एवं 54 फीट ऊँचे मुख्य प्रवेश द्वार से विस्मित होने के लिए तैयार रहें, जो शिल्प कौशल का एक अद्भुत निर्माण है। 12 ज्योतिर्लिंगों के आकार में तैयार अनोखे कलाग्राम का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत मंच प्रदान करना है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष जनता दर्शन दरबार में सुनीं समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

■ गुड़, बादाम, रोटी खिला की गौमाता सेवा



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु अपने निज निवास आनंदधाम कॉलोनी पर प्रत्येक दिन जनता दर्शन दरबार लगाते हैं। आज उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा उनका संबंधित अधिकारी से बात कर उनका निस्तारण करवाया। इस दौरान भाजपा के राजू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे। वहीं उन्होंने गऊ माता की सेवा करते हुए गुड़, बादाम, रोटी खिलाया।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया ग्रामीणों की समस्याओं में सड़क, जलापूर्ति एवं बिजली, नाली खडंजा जैसी समस्याएं प्रमुख थीं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। विदित रहे कि गऊ माता में 33 करोड़ देवता विराजमान रहते हैं, उन्हीं कामधेनु की सेवा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी प्रतिदिन करते हैं। आवास पर पहुंचे ग्रामीणों ने जब जिला पंचायत अध्यक्ष का प्रेमभाव गौ माता के प्रति देखा तो उन्होंने इसकी प्रशंसा की। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया हमारे हिन्दू संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। हिन्दुस्तान में गौ को माता का रूप दिया गया है। गौ माता के साथ सनातन काल से आस्था भी जुड़ी हुई है। हमें गौ माता की रक्षा व सुरक्षा संतान की तरह करनी चाहिए।

# उप मुख्यमंत्री ने की विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना जाये। अगले कुछ दिनों में तहसील स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लें। इस प्रकार की बैठकें नियमित रूप से की जाएं।

आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाये। गो आश्रय स्थलों में गोवंश संरक्षण सुनिश्चित किया जाये। इस सम्बन्ध में जन प्रतिनिधियों से भी संवाद किया जाये। गौशालाओं में हरे चारे की उपयुक्त व्यवस्था रखी जाये।जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि सभी गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जल जीवन मिशन की समीक्षा में उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि जिस घर में नल लगा है वहाँ जल भी पहुंचे। सड़कों की मरम्मत का कार्य कार्य के उपरांत तत्काल कराया जाये। जन प्रतिनिधियों से नल से जल की उपलब्धता की जाँच करायी जाये। ग्राम स्तर पर सड़कों के पुर्ननिर्माण की जाँच करा ली जाये। बिजली विभाग को उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली कर्मचारी फोन से अच्छी तरह बात करें। सभी परिवारों तक बिजली पहुँचायी जाये। टेंडरिंग प्रक्रिया तेजी से करायी जाये। किसानों के नलकूपों को बिजली कनेक्शन में देरी न की जाये। जिलाधिकारी द्वारा इस चीज की समीक्षा की जाये। बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा जन प्रतिनिधियों से संवाद किया जाये। गलत कार्य करने वाले बिजली कर्मियों की जवाबदेही तय की जाये। एक मामले में पैसे जमा करने के बाद भी बिजली कनेक्शन न देने पर उन्होंने नाराजगी जतायी तथा कहा कि एक सप्ताह में कनेक्शन न देने पर सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। राजस्व विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि घरौनी योजना में शासनादेश के अनुरूप कार्य किया जाये। अंश निर्धारण में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जाये। उन्होंने कहा कि अधूरी




योजनाओं को समय से पूरा किया जाये। सभी अधूरी योजनाओं की समीक्षा की जाये। सड़कों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बिलग्राम हरदोई मार्ग की मरम्मत की कार्रवाई की जाये। सड़कों के चौड़ीकरण के कार्य को तेजी से कराया जाये। नगर निकायों में महापुरुषों की मूर्तियों के लिए स्थान चिन्हित किया जाये। अवैध खनन के मामले में कार्रवाई की जाये। किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। उन्होंने खनन अधिकारी को अवैध खनन के कुछ मामलों में कार्रवाई न होने पर कड़ी फटकार लगायी। कार्यालयों में प्राइवेट लोगों को न रखा जाये। सभी उद्घाटन व शिलान्यास में प्रोटोकॉल का पालन किया जाये। निर्धन लोगों को भूमि के पट्टे आवंटित किये जाएं। वृद्धावस्था पेंशन समय से खातों में प्रेषित की जाये। ग्राम चौपाल का रोस्टर सभी जन प्रतिनिधियों को प्रेषित किया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रता व अपात्रता का पूरा ध्यान रखा जाये। वर्तमान में चल रहे सर्वे का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। बैठकों में पूर्व प्रधानों को शामिल किया जाये। क्षेत्र पंचायत के माध्यम से भी मनरेगा के कार्य कराये जाएं। प्रस्ताव न लेने वाले बीडीओ की जवाबदेही तय की जाये। पुलिस विभाग को उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस की कार्यशैली को बेहतर बनाया जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनायें। उन्होंने कहा कि चकरोडों, तालाब व सार्वजनिक स्थानों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाये। इसके लिए एक अभियान चलाया जाये। प्रतिमाह कम से कम एक दिन स्वच्छता का अभियान चलाया जाये। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्रों को आच्छादित कराया जाये। एक वृहद कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र दिए जाएं। इन पात्रों को विभिन्न अन्य योजनाओं से भी आच्छादित कराया जाये। जनपद में नवाचार को बढ़ावा दिया जाये। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाये व लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाये। भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री नितिन अग्रवाल, राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती, सदस्य विधान परिषद श्री अशोक अग्रवाल, विधायक सवायजपुर श्री माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन, जिला प्रभारी भाजपा शंकर लाल लोधी, क्षेत्रीय मंत्री अनुसूचित मोर्चा पीके वर्मा व अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आज के नौजवानों को सेनानी बिगुलर से प्रेरणा लेनी चाहिए

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जनपद में असंख्य सेनानियों ने देश की आजादी के लिए लड़ाईयाँ लड़ीं उन्हीं सेनानियों ने प्रख्यात सेनानी महावीर प्रसाद गुप्ता 'बिगुलर' ने अंग्रेजों के जंग छेड़ रखी थी जिसके कारण उन्हें कई बार जेल की कालकोठरी में डाला गया। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुये स्थानीय कचेहरी स्थिति सेनानी भवन में सेनानी बिगुलर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये, अधिवक्ता संघ अयोध्या के महामंत्री गिरीश चन्द्र तिवारी ने आगे कहा कि आज के नौजवानों को सेनानी बिगुलर से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं श्रद्धांजलि समारोह को सम्बोधित करते हुये अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष चन्द्र भान सिंह ने कहा कि शहीदों व सेनानियों के बलिदान व उनके त्याग के रूप में जो हम सब पर उनका जो ऋण है वह देश कभी चुका नहीं सकता, सेनानी बिगुलर ने अपने जीवन का सर्वस्व न्यौछावर कर रखा था आजादी की लड़ाई में। समारोह को सम्बोधित करते हुये अधिवक्ता आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि श्रद्धेय बिगुलर जी ने फैजाबाद के स्वतन्त्रता आन्दोलन को एक नई दिशा व एक नई पहचान दी थी। आज आवश्यकता है कि जनपद के आजादी के इन दिवानों का एक संकलित इतिहास समाज के सामने रखा जाय जिससे आने वाली पीढ़ी इनके बारे में विस्तार से जान सके। अपने सम्बोधन में अधिवक्ता सोमनाथ तिवारी ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम अपने आने वाली पीढ़ी के सामने आजादी के इन सिपाहियों की गौरव गाथा प्रस्तुत करें। समारोह का संचालन करते हुए सेनानी परिषद के सचिव मनोज मेहरोत्रा ने श्रद्धेय सेनानी बिगुलर के जीवन गाथा से उपस्थित लोगों को परिचित कराते हुये उनके कार्यों और उनकी कार्यशैली से लोगों को परिचित कराया। उक्त अवसर पर बोलते हुए सेनानी के ज्येष्ठ पौत्र केशव बिगुलर एडवोकेट ने कहा कि दादा जी सदैव विषम परिस्थित में भी हम सब का हौसला बढ़ाते रहे। जिस कारण हम और हमारे साथी सेनानी वंशजगण सदैव शहीदों व पूर्वजों के बताये मार्ग पर चलकर हम सेनानियों और उनके परिजनों के लिए और राष्ट्रहित में कार्य कर रहे हैं। समारोह को भाजपा नेता पूर्व पार्षद अनुभव जायसवाल, अधिवक्ता परिषद् अवध प्रांत उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एडवोकेट सेनानी आश्रित प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ,कांग्रेस के उग्रसेन मिश्रा, अशोक कनौजिया व कर्मचारी नेता कपिल देव ने भी सम्बोधित किया। श्रद्धांजलि सभा में अमर प्रकाश सिंह एडवोकेट, विपिन यादव एडवोकेट, करमजीत सिंह, शिव मोहन अग्रहरि, आशीष अग्रहरि , रामतेरस कसौधन, योगेश पाण्डेय, सुनील दत्त सूर्य, सुल्तान अजहर, शशिधर पाण्डेय एवं आलोक द्विवेदी आदि तमाम गणमान्य बन्धुओं ने भी अमर सेनानी को अपनी भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित की, वही तमाम प्रमुख बुद्धिजीवी, पत्रकार बन्धु एवं अधिवक्तागण मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल रहे।

# निस्तारण की गुणवत्ता को लेकर तय हो जवाबदेही : जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर असंतोषजनक फीडबैक के सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा विभाग व समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को एक शिकायत का गुणवत्ता के साथ न कराये जाने को लेकर प्रतिकूल प्रविष्टि देने तथा भविष्य के लिए सचेत करने के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी को दो शिकायतों की निस्तारण आख्या की खराब गुणवत्ता को लेकर उन्होंने कड़ी फटकार लगायी तथा जाँचकर्ता अधिकारी एबीएसए रतन लाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। तहसील की अस्पष्ट रिपोर्ट को लेकर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी संडीला व कानून गो को कारण बताओ नोटिस जारी करने व लेखपाल को निलंबित करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायत को लेकर उन्होंने एबीएसए मल्लावां को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता के साथ न होने पर सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी निर्धारित संख्या में प्रतिदिन निस्तारण संख्या में जाँच करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी तान्या सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर आयोजनों की धूम

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ द्वादशी के शुभ अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रमों एवं आयोजनों की धूम मच गई है, जिसके क्रम में मिल्कीपुर क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत गोकुला में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में गरीबों निराश्रितों एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास एवं समृद्धि पहल संस्थान के अध्यक्ष आशुतोष सिंह के द्वारा आयोजित किया गया। संस्था द्वारा कोरोना काल में भी गरीबों को घर-घर राशन वितरित किया था। संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष विद्यालयों में अध्यनरत नौनिहालों को स्टेशनरी वितरित की जा रही है। इसके अलावा सीलिंग फैन, ट्राई साइकिल, वाटर कूलर वितरित किया जा चुका है। आशुतोष सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका में वैज्ञानिक हमारे चाचा डॉ हरि प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में हो रहा है।

# निजी कार्य के लिए मिट्टी या बालू खनन के लिए नहीं है कोई रोक

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** निजी कार्य से मिट्टी या बालू खनन करने वाले सामान्य जन या किसानों को अब पुलिस खनन विभाग के अधिकारी परेशान नहीं कर सकेंगे। शासन ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी डीएम व एसएसपी के लिए विस्तृत गाइड लाइन जारी की है। शासन की ओर से यह निर्देश दिया गया है कि गाइडलाइन का सही ढंग से पालन कराया जाय। मुख्य सचिव की ओर से जारी गाइड लाइन में कहा गया है कि शासन के संज्ञान में इस तरह की शिकायतें आ रही हैं कि, जन-सामान्य द्वारा अपने निजी कार्य अथवा सामुदायिक कार्य के लिए अपने खेत से मिट्टी खुदाई कर ले जाने पर पुलिस व प्रशासन के द्वारा परमिट की मांग करते हुए रोका जा रहा है। जबकि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के अनुसार 100 घनमीटर तक खनन परिवहन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है। इस कार्य के लिए सम्बन्धित व्यक्ति को विभाग की ओर से जारी आईडी पर अपनी आवश्यक सूचना भरते हुए रजिस्टर कराना है। और उपरोक्त रजिस्ट्रेशन की प्रति के साथ वह स्वयं की भूमि पर मिट्टी खनन व परिवहन कर सकता है। 100 घनमीटर मिट्टी से अधिक खनन व परिवहन के लिए अनुज्ञा/परमिट प्राप्त करने की आवश्यकता है। जिसमें उन्हें ऑनलाईन आवेदन करना है। यह सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा ऑनलाईन अनुमोदन के उपरान्त निर्गत किया जाता है। सामान्यतः 01 ट्रैक्टर ट्राली से 03 घनमीटर साधारण मिट्टी का परिवहन किया जाता है, जिसके आधार पर 100.00 घनमीटर साधारण मिट्टी के परिवहन के लिए लगभग 33 ट्रैक्टर ट्रालियों का प्रयोग किया जा सकता है।

## विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** विश्व हिंदी दिवस के मौके पर हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान द्वारा आयोजित की गई संगोष्ठी संगोष्ठी के मुख्य अतिथि अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी ने राम कथा और हिंदी फिल्मों के सुमधुर संगीत को हिंदी के वैश्विक विस्तार में अहम योगदान के रूप में बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी ने अपनी मिठास और सुमधुरता के कारण दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई है।वहीं मिथिला बिहारी दास महाराज ने रामचरितमानस को हिंदी के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले एक प्रभावशाली काव्य के रूप में प्रस्तुत किया। वहीं, समाजसेवी शरद पाठक बाबा ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह में काव्योत्सव का आयोजन भी हुआ, जिसमें कई प्रमुख कवियों ने अपनी रचनाओं से कार्यक्रम में चार चाँद लगाए। हिंदी संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सम्राट अशोक मौर्य ने समारोह के दौरान हिंदी को समृद्ध करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# मिल्कीपुर चुनावः राष्ट्रीय लोक दल समर्थन हेतु कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अयोध्या नगर निगम के महापौर पूज्य महंत श्री गिरीश पति त्रिपाठी जी का आगमन आज राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या विश्वेश नाथ मिश्र सुड्डू मिश्रा के आवास पर मिल्कीपुर विधानसभा के चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल समर्थन हेतु आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ राजेश तिवारी ने और संचालन रालोद के नवनियुक्त नेता गंगाराम वर्मा ने किया कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने माननीय पूज्य महंत जी का फूल मालाओं से स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी जी ने रालोद के सभी पदाधिकारी और साथियों से मिल्कीपुर विधानसभा में हो रहे उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी को जीताने की अपील किया उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जो विकास का कार्य पूरे अयोध्या जनपद में चलाया जा रहा है उसे और गति देने के लिए तथा भारत और प्रदेश सरकार की हौसला अफजाई करने के लिए यह उप चुनाव जीतना अत्यंत आवश्यक है अयोध्या से भाजपा का लोकसभा हारना पूरे देश में एक चिंता का विषय है उसे चीज को खत्म करने के लिए मिल्कीपुर विधानसभा का चुनाव जीतना है महापौर जी के कहने पर रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष और फैजाबाद जिले के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विश्वेश नाथ मिश्र सुड्डू मिश्रा ने अपने समस्त पार्टी के साथियों को और अपने समर्थकों से अपील किया की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी जी के आदेश पर हम सभी लोग एनडीए के हिस्सा हैं जिसके तहत रालोद का हर कार्य कर्ता मिल्की पूर्व चुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी को जीताने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।

# राज्य मंत्री गुलाबो देवी जी द्वारा टी वी खोज अभियान पर अपील

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने जनता से 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि यह अभियान टीबी जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी को जड़ से समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

**टीबी के प्रति जागरूकता का आह्वान:** राज्य मंत्री ने जनता को जागरूक करते हुए कहा कि टीबी पूरी तरह से ठीक हो सकने वाली बीमारी है, बशर्ते समय पर जांच और इलाज हो। उन्होंने आग्रह किया कि कोई भी व्यक्ति टीबी के लक्षणों जैसे लंबी खांसी, बुखार, वजन घटना और भूख की कमी को नज़रअंदाज़ न करें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच करवाए।

**अभियान की विशेषताएं:** राज्य मंत्री ने जानकारी दी कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर टीबी के संदिग्ध मामलों की पहचान करेंगी। टीम द्वारा स्क्रीनिंग, सैंपल संग्रह और जांच की प्रक्रिया पूरी तरह से निःशुल्क होगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी संदिग्ध मामले को उपचार के दायरे से बाहर न रखा जाए। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी के मरीजों को इलाज के दौरान ‹‹निःक्षय पोषण योजना›› के तहत प्रति माह 1000 दिए जा रहे हैं, ताकि उन्हें पोषण और देखभाल में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि यह सहायता सरकार की मंशा को दर्शाती है कि हर टीबी मरीज को न केवल इलाज बल्कि समुचित पोषण भी मिले।

**सामूहिक प्रयास का आह्वान:** उन्होंने जनता से अपील की कि वे स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और इस अभियान में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही टीबी मुक्त भारत 2025 के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने अपने संदेश में कहा, टीबी को हराने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। लेकिन यह तभी संभव है जब हर नागरिक जागरूक हो और इस मुहिम में अपना योगदान दे। आपका सहयोग ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है। अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और टीबी के खिलाफ इस जंग में अपनी भूमिका निभाएं। टीबी हारेगा, देश जीतेगा।

## हिंसा के दो और आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किये

**संभल।** 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई पत्थर बाजी में शामिल दो और आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं पुलिस ने मुहल्ला कोट गर्बी निवासी दिलनवाज और असद को जेल भेजा है पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया है कि हिंसा के दौरान पत्थर बाजी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी फोटो के आधार पर की जा रही है अब तक 54 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में पाँच लोगो की मौत हुई थी पुलिस कर्मियों के साथ अन्य लोग घायल हुए थे हिंसा के दौरान पत्थर बाजी करने वाले लोगों की पहचान फोटो वीडियो के आधार पर करके पुलिस कार्रवाई कर रही है हिंसा के बाद से संभल मे पुलिस प्रशासन युद्ध स्तर पर तीर्थस्थलो धर्म कूपो की खोजबीन करके अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है जिनको उनके पुराने स्वरूप मे लाया जा सके। सुरक्षा के लिहाज से संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिस मौजूद है जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी सत्यव्रत का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे जामा मस्जिद के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहे।

# राम हैं तो राष्ट्र है, राष्ट्र है तो राम हैं : सीएम योगी

जय प्रकाश गुप्ता

- सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता :सीएम योगी
- श्रीराम लला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- सनातन धर्म के सभी स्थलों के लिए नई प्रेरणा का केंद्रबिंदु बनने वाला है श्रीराम जन्मभूमि मंदिर



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता व संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान व उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीरामलला के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम के उपरांत अपनी बातें रखीं। अंगद टीले में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि की। सीएम ने अशोक सिंहल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रतिष्ठा-द्वादशी के रूप में त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया है। 22 दिसंबर 1949, रामलला का अपनी जन्मभूमि में प्रकटीकरण होना, इस पूरी लड़ाई की पृष्ठभूमि को आगे बढ़ाता हुआ आज इन स्थितियों में पहुंचा कि प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष के उपरांत आज मंगलगान के साथ अभिभूत होकर हम सभी गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। इसके उपरांत भी अनेक तिथियां आईं, जिस पर न्यायसंगत तरीके से मर्यादा के अनुसार धैर्य की अग्निपरीक्षा देते हुए हर भारतवासी गुजरा, लेकिन ध्येय सबका रहा कि प्रभु श्रीरामलला विराजमान हों। संतों के सानिध्य में पीएम ने रामलला को कराया था प्रतिष्ठित सीएम ने कहा कि इसका शुभारंभ 9 नवंबर 2019 को हुआ, जब न्यायपालिका ने सर्वसम्मत से निर्णय सुनाया कि अयोध्या में जहां विवादित ढांचा था, वह रामजन्मभूमि है। वहां ट्रस्ट गठित करते हुए प्रभु के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए।

5 अगस्त 2020 को इसी अयोध्या धाम में आकर पीएम मोदी ने प्रभु रामलला के भव्य राममंदिर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) के दिन पीएम मोदी ने देश भर से आए हर तबके के नेतृत्ववर्ग की उपस्थिति व संतों के सानिध्य में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए रामलला को उनकी जन्मभूमि में प्रतिष्ठित कराने का कार्य किया था। सीएम ने कहा कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत औसतन प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं का आगमन अयोध्या धाम में हो रहा है। आज अयोध्या जिस रूप में है, वह किसी से छिपी नहीं है। दस वर्ष पहले किसी ने अयोध्या के बारे में नहीं सोचा था कि इसे इसका अधिकार प्राप्त होना चाहिए। 2014-2017 के पहले अयोध्या को बमुश्किल तीन-चार घंटे बिजली मिलती थी। राम की पैड़ी में सरयू जी का जल सड़ता रहता था। हजारों वर्ष पहले लंका पर विजय प्राप्त करने के उपरांत भगवान पुष्पक विमान से अयोध्या पधारे थे। हजारों वर्ष बाद भी अयोध्या में एयरपोर्ट नहीं था, लेकिन आज अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। अयोध्या की सड़कें (फोरलेन, सिक्सलेन) त्रेतायुग का स्मरण करा रही हैं। सरयू मैया के घाट अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। राम की पैड़ी में अब सरयू जी का जल सड़ता नहीं। सीएम ने कहा कि अयोध्या अब अयोध्या होने का अहसास कराती है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सौलर सिटी बन चुकी है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है तो नए उत्तर प्रदेश की नई अयोध्या अपने तीर्थ होने के गौरव के साथ पूरे देश को अपने साथ जोड़ रही है। यह एक दिन में नहीं हुआ, इसके लिए लंबे संघर्ष को बढ़ाना पड़ा। दर्जनों पीढ़ियां चली गईं, लेकिन एक ही कामना थी कि अयोध्या में प्रभु रामलला को विराजमान होता देख सकें। कई संत व भक्त अधूरी कामना लिए चले गए, लेकिन उनका संकल्प दृढ़ था।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा दिवस की दी बधाई

**हरदोई।** 12 जनवरी को हमारे महापुरुष स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद हरदोई के सभी निवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द समस्त युवाओं के लिए एक प्रेरणाश्रोत है, इसलिये उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने विश्व समुदाय के समक्ष भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा को रखा, तथा भारतीय अध्यात्म को विश्व पटल पर एक पहचान दिलाई। 1892 मे उनके द्वारा सिकागों में दिया गया भाषण सभी देशवासियों के लिए एक वैश्विक यादगार है। हम सभी को ऐसे महापुरुषों के जीवन से सीख लेनी चाहिए तथा उनके द्वारा बताये गये मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।



### मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत जनपद संभल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सम्भल।** जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन के कारण माह दिसम्बर 2024 में विकास से सम्बन्धित मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, उत्तर प्रदेश की जारी प्रगति रिपोर्ट में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत जनपद संभल ने प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद संभल का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय, माह सितंबर 2024 में तृतीय, माह अक्टूबर 2024 प्रथम तथा माह नवंबर 2024 में द्वितीय स्थान था। जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन से जनपद ने माह दिसम्बर 2024 में प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलाधकारी ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारियो, समस्त खण्ड विकास अधिकारियो, समस्त अन्य अधिकारियो एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए यह निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक पात्र बालिकाओ का आवेदन कराने के साथ-साथ प्राप्त आवेदन पत्रों पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार उसका स्थलीय जांच कर आवेदन पत्रों का निस्तारण करना सुनिश्चित करे, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से मिल सके।

### संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद की अधबनी जर्जर दुकानें कमेटी ने गिरवायी

**संभल।** शहर में दिन प्रतिदिन किसी न किसी कूप और तालाबो को प्रशासन अतिक्रमण मुक्त कर रहा हैं। जामा मस्जिद की अधबनी जर्जर दुकानों को प्रशासन ने हटाने के निर्देश दिए तो कमेटी खुद अपनी दुकानों के जर्जर हिस्से को गिरवाया है। शनिवार को शाही जामा मस्जिद की वर्षो पहले बनी दुकाने है। इन दुकानों पर किसी वजह से लेंटर नही डल सका था। शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन की ओर से जर्जर दुकानों को हटाने का नोटिस दिया गया था। निर्देश मिलने पर शनिवार की सुबह जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष पहुँचे और जर्जर दुकानों को हटवाने लगे। इस की सूचना पर उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा भी पहुँची। उन्होंने देखा कि स्वयं कमेटी जर्जर दुकानों को हटा रही है तो वह वहां से चली गईं। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष ज़फर अली एडवोकेट ने बताया कि नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से उन्हें नोटिस मिला। यह दुकाने जामा मस्जिद की है। इन दुकानों का नक्शा भी पास है। किसी वजह से इसका लेंटर नही पड़ सका था। एसडीएम से मौखिक रूप से इसे हटाने को वार्ता हुई थी। जर्जर होने की वजह से किसी दिन कोई हादसा न हो जाए इसलिए कमेटी स्वयं हटा रही है।

### मजदूर का शव नाले मे मिला

**सम्भल।** चन्दौसी मार्ग पर नाले मे मजदूर का शव पडा मिला है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के चन्दौसी मार्ग पर नाले मे शव होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव को नाले से निकलवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है मृतक की पहचान उदयवीर निवासी ग्राम हिडोली के रूप मे हुई है। उदयवीर मजदूरी करने को कह कर घर नहीं पहुंचा था शव मिलने की सुचना पर उदयवीर की पत्नी अनुपा उर्फ माया ने बताया कि उदयवीर संभल मे मजदूरी करने की बात कह कर गया था देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो तलाश की गयी लेकिन कोई अता पता नहीं चला पुलिस ने उदयवीर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है जिससे मौत का कारण पता चल सकेगा।

### सीएम योगी ने किया मोहब्बत को सम्मानित



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामलला सरकार के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत कार्यक्रम में मंच पर छह वर्ष के बालक मोहब्बत को सम्मानित किया। मोहब्बत पंजाब के पाकिस्तान बॉर्डर के फाजिल जिले के अबोहर कस्बे से शुक्रवार को अयोध्या के सरयू तट पर पहुंचा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंच पर बताया कि इस बालक ने 14 नवंबर से दौड़ लगाना प्रारंभ किया। लगभग 1200 किमी. दूर दौड़ लगाकर यह अयोध्या आया है। इसने प्रतिदिन 19-20 किमी. दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री ने बालक मोहब्बत को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सीएम ने उसे चॉकलेट भी प्रदान किया और उसका हालचाल पूछकर हौसला अफजाई भी की।

# ठंड की वजह से नीली पड़ जाती हैं उंगलियां तो अपनाएं ये उपाय, जल्द मिलेगी राहत

सर्दियों में मौसम में हम सभी को कई तरह की समस्याएं होती हैं। इन्हीं समस्याओं में एक है पैरों की उंगलियों में सूजन हो। ठंड की वजह से उंगलियों में खुजली होने लगती है और यह लाल और नीली पड़ जाती है। बता दें कि ऐसी स्थिति तब होती है, हाथों-पैरों में ब्लड की पर्याप्त आपूर्ति न हो सके। लेकिन इसमें घबराने वाली बात नहीं है। अगर सर्दियों में आपके साथ भी यह समस्या होती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक्सपर्ट द्वारा बताए गए कुछ ऐसे उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप इस समस्या से बच सकते हैं।

*चिलब्लेन्स से कैसे पाएं राहत*

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो इस समस्या के होने पर आपको ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर चीजों का सेवन करना चाहिए। आपको अपनी डाइट में अखरोट और फ्लैक्स सीड्स को शामिल करना चाहिए। क्योंकि यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है और ब्लड की आपूर्ति को बेहतर होती है। इससे हाथों और पैरों में ब्लड सर्कुलेशन ठीक से होता है।



इसके साथ ही आपको आयरन से भरपूर फूड आइटम जैसे चुकंदर और पालक जैसी सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करता चाहिए। इससे बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। क्योंकि जब शरीर में आयरन की कमी होती है, तो ब्लड सर्कुलेशन में बाधा आती है। इससे पैरों में सूजन और रंग में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।

चिलब्लेन्स की समस्या से बचने के लिए आपको हल्दी वाला दूध पीना चाहिए। हल्दी में इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो दर्द और सूजन से राहत देने का काम करते हैं। हल्दी वाला दूध पीने से शरीर को अंदर से गर्मी मिलती है और यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है।

सर्दियों में मौसम में यह जरूरी होता है कि आप खुद को ठंड से बचाकर रखें। आपको अपने हाथों और पैरों को भी ठंड से बचाकर रखना चाहिए। सर्दियों में आप हाथ-पैरों को गर्म रखने के लिए गर्म दस्ताने और मोजे आदि पहनें। जिससे उंगलियों में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है।

शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए आप नियमित रूप से कुछ शारीरिक गतिविधियां कर सकते हैं। जैसे पैदल चलना, दौड़ना या फिर हल्की एक्सरसाइज करना। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।

आप हाथों और पैरों को ठंड से बचाने के लिए हल्की मालिश कर सकते हैं। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और नसों का खिंचाव भी कम होता है।

## दर्द के लिए जबरदस्त है यह आयुर्वेदिक उपाय, गर्म पानी में डालें ये चींजे औ पी जाए, दर्द होगा दूर

आजकल दर्द की समस्या काफी आम हो गई है। दर्द की समस्या से लोग इतना परेशान है कि लोग इसे रोकने के लिए पेनकिलर का लेते हैं। स्ट्रेस, चोट, अकड़न की वजह से भी यह समस्या पैदा होती है। अगर आपको बार-बार दर्द बना रहता है। तो छुटकारा पाने के लिए दवाएं लेते हैं, लेकिन दर्द कम करने वाली दवाओं खाने से शरीर को नुकसान होता है। इसके जगह आप आयुर्वेदिक ये उपाय करें और मिलेगा दर्द से आराम।

*घर में कैसे बनाएं पेनकिलर*

*सामग्री*

सोंठ
कैस्टर ऑयल
पानी

*कैसे बनाएं*

- सबसे पहले आप एक पैन लें उसमें 100 द्रव्य पानी लेकर उबालें।



- अब इसमें 5 ग्राम सोंठ पाउडर मिला लीजिए।
- सोंठ मिलाने के बाद 5 द्रव्य अरंडी का तेल डालकर अच्छे से मिलाएं।
- फिर आप इसको सुबह-शाम जरुर पिएं।

*ये दर्द होगे दूर*

- जोड़ो का दर्द
- कमर दर्द
- पेट में सूजन या दर्द
- पेट के निचले हिस्से में
- बार-बार पेशाब करना
- ब्लैडर में सूजन

## सीने में जमे बलगम को आसानी से निकाल देगा ये देसी काढ़ा, जल्द मिलेगा आराम



पूरे देश में इन दिनों सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। लगातार पारा गिर रहा है और गिरते पारे के साथ खांसी और सर्दी-जुकाम जैसी समस्या बढ़ती जा रही है। सर्दियों के मौसम में सीने में बलगम जमने की समस्या हो जाती है। इसकी वजह से खांसी और कई बार सांस लेने में भी मुश्किल होती है। सीने में जमे बलगम की वजह से कई बार नींद का आना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार खांस-खांसकर सीने और पसलियों में दर्द भी होने लगता है। वैसे तो ठंड बढ़ने पर यह समस्या काफी आम होती है। लेकिन इस पर समय रहते ध्यान देना जरूरी होता है। वरना आपकी मुश्किल और भी बढ़ सकती है।

बता दें कि सीने में जमा बलगम, गले का इंफेक्शन और सर्दी-खांसी कई बार निमोनिया का रूप ले लेती है। इसलिए इस पर समय रहते ध्यान देना चाहिए। सीने में जमे बलगम के कारण आपको सांस लेने में मुश्किल आ रही है और खांस-खांसकर आपका बुरा हाल हो गया है, तो दादी-नानी मां का देसी काढ़ा आपकी सहायता कर सकता है।

*देसी काढ़ा की सामग्री*
*मुलेठी- आधा इंच*
*अदरक- आधा इंच*
*लौंग- 4-5*
*काली मिर्च- 5-6*

*बनाने की विधि*

सबसे पहले इन सभी चीजों को पानी में डालकर तब तक उबालें, जब तक इसका रंग न बदलने लगे।

अब इसको छान लें और रूम टेम्परेचर पर आने दें।

फिर इसमें शहद मिक्स कर लें।

इसके बाद आप दिन में दो बार इसका सेवन कर सकती हैं।

नानी मां का यह देसी काढ़ा

बता दें कि मुलेठी और शहद में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। यह सीने में जमे बलगम को पतला करता है और उसको आसानी से बाहर निकालने में सहायता करता है।

मुलेठी में ब्रोन्कोडायलेटर गुण पाए जाते हैं। यह पुरानी से पुरानी खांसी को दूर करने में सहायक है और छाती में जमे बलगम और गले की खराश को दूर करने में भी असरदार है। यह काढ़ा खांसी और जुकाम को कम कर सकता है।

इस काढ़े की तासीर गर्म होती है और सर्दियों में इसका सेवन करना काफी फायदेमंद होता है।

एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आपको लगातार खांसी की समस्या है या गला सूख रहा है। तो सोते समय इस काढ़े का सेवन जरूर करना चाहिए।

अदरक में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। बलगम को बाहर निकालने में सहायता कर सकते हैं।

खांसी, फ्लू, सर्दी, बदन दर्द और बलगम की समस्या से निजात पाने में यह काढ़ा काफी फायदेमंद है।

लौंग में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है। यह गले की खराश और दर्द को कम कर सकता है।

लौंग और काली मिर्च छाती में गर्माहट पैदा करने का काम करती है। इससे फेफड़ों में जमा बलगम आसानी से बाहर निकल जाता है।

## झड़ते बालों को रोकना ही नहीं बल्कि बाल उगाना भी हुआ आसान, जानें आयुर्वेदिक समाधान

आजकल के भाग-दौड़ भरे जीवन में बालों की सही देखभाल करना बहुत जरूरी है। प्रदूषण, तनाव, और गलत आहार के कारण बालों की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लेकिन अब, बालों की समस्याओं का समाधान मिल चुका है। Herb Ocean Hair Oil by Roshni Botanicals एक ऐसा आयुर्वेदिक तेल है, जो 16 प्राकृतिक हर्बल घटकों का बेहतरीन मिश्रण है। यह तेल आपके बालों को पूरी तरह से पोषण देने और उन्हें स्वस्थ, लंबा और मजबूत बनाने में मदद करता है।

हर्ब ओशियन हेयर ऑयल का अद्भुत मिश्रण

इस तेल में 16 हर्बल तत्व शामिल हैं और यह तेल आयुर्वेदिक विधियों से तैयार किया गया है। इनमें मुख्य रूप से आंवला, भृंगराज, रोज़मेरी, जटामांसी, चिरिला, नीम, गुड़हल के फूल, गुलाब और अन्य महत्वपूर्ण हर्बल तत्व शामिल हैं। इन सभी का मिश्रण बालों की सेहत के लिए अत्यंत प्रभावशाली है जिस कारण यह तेल सर्टिफाइड है आपके नये बालों को उगाने के साथ साथ उन्हें झड़ने से रोकने के लिए भी।

***आंवला :*** बालों की जड़ों को मजबूत करता है और बालों के झड़ने को रोकता है।


***भृंगराज :*** बालों की वृद्धि को प्रोत्साहित करता है और सिर की त्वचा को स्वस्थ रखता है।

***जटामांसी :*** तनाव को कम करने और बालों को झड़ने से रोकने में मदद करता है।

***चिरिला :*** बालों में नमी बनाए रखता है और उन्हें शुष्क होने से बचाता है।

***नीम :*** सिर की त्वचा की समस्याओं जैसे की डैंड्रफ और खुजली को दूर करता है।

***गुड़हल के फूल :*** बालों की शाइन को बढ़ाता है और उन्हें मुलायम बनाता है।



***गुलाब :*** बालों को सौम्यता और चमक देता है।

इन प्राकृतिक और हर्बल तत्वों का मिश्रण आपके बालों को अंदर से बाहर तक पोषण देता है और बालों को लंबा, मजबूत और चमकदार बनाता है। यह तेल आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से बना है इसलिए यह आपके दिमाग के तनाव को भी कम करने में मदद करता है।

*इस तेल से क्या लाभ मिलेगा?*

**बालों की वृद्धि में मददः** यह तेल बालों की जड़ों को मजबूती प्रदान करता है, जिससे बालों की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

**बालों का झड़ना और टूटना रोकेः** इसका हर्बल मिश्रण बालों के झड़ने और टूटने को रोकता है।

**डैंड्रफ और खुजली से राहतः** नीम और अन्य हर्बल तत्व सिर की त्वचा को स्वस्थ रखते हैं और डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा दिलाते हैं।

***सूखापन और स्प्लिट एंड्स से छुटकारा :*** यह तेल बालों को गहरी नमी प्रदान करता है, जिससे बाल मुलायम रहते हैं और स्प्लिट एंड्स की समस्या खत्म हो जाती है।

***कोई कृत्रिम रंग या रसायन नहीं:*** इस तेल में कोई भी कृत्रिम रंग, रसायन या हानिकारक तत्व नहीं हैं इसलिए यह पूरी तरह से प्राकृतिक और सुरक्षित है।

*आयुर्वेदिक तकनीक का उपयोग*

इस तेल को पूरी तरह से आयुर्वेदिक तकनीकों के अनुसार तैयार किया गया है, जैसा कि हमारे प्राचीन वेदों में उल्लेखित है। यह तेल न केवल बालों को बाहरी तौर पर सुंदर बनाता है, बल्कि यह आंतरिक रूप से भी बालों को स्वस्थ बनाता है।

*किसके लिए उपयुक्त है?*

इस तेल का उपयोग वह सभी महिलायें और पुरुष कर सकते हैं, जो लंबे, मजबूत और स्वस्थ बाल चाहते हैं। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए अच्छा है जो बालों के झड़ने, गंजापन, डैंड्रफ, सूखेपन, या स्प्लिट एंड्स की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा, यह उन लोगों के लिए भी एक बेहतरीन विकल्प है जो रासायनिक तत्वों से दूर रहकर प्राकृतिक तरीके से बालों की देखभाल करना चाहते हैं।

*उपयोग विधि*

इस तेल को सप्ताह में 2-3 बार बालों की जड़ों में अच्छी तरह से मसाज करें। इस तेल को रातभर या 1-2 घंटे तक बालों में लगा रहने दें और फिर शैम्पू से धो लें। इससे बालों में चमक और मजबूती आएगी।

हर्ब ओशियन हेयर ऑयल एक प्राकृतिक और आयुर्वेदिक समाधान है, जो आपके बालों को सुंदर, स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक सभी गुण प्रदान करता है। यदि आप बालों की देखभाल में प्राकृतिक तत्वों को प्राथमिकता देते हैं, तो यह तेल आपके लिए एक आदर्श विकल्प है। आप इस तेल को इनकी वेबसाइट (www.roshnibotanicals.com) से या फिर अमेज़न से खरीद सकते हैं।

## क्या सर्दी में खांसी से परेशान हैं आप? दवाइयों की जगह अनानास खाएं, मिलेगी राहत

सर्दी के मौसम में अगर आप खांसी से परेशान हैं तो दवाइयों की जगह अनानास का सेवन करें। यह सलाह हम नहीं बल्कि आयुर्वेद के एक डॉक्टर ने दी है। डॉक्टर के अनुसार खांसी होने पर अनानास दवा की तरह काम करता है क्योंकि इसमें ब्रोमेलैन नामक एक अद्भुत एंजाइम होता है। यह एंजाइम सूजन को कम करने, बलगम को ढीला करने, खांसी को दबाने और सांस लेने में सुधार करने में मदद करता है।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. दीक्सा भावसार सावलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने खांसी में अनानास खाने के फायदों के बारे में बताया है। इस वीडियो में डॉक्टर ने यह भी बताया कि अनानास का सेवन कितना और कैसे करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने खांसी से निजात पाने के दूसरे तरीके भी बताए।



डॉ. डिक्सा ने बताया कि खांसी से राहत पाने के लिए लोग दिन में तीन स्लाइस अनानास खा सकते हैं। इसके अलावा लोग ताजा अनानास का जूस भी पी सकते हैं। डॉक्टर ने लोगों को अनानास के जूस में शहद, नमक और काली मिर्च मिलाकर पीने की सलाह भी दी है।

*खांसी/जुकाम/वायरल के लिए कुछ अन्य प्रभावी आयुर्वेदिक उपचार*

हल्दी और नमक के पानी से गरारे- 250-300 मिली पानी लें और उसमें 1 बड़ा चम्मच हल्दी और आधा बड़ा चम्मच नमक डालें और इसे 5 मिनट तक उबालें। जब यह छूने लायक गर्म हो जाए, तो इससे गरारे करें और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं। आप दिन में 3-4 बार गरारे कर सकते हैं। इससे आपको कम जमा हुआ महसूस होगा और आपका गला किसी भी तरह से ठीक हो जाएगा।

***मेथी पानी का सेवन करें:*** 1 चम्मच मेथी को 250 मिली पानी में 5 मिनट तक उबालें, छान लें और पी लें।

***तुलसी चाय का सेवन करें:*** 4-5 तुलसी के पत्तों को थोड़े पानी में उबालें, छान लें और पी लें। आप चाहें तो इसमें शहद (कमरे के तापमान पर आने के बाद), अदरक भी मिला सकते हैं।

***इस मिश्रण का सेवन करें:*** आधा चम्मच हल्दी, आधा चम्मच सूखा अदरक पाउडर, 1 काली मिर्च (ताज़ी पिसी हुई) या 1/4 चम्मच काली मिर्च पाउडर, 1 चम्मच शुद्ध शहद लें। इसे अच्छे से मिलाएं और दिन में एक बार भोजन से 30 मिनट पहले/बाद में लें। आयुर्वेदिक डॉक्टर के सुझाव के बाद इसका सेवन करना सबसे अच्छा है।

## गैस की वजह से गुब्बारे की तरह फूलता है पेट तो इस बीज का करें सेवन, पेट संबंधी हर समस्या में मिलेगी आराम



अक्सर लोगों को डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें काफी परेशान करती हैं। गैस, भूख न लगना, कब्ज, ब्लोटिंग और पेट से जुड़ी अन्य समस्याएं आजकल आम हैं। असल में सही खानपान और हेल्दी लाइफस्टाइल न होने की वजह से इनडाइजेशन की समस्या होती है। तो वहीं कुछ लोगों का पेट सुबह आसानी से साफ नहीं होता है। तो कुछ लोगों का पेट खाना खाते ही फूलने लगता है। अगर आपको भी अधिक गैस बनने या फिर स्मेली फार्ट आने की समस्या है, तो यह इनडाइजेशन की ओर इशारा करता है। इसका मतलब होता है कि आपका पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं कर रहा है। अजवाइन पेट की गैस, दर्द, अपच और स्मेली फार्ट की दिक्कत को दूर करने में बहुत फायदेमंद होता है। अजवाइन पाचन को दुरुस्त रखने, स्मेली फार्ट और गैस की समस्या से राहत पाने में कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आपको पेट की गैस, दर्द, अपच और स्मेली फार्ट की समस्या होने पर किस तरह से अजवाइन का सेवन करना चाहिए।

*इन तरीकों से करें इस्तेमाल*

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो पेट की गैस को दूर करने के लिए आप अजवाइन का कई तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं। खाना बनाने के दौरान या फिर खाना खाने के बाद अजवाइन को हल्का सा भूनकर उसमें काला नमक मिलातर गुनगुने पाने से पिएं।

इसके अलावा आप अजवाइन को पानी में उबालकर इसकी चाय का भी सेवन कर सकते हैं।

आप कुकिंग में अजवाइन के पत्ते का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप रोटी बनाते समय आटे में इसको डाल सकती हैं। इससे भी फायदा मिलेगा।

आप चाहें तो अजवाइन को हींग के साथ भी भूनकर खा सकती हैं। इससे पेट की गैस कम होती है और स्मैली फार्ट यानी एयर रीजन से निकलने वाली गैस भी कम होती है।

अजवाइन में कार्मिनेटिव और एंटी-स्पास्मोडिक गुण पाए जाते हैं। यह भी गैस की समस्या को दूर करने में कारगर हैं।

गैस, अपच और डाइजेशन से जुड़ी सभी दिक्कतों को दूर करने में अजवाइन फायदेमंद होती है। इससे आपका पेट फूला हुआ महसूस होता है और यह ब्लोटिंग की समस्या को भी दूर करने में सहायक है।

बता दें कि अजवाइन में एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। यह पेट दर्द और एसिडिटी की समस्या में भी आराम पहुंचाता है। अजवाइन का सेवन करने से कब्ज की समस्या दूर होती है और पेट आसानी से साफ होता है।

## यूट्रस को देना चाहती हैं मजबूती तो पिएं ये चाय, प्रेग्नेंसी की बढ़ती है संभावना

यूट्रस को हम गर्भाशय के नाम से भी जानते हैं। यह महिलाओं के शरीर का अहम अंग होता है। यूट्रस प्रजनन तंत्र का अहम हिस्सा है, जहां पर भ्रूण ठहरता है। यूट्रस में दिक्कत आने पर महिलाओं को मां बनने में परेशानी हो सकती है। हर महीने महिलाओं को पीरियड में गर्भाशय का बड़ा अहम योगदान होता है। यूट्रस में कई तरह की समस्या हो जाती है। जैसे फाइब्रॉयड, सिस्ट और एंडोमेट्रियोसिस। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने गर्भाशय को हेल्दी और मजबूत बनाना जरूरी होता है। जिससे की किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। ऐसे में अगर आप भी यूट्रस को मजबूत बनाना चाहती हैं, तो आपको एक चाय का सेवन कर सकती हैं।

*यूट्रस को मजबूती दे सकती है ये चाय*

रास्पबेरी चाय में फ्लेवोनॉयड्स, टैनिन, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो यूट्रस की मांसपेशियों को मजबूती देने का काम करता है। इसका सेवन करने से मासिक धर्म में ऐंठन और दर्द में राहत मिलती है।



रास्पबेरी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह गर्भाशय में होने वाली सूजन को कम करने में सहायता करती है। इसको यूट्रस में ब्लक सर्कुलेशन बेहतर होता है। जिससे गर्भधारण करने की संभावना होती है। जो महिलाएं कंसीव करना चाहती हैं। उन्हें इस चाय का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे प्रजनन क्षमता बढ़ जाती है।

इसके साथ ही इस चाय का सेवन करने से गर्भावस्था में भी किया जा सकता है। यह लेबर के दौरान भी मददगार साबित होती है। प्रसव के दौरान होने वाली दर्द और ऐंठन में भी राहत मिल सकती है।

यह चाय हार्मोनल इम्बैलेंस को सुधारने में भी मददगार है। इसका सेवन करने से पीरियड नियमित होता है। वहीं इससे पीरियड्स के दौरान आने वाली समस्याओं में भी लाभ मिलता है। रास्पबेरी चाय में पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सीडेंट गुण प्रजनन ऊतकों को आक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं।

## 99 प्रतिशत लोग नहीं जानते चाय पीने का सही समय, गलत समय पर टी पीने शरीर में नहीं लगता खाना

ज्यादातर घरो में सुबह-सुबह चाय से शुरुआत करते हैं। नाश्ते में चाय का सेवन करते हैं। कई लोग चाय पीने को एनर्जी बूस्टर मनाते है। कुछ लोगों को चाय का इतना शौक है कि सुबह उठते ही दूध वाली चाय का सेवन करते हैं। 99 फीसदी लोग नहीं जानते है कि वह चाय को गलत टाइम पर पी रहे हैं। आइए आपको इस लेख में बताते हैं चाय पीने का सही समय।

डॉक्टर के मुताबिक खाली पेट चाय पीने से बड़े बुजुर्गों के लिए काफी नुकसानदायक होता है। इसके सेवन से दिल पर बुरा प्रभाव पड़ता है। तो आपको बता दें कि चाय की जगह क्या पीना चाहिए।

*सही तरीके से चाय को कैसे पिएं*

गलत समय पर चाय पीने से शरीर कुपोषण का शिकार भी हो सकता है। डॉक्टर के मुताबिक जब आप चाय के साथ किसी चीज को पीते हैं, तो उसके पोषक तत्व शरीर को नहीं लगते हैं। इसके कारण कमजोरी, थकान, सांस चढ़ना आदि दिक्कतें हो सकती हैं।



*दूध वाली चाय के नुकसान*

वैसे तो चाय में दूध न हो तो मजा नहीं आता है। हालांकि, दूध वाली चाय नहीं पीनी चाहिए। कुछ लोग चाय बनाते समय गलती करते हैं। इसे पीने से खाने से आयरन नहीं मिलता है और एनीमिया का खतरा बढ़ा सकता है।

*एसिडिटी और पेट फूलने की समस्या बनीं रहती*

जो लोग सुबह-सुबह चाय पीने से काफी नुकसान होता है। खाली पेट इसका सेवन करने से एसिड ज्यादा बनने लगता है। यह पेट को अंदर से नुकसान पहुंचा सकता है और एसिडिटी व ब्लोटिंग हो सकती है। ज्यादा चाय पीन से हार्ट रेट और बीपी बढ़ता है जो कि हार्ट हेल्थ के लिए बुरा है।

*चाय की जगह इन टी का सेवन करें*

अगर आप चाय के शौकीन हैं, तो आप दूध वाली चाय की जगह तुलसी, ग्रीन टी और कैमोमाइल टी जैसी हर्बल चाय पिएं डायजेशन और इम्यूनिटी के लिए बढ़िया है। मसाला टी और ब्लैक टी जैसी बिना दूध की चाय भी पी सकते हैं। ध्यान रहे कि चाय को हमेशा नाश्ते के बाद ही पीना चाहिए। ऐसा करने से पोषक तत्व आराम से मिल जाते हैं।

# किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद बोलने से बचें

# ये इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ : सीएम योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद नहीं बोलना चाहिये। हम जिस दिन मस्जिद बोलना बंद कर देंगे तो उस दिन लोग जाना भी बंद कर देंगे। यह इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ भी है कि किसी की भी आस्था को ठेस पहुंचाकर, वहां मस्जिद नुमा ढांचा खड़ा कर दिया हो। ऐसे स्थान पर किसी भी प्रकार की होने वाली इबादत खुदा को भी मंजूर नहीं होती है। जब खुदा को मंजूर नहीं होती है तो बेकार में वहां क्यों इबादत की जाए। वहीं इस्लाम में उपासना के लिए एक स्ट्रक्चर खड़ा हो, यह आवश्यक नहीं है जबकि यह सनातन धर्म में है। सनातनी उपासना के लिए मंदिर जाएगा, इस्लाम के लिए नहीं है। ऐसे में हमे किसी भी ढांचे को मस्जिद बोलने की जिद्द नहीं करनी चाहिये। यह समय एक नये भारत के बारे में सोचना के साथ आगे बढ़ने का है। हमे इस ओर ध्यान देना चाहिये। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुम्भ मेला क्षेत्र में ऐरावत घाट पर एक निजी चैनल के कार्यक्रम में कही।



वर्ष 2013 में मां गंगा की गंदगी देख मॉरिशस के तत्कालीन पीएम के छलक आए थे आंसू

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक वर्ष पहले अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके रामलला का विराजमान होना और 144 वर्षों बाद इस तरह के मुहूर्त में महाकुंभ का होना, ये ईश्वर की कृपा है। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों के साथ दक्षिण भारत के राज्यों से संतों का आगमन नहीं हो पाता था। वहीं इस बार महाकुंभ में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर देखने को मिलेगी। यहां हर जगह से संतों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी होगी। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी अगले 45 दिनों में प्रयागराज की त्रिवेणी में डुबकी लगाएगी। सीएम योगी ने विपक्ष के वार पर पलटवार करते हुए कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि बीजेपी ने खुद को महाकुम्भ के आयोजन से जोड़ा है। इस आस्था को नई ऊंचाई देने से किसने रोका था। 2017 के पहले यही आयोजन गंदगी का पर्याय बनता था और अव्यवस्था होती थी। 2013 के महाकुंभ में क्या स्थिति थी। उन्होंने कहा कि मॉरिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्नान करने आए थे और अव्यवस्था गंदगी देख आंखों से आंसू बहाकर दुखी मन से कहा था कि क्या यही गंगा है और वापस चले गये थे।

सीएम योगी ने कहा कि मॉरिशस के लोगों ने मां गंगा की स्मृति को गंगा तालाब के जरिये संजोकर रखा है। उन्होंने मॉरिशस के प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि हमने उनसे संगम में डुबकी लगाने का आग्रह किया था। वह हमारा आग्रह स्वीकार कर प्रयागराज पहुंचे और 450 लोगों के साथ डुबकी भी लगाई। साथ ही काफी खुश हुए। सीएम ने कहा कि 2019 का कुंभ स्वच्छता के लिए जाना जाता है। 2025 का महाकुंभ सुव्यवस्था, आस्था और आधुनिकता के महासमागम के रूप में जाना जाएगा। बीजेपी की डबल इंजन सरकार इस आयोजन को भव्य-दिव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारी कर रही है।

## टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी की सख्ती, पूर्व सांसद शांतनु सेन और एमएलए अराबुल को पार्टी से निकाला

एजेंसी

**कोलकाता।** तृणमूल के पूर्व राज्यसभा सदस्य व नेता डाक्टर नेता शांतनु सेन को तृणमूल से निलंबित कर दिया गया। वहीं दूसरी बार भांगड़ के तृणमूल नेता अराबुल इस्लाम को भी शुक्रवार को पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। शुक्रवार को तृणमूल शीर्ष नेतृत्व ने अनुशासनहीनता के आरोप में दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

शुक्रवार शाम को पार्टी के दो पुराने नेताओं के निलंबन की खबर सामने आई। तृणमूल नेतृत्व ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में भांगड़ के अराबुल इस्लाम और शांतनु सेन को निलंबित करने का रास्ता अपनाया है। इससे पहले भी अराबुल को छह साल के लिए निलंबित किया गया था। बाद में निलंबन तृणमूल ने वापस ले लिया था। अराबुल ने पिछला पंचायत चुनाव जीता और पंचायत समिति के सदस्य बने थे। हालांकि, हाल ही में कैनिंग पश्चिम के तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला के साथ तीखी कहासुनी हुई थी। पार्टी को ये बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगा। इससे पहले पार्टी नेतृत्व ने बार-बार चेतावनी दी थी कि पार्टी में किसी भी तरह का टकराव कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी को मिलकर काम करना होगा। इसके बावजूद अराबुल-शौकत आपस में उलझते रहे। इसके बाद तृणमूल अराबुल के निलंबन की राह पर चल पड़ा।



दूसरी ओर, पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य और पूर्व प्रवक्ता शांतनु सेन को लेकर भी पार्टी में असहज स्थिति थी। आरजी कर कांड के दौरान वे कुछ अधिक मुखर हुए थे, जिसे तृणमूल नेतृत्व ने सही नहीं माना था। पहले उन्हें आरजी कर के रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष पद से हटाया, जिस अस्पताल से वह अब तक जुड़े हुए थे। इसके बाद शांतनु सेन को भी पार्टी के प्रवक्ता पद से हटा दिया गया था। अब निलंबित कर दिया गया।

## क्विक न्यूज

### एमपी में आज गरजेगा मोहन यादव का बुलडोजर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार का बुलडोजर ऐक्शन लगातार जारी है। शनिवार को बुलडोजर का एक बड़ा दस्ता उज्जैन के महाकाल कॉरीडोर के पहुंचा। यहां प्रशासन ने महाकाल कॉरीडोर के पास 257 घरों को चिन्हित किया है। शनिवार को इन चिन्हित घरों को गिराने की तैयारी चल रही थी। प्रशासन का बड़ा दस्ता उज्जैन महाकाल कॉरीडोर के पास पहुंचा है। इस दौरान वहां भारी पुलिस फोर्स तैनात है। शनिवार को उज्जैन प्रशासन का एक बड़ा दस्ता बुलडोजर कार्रवाई के लिए महाकाल कॉरीडोर इलाके में पहुंचा। यहां अतिक्रमण कर बनाए गए घरों को पहले से चिन्हित कर दिया गया था। प्रशासन ने जिन घरों पर क्रॉस का निशान लगाया था, लोग उसे खुद से तोड़कर अपने काम का सामान निकाल रहे थे।

### युवाओं को रोजगार देकर सशक्त बना रही मान सरकार

**चंडीगढ़।** हर युवा का सपना होता है सुनहरा भविष्य एवं रोजगार। सुनहरे भविष्य की तलाश में हर साल करीब तीन लाख युवा विदेशों का रुख कर रहे हैं। कोई शिक्षा के लिए विदेश जा रहा है तो कोई रोजगार की तलाश में। भगवंत सिंह मान ने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही राज्य को रंगला पंजाब बनाने का सपना देखा?और पंजाब के युवाओं के सुनहरी भविष्य व रोजगार के सपने को पूरा कर रही है मान सरकार।?मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान घर-घर रोजगार के मिशन को पूरा करते हुए?पूरी पारदर्शिता के साथ पंजाब में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आ रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का साफ कहना है कि उनकी सरकार युवाओं को उनके पैरों पर खड़ा होने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान का साफ कहना है कि सफलता के लिए कोई शॉर्ट कट नहीं होता और सिरफ कड़ी मेहनत से ही आम व्यक्ति अपने सपने पूरे कर

## स्कूल में 8 वर्षीय बच्ची की हार्ट अटैक से मौत, सीने में दर्द हुआ

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के एक निजी स्कूल में एक दुखद घटना में 8 वर्षीय बच्ची की कार्डिएक अरेस्ट से मौत हो गई। गार्गी राणपरा नामक यह बच्ची सुबह करीब 8 बजे स्कूल पहुंची थी। जानकारी के अनुसार, गार्गी जब सीढ़ियां चढ़ रही थी, तभी अचानक उसके सीने में दर्द उठा। दर्द के बाद वह स्कूल की लॉबी में एक बेंच पर बैठ गई और कुछ ही सेकंड में जमीन पर गिर पड़ी। थलतेज इलाके में स्थित स्कूल के कर्मचारियों ने तुरंत उसे नजदीकी जायडस अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में बच्ची की मौत का कारण कार्डिएक अरेस्ट बताया गया है। स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिष्ठा सिन्हा ने बताया कि घटना के बाद स्कूल स्टाफ ने तुरंत 108 एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन एंबुलेंस के आने में देरी होने के कारण बच्ची को स्कूल की गाड़ी से ही जायडस अस्पताल ले जाया गया।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव- विज्ञापनों से लेकर पोस्ट तकज्सोशल मीडिया पर ईसी की पैनी नजर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों की सोशल मीडिया पर गतिविधि पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर है। सोशल मीडिया पर दिए जा रहे विज्ञापनों और हरेक पोस्ट की निगरानी करने की जिम्मेदारी आयोग ने दिल्ली चुनाव कार्यालय को सौंपी है। सोशल मीडिया पर दलों व उनके प्रत्याशियों के भारी- खर्च, आपत्तिजनक पोस्ट और मेनिफेस्टो से इतर दावों पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा।

राजनीतिक दलों के सोशल मीडिया में प्रचार के प्रमुख साधन के रूप में अपनाने के चलते एक दशक पहले लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने दिशा निर्देश तय किए थे। इन दिशा निर्देशों के आधार पर दिल्ली चुनाव कार्यालय राजधानी में होने वाले चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार और खर्च पर भी निगरानी रखेगा।

निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट आदि जैसी वेबसाइट्स को सोशल मीडिया की संज्ञा दी गई है।सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए तय किए गए थे और बढ़ते प्रभाव के चलते ही आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के ज़रिये सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री को चुनाव आचार संहिता के दायरे में लाने का फैसला 2014 के आम चुनाव के दौरान किया था। तब चुनाव आयोग का कहना था कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की जरूरत है। चुनाव आयोग का यह भी कहना था कि सोशल मीडिया पर चुनाव कानूनों का निश्चित रूप से उल्लंघन होता है। चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल ढ्रष्ठ और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होगी।

# एक और श्रद्धा जैसा हत्याकांड

## लिव इन पार्टनर ने गर्लफ्रेंड को उतारा मौत के घाट

एजेंसी

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास में श्रद्धा हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। यहां भी लिव इन रिलेशनशिप का अंत फ्रिज में हुआ है। बायपास स्थित वृंदावन धाम कॉलोनी के एक मकान में फ्रिज से महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तुरंत आरोपी को धर दबोचा। आरोपी का नाम संजय पाटीदार है, जबकि मृतका की पहचान पिंकी उर्फ प्रतिभा प्रजापति के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संजय और पिंकी 5 साल से रिलेशनशिप में थे। दोनों इंदौर निवासी धीरेंद्र श्रीवास्तव के मकान में 2023 से किराए से रह रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, पिंकी संजय पर शादी का दबाव बना रही थी। इससे तंग आकर संजय ने अपने दोस्त की मदद से पिंकी का गला दबाकर उसकी जान ले ली। बीते साल मार्च में हत्याकांड को अंजाम दिया गया था और फिर उसकी लाश को फ्रिज के अंदर रख दिया। वारदात के कुछ महीने बाद संजय पाटीदार ने मकान छोड़कर चला गया। हालांकि, उसने मास्टर बेडरूम और स्टडी रूम खाली नहीं किया और ताला मार दिया। मकान मालिक को वो कई बार खाली करने का बहाने मारता रहा। इसी बीच मकान मालिक ने बलवीर सिंह को मकान किराये पर दे दिया। काफी समय तक जब संजय ने कमरे खाली नहीं किए तो मकान मालिक ने कुछ दिन पहले अपने नए किरायेदार को ताला तोड़कर संजय का सामान बाहर रखने के लिए कहा।




बलवीर ने गुरुवार को ताला तोड़कर सामान एक तरफ किया। तभी उसकी नजर फ्रिज पर पड़ी। फ्रिज का स्विच ऑन था। बलवीर ने स्विच बंद कर दिया। फ्रिज बंद होने के बाद लाश डिकंपोज होने लगी। इसी कारण उसमें से बदबू आने लगी। अगले दिन इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने फ्रिज खोला तो उसमें से पिंकी की लाश निकली। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी और आरोपी संजय पाटीदार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने संजय से घंटों पूछताछ की। एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि आरोपी उज्जैन जिले के इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोलाना का निवासी है। संजय ने अपने साथी विनोद दवे के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया था। विनोद राजस्थान के टोंक जिले में किसी अपराध के सिलसिले में जेल में बंद है।

## दिल्ली-एनसीआर में मौसम का डबल अटैक! घने कोहरे के चलते कई फ्लाइट्स और ट्रेनें लेट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली और उसे सटे हृष्टक्र के इलाके सहित पूरे उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी है। इस बीच दिल्लीवालों को सर्दी का डबल अटैक भी लग सकता है। अगले कुछ दिनों में दिल्ली के अंदर बारिश हो सकती है, जिसके चलते दिल्ली की ठंड में और इजाफा होने की संभावना है। शुक्रवार को राजधानी चार घंटे तक कोहरे के आगोश में लिपटी रही। आज सुबह साढ़े 4 बजे से साढ़े 8 बजे तक आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता का स्तर शून्य दर्ज किया गया। सफदरजंग पर दृश्यता का न्यूनतम स्तर 50 मीटर तक रहा। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात भी व्यापक स्तर पर प्रभावित हुआ। आईजीआई एयरपोर्ट पर 150 के करीब उड़ानें विलंबित रहीं।

33 से अधिक ट्रेनें दिल्ली से देरी से चलीं जबकि 100 से अधिक ट्रेनें विलंब से दिल्ली पहुंचीं। शुक्रवार को दिन में गुनगुनी धूप खिली, लेकिन ठिठुरन भरी ठंड भी बनी रही। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शनिवार और रविवार को हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इससे तापमान में गिरावट आएगी और ठंड में इजाफा होगा। शनिवार सुबह ज्यादातर स्माग एवं मध्यम कोहरा रहने की संभावना है। कहीं कहीं बहुत घना कोहरा भी हो सकता है। शाम और रात के समय भी यही स्थिति रहेगी।

मौसम विभाग ने शनिवार के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। 17 क्षेत्रों का एक्यूआई %गंभीर'ट दिल्ली की हवा में घुला प्रदूषण का जहर और बढ़ गया है। शुक्रवार को दिल्ली का एक्यूआई 397 रिकॉर्ड किया गया।

## 8000 की सैलरी लेने वाला आज 28 हजार करोड़ का मालिक, पीएम मोदी ने बताई दिल की बातें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पॉडकास्ट को लेकर निखिल कामथ चर्चा में बने हुए हैं। कामथ ऑनलाइन ब्रोकिंग फर्म जीरोधा के सह-संस्थापक हैं और फोर्ब्स की 2024 की वर्ल्ड बिलेनियर्स लिस्ट के मुताबिक, उनकी संपत्ति करीब 3.1 अरब डॉलर (28 हजार करोड़ रुपये) है।

निखिल कामथ ने अपने करियर की शुरुआत एक कॉल सेंटर जॉब से की थी। इसके साथ ही उन्होंने साइड बिजनेस के तौर पर शेयर बाजार में ट्रेडिंग करना शुरू कर दिया था। इसके बाद 2006 में कामथ सब-ब्रोकर बन गए थे। फिर उन्होंने अपने भाई नितिन कामथ के साथ मिलकर डिस्काउंट ब्रोकिंग फर्म जीरोधा की शुरुआत की थी। जीरोधा के साथ कामथ ने डिस्काउंट ब्रोकरेज मॉडल पेश करके भारत के ब्रोकरेज



बाजार में हलचल मचा दी। इस मॉडल के तहत निवेशकों और ट्रेडर्स को पारंपरिक ब्रोकर्स के मुकाबले कम ब्रोकरेज देनी पड़ती थी। बेंगलुरु स्थित जीरोधा के करीब 10 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं, जो इसे देश की सबसे बड़ी ब्रोकरेज फर्मों में से एक बनाता है।

मार्च 2023 में कामथ ने %डब्लूटीएफ इज विथ निखिल कामथ' और बाद में %पीपुल बाय डब्ल्यूटीएफ' नाम के शीर्षक से पॉडकास्ट होस्ट करना शुरू किया। अब तक उन्होंने स्टार्टअप, रिटेल, ई-कॉमर्स और फिनटेक सेक्टरों के दिग्गजों के साथ 26 वीडियो बनाए हैं। इसमें किरण मजूमदार शॉ, रितेश अग्रवाल, रोनी स्क्रूवाला और सुनील शेट्टी आदि के नाम शामिल हैं। उनका लेटेस्ट एपिसोड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। इस एपिसोड के दो-मिनट के ट्रेलर वीडियो में कामथ कह रहे हैं कि मैं यहां आपके सामने बैठकर बात कर रहा हूं और नर्वस महसूस कर रहा हूं। यह मेरे लिए एक कठिन बातचीत है।

## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ, तीन दिवसीय महोत्सव आज से

एजेंसी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली सालगिरह पर आयोजित महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। अब एक साल पूरे होने पर अयोध्या में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान वीवीआईपी दर्शनों पर रोक होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, हम चाकर रघुवीर केज

मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, 11 से 13 जनवरी तक होने वाले इस समारोह का उद्देश्य आम लोगों को शामिल करना है, जो पिछले साल ऐतिहासिक समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे। साथ ही, करीब 110 आमंत्रित वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। हालांकि तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में वीवीआईपी पास निरस्त रहेंगे। इसके अलावा दर्शन करने का समय भी बढ़ा दिया गया है।

यह समारोह राम जन्मभूमि परिसर के भीतर विभिन्न स्थानों पर होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में लोकगायिका मालिनी अवस्थी जैसे प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे। पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल, कवि कुमार विश्वास सहित अन्य लोग भी शामिल होंगे। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, तीन दिवसीय समारोह के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ रामलीला भी होगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को कुबेर टीला पर भक्तों को संबोधित करेंगे, जिसके बाद संगीत और भक्ति कार्यक्रमों की एक श्रृंखला होगी। विभिन्न राज्यों के संगीत समूह 11 से 13 जनवरी तक अयोध्या के विभिन्न चौराहों पर कीर्तन भी करेंगे।


# ईरान कर रहा युद्ध की तैयारी!

## दिखाया जमीन में छुपा हथियारों का भंडार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में देश के भूमिगत मिसाइल और ड्रोन कॉम्प्लेक्स को दिखाया गया है। आईआरजीसी ने एक नई विशेष मिसाइल बनाने का भी दावा किया है। आईआरजीसी कमांडर मेजर जनरल हुसैन सलामी और ब्रिगेडियर जनरल अमीर अली हाजीजादेह ने मिसाइल और ड्रोन के इस भंडार का दौरा किया है। इस वीडियो के जरिए ईरान की कोशिश क्षेत्र में अपनी ताकत दिखाने की है। शुक्रवार को ईरानी राज्य टीवी आईआरआईबी पर जारी वीडियो में आईआरजीसी कमांडर मेजर जनरल होसैन सलामी और ब्रिगेडियर जनरल अमीर अली हाजीजादेह को सुविधा का दौरा करते हुए दिखाया गया है।

अक्टूबर और अप्रैल में इजरायल के खिलाफ ईरान के कुछ ऑपरेशन इस भूमिगत मिसाइल बेस का इस्तेमाल करके किए गए थे।



सोमवार को जनरल अली मोहम्मद नैनी ने चेतावनी दी कि ईरान इस महीने नए अभ्यास और युद्ध खेल आयोजित करेगा, जिसमें मिसाइल और ड्रोन शहरों का खुलासा होगा।

इसमें मिसाइलों का स्टोरेज करने वाला एक भूमिगत शहर और ईरान के दक्षिण में जहाजों को समायोजित करने वाली एक अन्य सुविधा भी शामिल होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरानी बासिज (स्वयंसेवक) बलों ने राजधानी तेहरान में 110,000 सदस्यों को शामिल करते हुए बड़े पैमाने पर अभ्यास किया, तस्नीम रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरानी सशस्त्र बलों ने हाल के दिनों में कई युद्ध खेल आयोजित किए हैं। ईरान का लक्ष्य यह दर्शाना है कि लेबनान, गाजा और यमन में ईरानी समर्थित बलों पर इजरायल के हमले और ईरान के सहयोगी सीरियाई नेता बशर अल-असद के शासन के पतन के बावजूद, उसने क्षेत्र में अपनी शक्ति नहीं खोई है।

# अमेरिका को इतिहास का सबसे बड़ा नुकसान

## आग में 150 अरब डॉलर की संपत्ति हुई स्वाहा

एजेंसी

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिका के दूसरे बड़े शहर लास एंजेलिस के नजदीकी जंगल में मंगलवार सुबह लगी आग पांचवे दिन भी बेकाबू है। आग ने फैशन की चकाचौंध वाले लॉस एंजेलिस शहर के बड़े हिस्से को चपेट में लिया है और 10 हजार से ज्यादा इमारतें जलकर खाक हो गई हैं।

बचाव के लाख प्रयासों के बावजूद 10 लोगों की जान चली गई है और 1,80,000 से ज्यादा लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। दो लाख अन्य लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। पेसिफिक पैलिसेड्स के पहाड़ी तटीय क्षेत्र में 5,300 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं।

मौसम संबंधी डेटा प्रदान करने वाली निजी फर्म एक्यूवेदर ने अनुमान लगाया है कि आग की वजह




से लगभग 135 बिलियन डॉलर से 150 बिलियन डॉलर तक होगा। हालांकि, सरकारी अधिकारियों ने अभी तक नुकसान का अनुमान नहीं लगाया है। इसके अलावा कंपनी के मुताबिक 2023 में माउ के जंगलों में लगी आग के कारण 16 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। वित्तीय सेवा कंपनी जेपी मोर्गन ने जानकारी दी कि लॉस एंजिलिस में लगी आग के कारण करीब 10 अरब डॉलर का इंश्योर्ड नुकसान हो सकता है।

आग ने अभी तक 36 हजार एकड़ (56 वर्ग मील) से ज्यादा भूभाग को अपनी चपेट में लिया और वहां की लगभग हर चीज जलाकर राख कर दी है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस आग को बड़ी आपदा करार दिया है।

उन्होंने कहा है कि संघीय सरकार 180 दिनों में राहत के 100 प्रतिशत उपायों को पूरा करेगी। इनमें वेतन से लेकर बर्बाद भवनों का मलबा उठाना तक होगा।

## पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा, दो वाहनों की टक्कर में 9 लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से भीषण हादसे की खबर सामने आई है। पख्तूनख्वा प्रांत में एक पैसेंजर कोच और ट्रेलर कोच के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। यह घातक दुर्घटना करक जिले के अंबेरी कल्ले चौक पर सिंधु राजमार्ग पर एक ट्रेलर और एक यात्री कोच के साथ हुई। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण हुई दुर्घटना में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस और बचाव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने भी हादसे में नौ यात्रियों की मौत पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि दुर्घटना में घायल यात्रियों को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं। गंडापुर ने आगे कहा, हम सिंधु राजमार्ग दुर्घटना में मृतकों के परिवारों के दुख को साझा करते हैं।

वहीं कुछ दिन पहले दिसंबर महीने में पाकिस्तान से बस हादसे की खबर सामने आई थी। यहां पर पंजाब के फतेह जंग इलाके के पास एक बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 22 लोग घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार बहावलपुर से इस्लामाबाद जाते समय एम-14 मोटरवे पर बस पलट गईथी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने इस हादसे के बाद बताया कि पीड़ित बहावलपुर, वेहरी, शरकपुर और इस्लामाबाद के निवासी थे।

# त्रिवेणी के संगम पर होगा सात सुरों का संगम

- झंकृत होगा महाकुम्भ, आध्यात्मिकता और संस्कृति का अद्भुत समागम

**अवधनामा संवाददाता**



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ आध्यात्मिक आयोजनों, नदियों के संगम का प्रतीक ही नहीं बल्कि यह परंपराओं, संस्कृतियों और कलात्मक अभिव्यक्तियों का भी अद्भुत संगम है। महाकुंभ के गंगा पंडाल में सुरों का अद्भुत संगम उतरने वाला है। बॉलीवुड से लेकर देश भर के कलाकार 16 जनवरी से 24 फरवरी तक अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को झंकृत कर भाव विभोर करेंगे। महाकुम्भ में देशभर से आए कलाकारों की प्रस्तुतियां आयोजन का मुख्य आकर्षण होंगी। इन प्रस्तुतियों में शास्त्रीय नृत्य, लोक संगीत और नाट्य कलाएं शामिल होंगी। वह भक्ति और आस्था की कहानियां सुनाएंगी और भारतीय सांस्कृतिक विविधता का जीवंत प्रदर्शन भी करेंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन 16 जनवरी को प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन द्वारा होगा, जबकि समापन प्रस्तुति 24 फरवरी को मोहित चौहान देंगे। उक्त भव्य आयोजन में 16 जनवरी को शंकर महादेवन, रवि, 17 को महेश काले, 18 को पार्वती, 19 को सौनक चट्टोपाध्याय, 20 को श्रीराम चंद्र, 21 को आदित्य सारस्वत, 22 को प्रतिभा सिंह बघेल, 23 को विक्रम घोष, 24 को अन्वेशा दत्त गुप्ता की जहां प्रस्तुति देंगे वहीं 25 जनवरी को बेल्हा के उर्वरा माटी के लाल पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी , 26 को साधना सरगम, 27 को शान, 31 जनवरी को रंजनी और गायत्री, 1 फरवरी को ईमान चक्रवर्ती, 5 को संजीव शंकर, तेजेंद्र नारायण मजूमदार, तन्मय बोस, 6 को उमाकांत गुंडीचा, 7 को योगेश गंधर्व आभा गंधर्व, कविता कृष्णमूर्ति , डॉ एल सुब्रमण्यम, 9 को सुरेश वाडेकर, 10 को हरिहरन, 14 को नवदीप बडाली, 15 को देव मित्र सेन गुप्ता, ऋषभ रिखीराम शर्मा, 16 को रतेंद्र भादुड़ी, राहुल देशपांडे, 17 को नितिन मुकेश, 18 को सौरेंद्रो, सौम्यजीत, 19 को श्वेता मोहन, 20 को आभा हंजुरा, 21 को कविता सेठ, 22 को पार्थिव गोहिल, 23 को कैलाश खेर, 24 को मोहित चौहान जैसे प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इन कलाकारों के संगीत और नृत्य से महाकुंभ में एक अलौकिक और भव्य आध्यात्मिक वातावरण तैयार होगा, जो श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनेगा।

### संस्कृति और आध्यात्मिकता का स्थायी प्रभाव

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के महाकुम्भ के नोडल अधिकारी अमित अग्निहोत्री ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। 16 जनवरी से प्रस्तुतियों का शुभारंभ होगा।

## मोहम्मद शाह बाबा अशरफी का उर्स पाक अकीदत से मना

**आजमगढ़।** रेशमी नगरी मुबारकपुर के कपूरा शाह दीवान का बाग में मोहम्मद शाह बाबा अशरफी का उर्स पाक शनिवार को मजार पर अल सुबह फज्र की नमाज अदा करने के बाद कुरआन ख्वानी से आरंभ हुआ। मोहम्मद शाह बाबा अशरफी सूफी बुजुर्ग का मजार पर कुरआन ख्वानी , फातिहा ख्वानी व चादरपोशी के अकीदत से उर्स मनाया गया।

मुबारकपुर में मोहल्ला हैदराबाद कपूरा शाह दीवान का बाग में मोहम्मद शाह बाबा अशरफी का मजार है। चालीसवां उर्स पर जायरीन का हुजूम उमड़ा रहा । मजार आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वह एक फकीर सूफी बुजुर्ग थे। लगभग चालीस साल पहले उनकी वफात के बाद यहां दफनाने के बाद मजार बना और तभी से हर साल उर्स पाक का आयोजन किया जाता है। कहा जाता है कि वह नेक वली की मजार पर मन्नत माँगने वाले की मन्नतें मुराद पूरी होती है। कुरआन ख्वानी से उर्स पाक का आगाज किया गया।

## भरत जैसा भाई इस कलयुग में मिलना मुश्किल

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (खुटहन)** यूनिक आईडिया एजूकेशन पब्लिक स्कूल मरहट के प्रांगण में आयोजित आठ दिवसीय संगीत मयी श्रीराम कथा के छठवें दिन शनिवार को राम वनगमन, भरत मिलाप तथा राम-केवट संवाद का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक पंडित धर्मराज तिवारी जी महराज ने कहा कि भरत जैसा भाई इस कलयुग में मिलना मुश्किल है। राम -केवट का प्रसंग सुन पंडाल में बैठे स्रोता भाव विभोर हो गए।श्री महराज ने राम कथा में कहा भगवान राम मर्यादा स्थापित करने को मानव शरीर में अवतरित हुए। पिता की आज्ञा पर वह वन चले गए। भगवान राम वन जाने के लिए गंगा घाट पर खड़े होकर केवट से नाव लाने को कहते हैं, लेकिन केवट मना कर देता है और पहले पैर पखारने की बात कहता है। केवट भगवान का पैर धुले बगैर नाव में बैठाने को तैयार नहीं होता है। राम-केवट संवाद का प्रसंग सुनकर श्रोता भक्ति विभोर हो गए।

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के द्वारा स्थापित आदर्श समाज में आज भी कायम है। भगवान प्रेम भाव के भूखे है। वे अपने भक्तों के कल्याण हेतु सदैव ततपर रहते है।महाराज जी ने भैया भरत के चरित्र को गाकर बताया और कहा भरत ने भगवान राम के वनगमन के बाद खड़ाऊं को सिर पर रखकर राजभोग की बजाय तपस्या की। कहा कि जीवन में भक्ति और उपासना का अलग महत्व है। निष्काम भाव से भक्ति करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

सड़क कथा में भक्तों की आप भीड़ जुटी रही। इस मौके पर सुभाष उपाध्याय, सुधाकर सिंह, संतोष सिंह, रामाश्रय उपाध्याय, जिला जीत यादव,सुरेंद्र सिंह प्रदीप ,लकी सिंह ,गीता उपाध्याय ,रमापति मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, प्रधान संतलाल सोनी, सत्येन्द्र सिंह, ब्रह्मचारी सिंह, रमेश सिंह, तहसीलदार चौरसिया,विवेक सिंह, सुमन सिंह, पुनीता सिंह,वेवी सिह ,मंजू सिंह, आभा सिंह, ऋषि केश तिवारी,राणा प्रताप सिंह,आदि मौजूद रहे।

# महाकुम्भ में संगम की रेत पर बहेगी न्याय की गंगा



**अवधनामा संवाददाता**

- 45 दिन लगातार श्रद्धालुओं के बीच रहेंगे जज, लोकायुक्त, सूचना आयुक्त और वकील
- सीएम योगी के निर्देश पर महाकुम्भनगर में किया जा रहा विशेष इंतजाम

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ इस बार न सिर्फ अध्यात्म और आस्था का केंद्र बनेगा बल्कि न्याय, पारदर्शिता और अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी संदेश देगा।

महाकुम्भनगर में न्यायाधीश कॉलोनी के साथ लोकायुक्त, सूचना आयुक्त के कॉटेज सहित बार काउंसिल के लिए भी सेटअप तैयार किए जा रहे हैं।यहां 45 दिनों तक जज, लोकायुक्त, सूचना आयुक्त और वकील सीधे जनता के बीच रहेंगे। साथ ही उन्हें न्याय, सूचना के अधिकार से जुड़े हर पहलू की जानकारी देंगे। यहां महाकुम्भनगर के सेक्टर-23 स्थित न्यायाधीश कॉलोनी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं। यहां सेक्टर-23 और किला घाट के पास दो जगहों पर 150 से अधिक कॉटेज बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के विशेष निर्देश पर महाकुम्भनगर के जिम्मेदार सभी तैयारियां पूरी करने में युद्धस्तर पर जुटे हैं। महाकुम्भनगर के सेक्टर-23 स्थित न्यायाधीश कॉलोनी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि महाकुम्भनगर में श्रद्धालु सिर्फ आध्यात्मिक अनुभव ही नहीं बल्कि अपने अधिकारों और न्याय पाने के डिजिटल उपकरणों के बारे में भी सीखें। यह महाकुम्भ सिर्फ संगम का मेला नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने का अवसर है।महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सेक्टर-4 में खोया-पाया केंद्र के पास एक शिविर शुरू किया है। इसमें वकील कानूनी सहायता देने के साथ जनता को जागरूक भी करेंगे।

### भ्रष्टाचार पर प्रहार

उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने बताया कि महाकुम्भ में आकर श्रद्धालु सूचना के अधिकार का कैसे उपयोग करना है, यह सीख सकते हैं। सूचना आयुक्त कार्यालय का उद्देश्य जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही को मजबूत करना है।

## अभिषेक शुक्ला बने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश महासचिव



**प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश सचिव एवं छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय अभिषेक शुक्ला को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर महानगर अध्यक्ष प्रयागराज प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

महानगर संगठन सचिव विनय पांडेय ने कहा कि अभिषेक शुक्ला छात्रों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहे वह एक संघर्षशील छात्र नेता है।

बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से प्रदीप मिश्र अंशुमन, लल्लन पटेल, विनय पांडेय, प्रवीण सिंह भोले, दिवाकर भारतीय, राम मनोरथ सरोज, अजेंद्र गौड़, राहुल मिश्रा, अब्दुल कलाम आज़ाद, दिलीप पटेल, विक्रम सिंह पटेल, नफीस कुरैशी, मोहम्मद अल्तमश, विशाल सोनकर, श्वेता श्रीवास्तव, निशात फातिमा, सत्येंद्र बहादुर सिंह, श्याम जी शुक्ला रहे।

# कल्पवासियों का कुंभ क्षेत्र में आगमन शुरू

- पौष पूर्णिमा से पहले उमड़े कल्पवासी, देश के हादसे से पहुंच रहे जब तप के लिए श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** पौष पूर्णिमा के प्रथम स्नान पर्व की डुबकी के साथ 13 जनवरी को कल्पवास आरंभ होगा, लेकिन पुण्य की कमाई के लिए संगम की रेती पर गृहस्थी जमाने के लिए देश के कोने-कोने से कल्पवासी शुक्रवार को ही उमड़ पड़े। पांटून पुलों से लेकर चकर्ड प्लेट के मार्गों तक तिल रखने की जगह नहीं बची। इसी के साथ विश्व के सबसे बड़े आयोजन के रूप में महाकुंभ गुलजार हो गया। ट्रैक्टर-ट्रालियों, टेम्पो? आदि वाहनों पर महीने भर की गृहस्थी लेकर लोग शिविरों में पहुंचने लगे हैं। दो दिन बाद पौष पूर्णिमा की प्रथम डुबकी के साथ मास पर्यंत जप, तप, ध्यान का मेला आरंभ हो जाएगा। इसके लिए देश-दुनिया के हर कोने से कल्पवासी अपने पोते-पोतियों, बेटे-बहुओं के साथ निकल पड़े हैं। कल्पवास के लिए जौनपुर, बलिया, देवरिया, आजमगढ़, वाराणसी, रीवा और बिलासपुर से बड़ी संख्या में कल्पवासी बांस, लकड़ी, पुआल के बीच गृहस्थी लेकर देर रात तक शिविरों में पहुंचते रहे।

### तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन

मेला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है और कल्पवासी अपनी गृहस्थी सजाने में जुट गए हैं। गंगा-यमुना के किनारे के स्नान घाटों से लेकर संगम की सर्कुलेटिंग एरिया में पुआल बिछाने का काम तेज कर दिया गया है, ताकि रेत पर कीचड़ न फैलने पाए और स्नानार्थियों को सर्दी से बचाया जा सके।

इसी के साथ सभी 25 सेक्टरों में पांटून पुलों के प्रवेश और वापसी मार्गों के अलावा तिराहों, चौराहों पर पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों को तैनात कर दिया गया है। इस ठंड में श्रद्धालुओं की सेहत का ख्याल रखने के लिए बड़ी संख्या में चिकित्सक और पैरा मेडिकल स्टाफ की भी तैनाती कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### चाइनीज मांझा के खरीद, बिक्री, स्टोरेज व उपयोग करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही : जिलाधिकारी



**जौनपुर।** आए दिन पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे के प्रयोग के कारण दुर्घटनाएं हो रही है, जिसके कारण लोग घायल हो रहे हैं और कई लोग अपनी जान भी गंवा रहे है जिसके दृष्टिगत माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा चाइनीज मान्झे की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाये जाने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में सिंथेटिक सामग्री से बने नायलॉन धागे या घातक चाइनीज मांझे के खरीद, बिक्री, स्टोरेज व उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाए जाने तथा इस मांझे को विक्रय करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया है कि जिस अधिकारी के क्षेत्र में चाईनीज मांझा बिकता हुआ पाया जाता है एवं कोई अनहोनी होती है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध भी दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी लोगों की जनसमस्याएं



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में और पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की उपस्थिति में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना लाइन बाजार में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करे। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना दिवस का उददेश्य है कि जो भी समस्याए प्राथमिकता पर समाधान के योग्य है उनपर त्वरित रूप से कार्य करते हुए निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने अपराधियों के खिलाफ पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के दौरान समस्याओं का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चायनीज मांझा बेचते हुए एक युवक रंगे हाथ गिरफ्तार

**जौनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस ने चाइनीज मंझा बेचने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है । उसके पास से भारी मात्रा में मांझा बरामद होने का दावा पुलिस ने किया है। पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ द्वारा चाइनीज मंझा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के कुशल दिशा निर्देशन में शनिवार को चाइनीज मंझा के साथ एक अभियुक्त रोहित पाल उर्फ लाला निवासी मोहल्ला नईपुरा थाना जफराबाद जौनपुर हाल पता मोहल्ला नईगंज थाना कोतवाली जौनपुर को 08 अंटा चाइनीज मंझा के साथ पकडा गया । मंझा बरामदगी के आधार पर मु0 अ0 स0 10/2025 धारा 223(2)/293/125 BNS 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधि0 बनाम - रोहित पाल उर्फ लाला निवासी मोहल्ला नईपुरा थाना जफराबाद जौनपुर हाल पता मोहल्ला नईगंज थाना कोतवाली जौनपुर के पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### मड़हे में लगी आग दो मवेशी की मौत

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के गढ़ासेनी गांव में शुक्रवार की देर रात्र मड़हे में आग लग जाने से मड़हे में बंधे दो मवेशियों की जलकर मौत हो गयी। मवेशियों को बचाने के प्रयास में 46 वर्षीय अधेड़ झुलस गया। उक्त गांव निवासी ओमप्रकाश यादव रात्रि में पशुओं को मड़हे में बांधकर सो गए रात्रि करीब तीन बजे मड़हा जलते देख ओमप्रकाश शोर मचाया जब तक ग्रामीण एकत्रित होते तब तक मड़हे में बंधे पशुओं को निकालने के प्रयास में ओमप्रकाश भी झुलस गए उधर आग से दो मवेशियों की मौत हो गयी। आग से दूसरे मड़हे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस को फोन कर झुलसे ओमप्रकाश यादव को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

### फोर्स के वाहनों हेतु इमरजेंसी ब्रेक डाउन सुविधा का शुभारंभ



**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला के अवसर पर स्पीड आटोमोटिव सेल्स यल यल पी फोर्स मोटर्स द्वारा फोर्स के वाहनों हेतु इमरजेंसी ब्रेक डाउन सुविधा का शुभारंभ किया। बाघम्बरी मठ के पीठाधीश्वर महंत श्री बलबीर गिरी जी के द्वारा हुआ। उन्होंने फीता काट मोबाइल सर्विस वैनों व वाईक यूनिट को पताका फहरा रवाना किया। स्पीड ऑटोमोटिव के जीएम अंशुल उमराव ने बताया कि प्रयागराज से 150-200 किलोमीटर तक सभी फोर्स के डीलर 24 घंटे एमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात है। एम्बुलेंस व अन्य वाहनों के ब्रेकडाउन की स्थित पर टीम मौके पर पहुंच मदद करेगी व यह सर्विस निशुल्क रहेगी। इस मौके पर स्पीड शोरूम के डायरेक्टर अनुज गुप्ता व फोर्स मोटर्स के आरएम ब्राम्हप्रकास टीएसएम सचिन भदौरिया विवेक सिंह व स्पीड मोटर्स की सेल्स सर्विस टीम मौजूद रही।

## मुबारकपुर के थाना अध्यक्ष को डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों के साथ अंगवस्त्र व पुष्प देकर किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिले के थाना मुबारकपुर के थाना अध्यक्ष निहार नंदन के कार्यो की सराहना लोकतंत्र के प्रति उनकी सद्भावना गरीब वंचित शोषितों के प्रति उदारता न्याय प्रियता के कारण पूर्वांचल जन मोर्चा एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रतिनिधिमंडल ने उनका अभिवादन एवं स्वागत के साथ भगवान विश्वकर्मा एवं बौद्ध सत्य भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर साहब के चित्रों के साथ अंगवस्त्र व पुष्प देकर सम्मानित किया गया और उन पर लोगों का यह अटूट विश्वास है कि थाना अध्यक्ष द्वारा सदैव लोकतंत्र के साथ सामाजिक समरसता कायम रखेंगे। मौक पर प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित सर्वश्री- जिला प्रभारी चंद्रमी गौतम, सामाजिक कार्यकर्ता आयुष सिंह चौहान, संगीता चौहान, पंकज चौहान, सिकंदर गौतम, नूरसबा समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Management and operation of Pay and Use Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-PRG-OH-544-24-1 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | MSS-LKO-LKO-SS-78-24-1 (Contract for installation, Operation Misc-Static-Services-Salon Services) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-PFM-OSN-545-25-1 (Advertising on Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 10.01.2025 130/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## थाना निजामाबाद चोरी की मोटर साईकिल के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** रात्रि में उ.नि. सुधीर पाण्डेय व उ.नि. कमला प्रसाद मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो. को एक व्यक्ति यशवन्त उर्फभाटे पुत्र राममिलन निवासी खतीरपुर डण्डवा थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ उम्र 38 वर्ष हिरासत में लिया गया उक्त वाहन के पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि थाना कन्धरापुर और वाहन स्वामी से पता चला कि दिनांक 23.11.21 को आजमगढ शहर से चोरी हो गई थी। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली आजमगढ में मु.अ.स. 384,21 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। पकड़े गये व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उसके द्वारा बताया गया। 23.11.21 को शाम जुनैदगंज चौराहा आजमगढ के पास से इस मोटर साईकिल को चुरा कर उसके नम्बर प्लैट को बदल कर 3 साल से चला रहा था तथा अपनी गलती की बार बार माफी मांग रहा है।

# राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ ने श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर किया पथ संचलन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ बाल पथ संचलन का भव्य आयोजन हुआ। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ आर्यमगढ़ के तत्वाधान में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती की पूर्व संध्या पर अग्रसेन कन्या इंटर कालेज में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे नगर में बाल स्वयंसेवकों द्वारा किए गए पथ संचलन का पुरानी सब्जी मंडी पर भाजपा नगर इकाई, मातबरगंज पर अखिलेश मिश्रा गुड्डु, चौक पर अजय अग्रवाल, रित्विक जायसवाल, पुरानी कोतवाली पर आशीष गोयल, भाजपा महिला नगर इकाई, पशु अस्पताल राघवेंद्र मिश्रा, मनीष रत्न अग्रवाल और कटरा में शैलेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुरजीत गोरक्ष प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक ने अपने उद्बोधन में कहा कि विवेकानंद का जीवन श्नर सेवा नारायण सेवाश् के संकल्प से सम्पूर्ण समाज मे आदर्श जीवन को समर्पित रहा। साथ ही बाल स्वयंसेवक आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे एवं सुसंस्कारित जीवन शैली का भी अनुशरण करेंगे, समाज एवं विश्व आज भारत की ओर आशावादी दृष्टिकोण बनाएं प्रतीक्षा में है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कामेश्वर सिंह, गौरव अग्रवाल, दीनानाथ विभाग प्रचारक, आशुतोष जिला प्रचारक, रामबदन, अरुण पाल, तेजप्रताप, प्रवीण, डॉ परिजात, अवधनारायण मिश्र, राजन चौबे, संजय सिंह, राजेश, रोहित, नवीन पाण्डेय, आकाशदीप, राजन, मनोज त्रिपाठी, वीरेंद्र बरनवाल, संगम सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में डॉ काउंट सीजर मैटी की मनायी गयी 216वीं जयंती



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के कोल बाजबहादुर स्थित आजमगढ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के प्रांगण में डॉ काउंट सीजर मैटी की 216वीं जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व सूचना अधिकारी आर. एन यादव व विद्यालय प्रबंधन के द्वारा डॉ काउंट सीजर मैटी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर हुआ। इस दौरान वार्षिकोत्सव का अभी आयोजन किया गया। जिसमें एमडीईएच, डीईएमएस के पासआउट कुल 17 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पासआउट डॉ रिंका कुमारी, डॉ संजय यादव, डॉ हुमा फैजान, डॉ सरिता यादव, डॉ ओसामा, डॉ अफक, डॉ हमजा, डॉ जिया परवीन, डॉ रूबी, डॉ पंकज चौहान ने विद्यालय प्रबंधन को अपनी इस सफलता का श्रेय दिया है। इस दौरान प्रबंधक डॉ अब्दुल अफीक, प्राचार्य डॉ रामकुमार, डॉ घनश्याम, डॉ आर. सी अस्थाना, डॉ जी.पी साहनी, राजेश यादव, समीम अख्तर मुबारकपुरी आदि मौजूद रहे।

## जमाते इस्लामी हिन्दी यूनिट में पत्रकारों व समाजसेवियों को पुरस्कार देकर सम्मानित



**सरायमीर,आजमगढ़।** जमाते इस्लामी हिन्दी सरायमीर यूनिट के तत्वावधान में हर साल भांति इस साल भी जुमे की नमाज के बाद 9जनवरी 025 को क्षेत्र के पत्रकारों व समाजसेवियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करने कि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मौलाना अब्दुल अजीम इस्लाही के पवित्र कुरआन की तिलावत से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्ष्यता जमाते इस्लामी हिन्दी यूपी. पुर्वी के महासचिव ताहिर जमाल ने इस्लाम में समाजसेवा के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि हर मनुष्य अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दुसरे मनुष्य पर निर्भर रहता है। दुसरे मनुष्य की आवश्यकता को पूरा करने वाला ही समाजसेवी होता है। सिर्फइंसान की सेवा ही सेवा नहीं पशुओं की सेवा करना भी समाज सेवा में आता है। जो व्यक्ति जिस स्तर पर हो उसको वहां जातीय व धर्म के भेदभाव किए बिना समाज सेवा करनी चाहिए। इस्लाम में इसका महत्व बहुत है। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस क्षेत्र में सरायमीर वेलफेयर सोसायटी, अल्फलाह ब्लड डोनेट ग्रुप सहित क्षेत्र के गांव में सोसायटी बनाकर युवाओं ने समाजसेवा कर समाज को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। मौलाना उमर असलम इस्लाही, जमाते इस्लामी हिन्दी सरायमीर के क्षेत्रीय अध्यक्ष अकील अहमद आजमी ने समाजसेवा के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों को बताया। उसके बाद उपस्थित पत्रकार व सोसायटी बनाकर समाज की सेवा करने वाले युवकों को डायरी, बुक व कैलेण्डर देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम कि समापन जमाते इस्लामी हिन्दी यू.पी. पुर्वी ,सचिव मौलाना अतिकुर्रहमान की दुआ से हुआ।

# पांच वर्षों में 1000 ग्रीन वेसल्स लॉन्च किए जाएंगे: सर्बानंद

## अंतर्देशीय जलमार्ग विकास के लिए पांच वर्षों में 50,000 करोड़ के निवेश की घोषणा की

**काजीरंगा।** भारत में अंतर्देशीय जलमार्गों के प्रसार एवं विस्तार पर नीतिगत फैसले लेने वाली सर्वोच्च संस्थाअंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद (आईडब्ल्यूडीसी) ने राष्ट्रीय जलमार्गों पर ढांचागत तंत्र के विकास से जुड़ी प्रमुख घोषणाएं की हैं। बंदरगाह, जहाजरानी तथा जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत अंतर्देशीय जलमार्ग विकास कार्यों के लिए कार्यरत नोडल एजेंसी भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने आईडब्ल्यूडीसी की दूसरी बैठक में, अगले पांच वर्षों के दौरान ?50,000 करोड़ से अधिक के निवेश की घोषणा की है। इस संबंध में, 21 अंतर्देशीय जलमार्ग राज्यों में, आज यहां ?1400करोड़ से अधिक की नई पहल शुरू करने की घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षताकेंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने की।



आईडब्ल्यूडीसी का शुभारंभ आज काजीरंगा स्थित कोहोरा में असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस मौके पर, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भी उपस्थित थे। बैठक में, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु कुमार, गोवा के बंदरगाह मंत्री एलेक्सियो सिक्केरा, असम के परिवहन मंत्री जोगेन मोहान, मणिपुर के परिवहन मंत्री खाशिम वाशुम, जम्मू एवं कश्मीर के परिवहन मंत्री सतीश शर्मा, मिजोरम के परिवहन मंत्री पु वनलाल्हाना तथा अरुणाचल प्रदेश के परिवहन मंत्री ओजिंग तासिंग समेत अन्य कई गणमान्य जन भी मौजूद थे।

बैठक में, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवालने कहा, आईडब्ल्यूडीसी ने परस्पर सहयोग के नए दौर की शुरुआत की है और इस सिलसिले में केंद्र तथा राज्य सरकारों ने अंतर्देशीय जलमार्गों को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श

- कहा, राष्ट्रीय जलमार्गों पर जहाजों की मरम्मत सुविधाओं को स्थापित करने की योजना

किया है। ऐतिहासिक रूप से भी अंतर्देशीय जलमार्गों की भूमिका विभिन्न सभ्यताओं के विकास में अहम रही है लेकिन देश की विकास योजनाओं में 2014 से पहले तक इस पक्ष की उपेक्षा की जाती रही थी। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम देश में इन जलमार्गों को पुनर्जीवित करने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं ताकि देश में रेलवे और सड़क-मार्गों पर बढ़ता बोझ कम हो सके और साथ ही, यात्रियों एवं माल ढुलाई ऑपरेटरों के लिए सस्टेनेबल एवं किफायती साधन के तौर पर इसे विकसित किया जा सके। आईडब्ल्यूडीसी में, हमने आर्थिक विकास के अवसरों को बढ़ावा देने की राह में पेश आने वाली चुनौतियों को दूर करने के समाधानों पर काम किया है। इस कड़ी में हमने 1000 ग्रीन वेसल्स को लॉन्च् करने की योजना तैयार की है।

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आईडब्ल्यूडीसी में देशभर के 21 राज्यों में 1400 करोड़ से अधिक मूल्य के निवेश के प्रयासों का खुलासा किया। अंतर्देशीय जहाजों के सुगम तरीके से आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय नदी यातायात एवं नौगम्यता प्रणाली भी लॉन्च की गई है।

देश में, अंतर्देशीय जलमार्गों को बढ़ावा देने के बारे में, सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर 2024 के दौरान, राष्ट्रीय जलमार्गों ने पिछले साल की तुलना में लगभग 7 फीसदी का विकास दर्ज किया है। पूर्वोत्तर के अलावा, एनडब्ल्यू-3, एनडब्ल्यू-4, एनडब्ल्यू-5 और 13 नए राष्ट्रीय जलमार्गों पर 267 करोड़ की लागत से विकास कार्य जारी हैं।

# किसानों को बजट में बड़ी राहत देने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 1 फरवरी को केंद्रीय बजट 2025-26 संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है। इस बजट में सरकार किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आ सकती है। सरकार आगामी बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने की योजना बना रही है। जानकारों का कहना है कि, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट में आखिरी बार बदलाव काफी समय पहले हुआ था। इसके बाद से ही सरकार को इसे बढ़ाने की लगातार मांगें मिल रही थी।

दरअसल, किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत 1998 में की गई थी। इसके तहत खेती और उससे जुड़ी गतिविधियों में लगे किसानों को 9 फीसदी ब्याज दर पर अल्पकालीन फसल ऋण दिया जाता है। सरकार किसानों को ब्याज पर 2 फीसदी छूट देती है और समय से अदायगी करने वाले किसानों के ब्याज में बतौर

- क्रेडिट कार्ड पर 5 लाख के उधार की उम्मीद
- 1988 में हुई थी किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत

प्रोत्साहन 3 फीसदी कमी और कर दी जाती है। इस तरह किसानों को सालाना 4 फीसदी दर पर कर्ज मिल जाता है। इस योजना के तहत सक्रिय क्रेडिट कार्ड खातों की संख्या 30 जून, 2023 तक 7.4 करोड़ से अधिक थी और उन पर 8.9 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बकाया था।

कृषि क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि,इन दिनों खेती की लागत बहुत बढ़ी है मगर किसान क्रेडिट कार्ड पर उधारी की सीमा कई साल से बढ़ाई नहीं गई। अगर सरकार ये दायरा में इजाफा करती है तो कृषि क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कृषि आय बढ़ाने में मदद भी होगी। सरकार के इस कदम से किसानों की जीवनशैली में ही सुधार नहीं होगा, बल्कि बैंकिंग प्रणाली का जोखिम भी घटेगा क्योंकि किसान समय पर कर्ज चुका देंगे। क्योंकि किसान क्रेडिट कार्ड का उद्देश्य बड़ी जमीन वाले किसानों को ही नहीं बल्कि छोटी जोत वाले किसानों और पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों में लगे लोगों को भी अपने दायरे में लाना है।

नाबार्ड के आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर 2024 तक सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 167.53 लाख किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए थे। जिनकी कुल क्रेडिट लिमिट 1.73 लाख करोड़ रुपये थी। इसमें डेयरी किसानों के लिए 10,453.71 करोड़ रुपये क्रेडिट लिमिट के साथ 11.24 लाख कार्ड और मत्स्य पालकों के लिए 341.70 करोड़ रुपये क्रेडिट लिमिट के साथ 65,000 किसान क्रेडिट कार्ड शामिल हैं।

# टाटा प्ले लेकर आया है दिव्य महाकुंभ के दर्शन प्रयागराज से




**लखनऊ।** हर हर महादेव, महाकुंभ में शामिल होने का महासंयोग अब आप सभी को प्राप्त होने वाला है, वो भी घर बैठे आराम से। क्योंकि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक टाटा प्ले लेकर आ रहा है अपने अराधना चैनल पर 24/7 महाकुंभ दर्शन का सीधा प्रसारण, जिसमें आप बिना किसी विज्ञापन के दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे। शाही स्नान (पवित्र स्नान), मंत्रमुग्ध करने वाली शाम की गंगा आरती, अखाड़ों के रंगीन जुलूस और प्रसिद्ध दिग्गजों द्वारा आध्यात्मिक उपदेश के साथ शानदार दृश्य खास आप सभी के लिए प्रसारित किए जाएंगे। टाटा प्ले अराधना ग्राहकों के लिए पूरी तरह से मुफ्त है। जहां टाटा प्ले अराधना पर नियमित कार्यक्रम चैनल - 1051 पर जारी रहेगा, वहीं महाकुंभ दर्शन का 24/7 फीड चैनल-1052 पर देख सकेंगे। तो बिना चूके एक भी पल लगातार महाकुंभ के जादू, उसकी आध्यात्मिकता और श्रद्धा में सराबोर होने के लिए तैयार हो जाएं। यह टीवी और टाटा प्ले मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होगा।

# वैश्विक स्तर पर महंगाई में कमी जारी रहेगी

**नई दिल्ली।** आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के अनुसार वर्ष 2025 में भी वैश्विक स्तर पर कीमतों में नरमी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई से लड़ने के लिए जरूरी ऊंची ब्याज दरों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी में नहीं धकेला। जॉर्जीवा के अनुसार यह राहत की बात है और इससे कीमतों में नरमी दिखी है। ऊंची ब्याज दरों ने वांछित परिणाम दिए हैं। उभरते बाजारों की तुलना में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में हेडलाइन मुद्रास्फीति जल्दी ही लक्ष्य के भीतर वापस आ रही है।

आईएमएफ प्रमुख के अनुसार स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी कमजोर रह सकती है। जॉर्जीवा ने यह भी कहा कि उन्हें इस वर्ष दुनिया में काफी अनिश्चितता की आशंका है, मुख्यतः अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर। शुक्रवार को वार्षिक मीडिया गोलमेज बैठक में आईएमएफ एमडी ने कहा कि 2025 में वैश्विक विकास स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन क्षेत्रीय भिन्नता के साथ।

# साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था का अभिव्यक्ति रजत जयंती समारोह



**लखनऊ।** दिन शनिवार को उप्र हिंदी संस्थान में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिव्यक्ति के रजत वर्ष समारोह-2025 में संस्था द्वारा प्रकाशित कहानी संग्रह रजत कलश, तथा डा अमिता दुबे एवं अलका प्रमोद द्वारा रचित दो कृतियों स्मृतियों में डा शीला मिश्र तथा अभिव्यक्ति की अनुभूति का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्य कार आशा श्रीवास्तव को अभिव्यक्ति वाग्देवी साहित्यश्री रजत सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया।

तीन सत्रों में आयोजित समारोह में मुख्य वक्ता थीं डा निशा गहलौत, अंजना मिश्रा, डा रश्मि श्रीवास्तव। निरुपमा मेहरोत्रा ने आशा श्रीवास्तव का तथा डा निर्मला सिंह ने डा शीला मिश्र का परिचय प्रस्तुत किया। इला सिंह ने शीला जी की कहानी का पाठ किया। रजत कलश की प्रधान संपादक संस्था की डा उषा चौधरी तथा संपादक मंडल में शारदा लाल, डा अमिता दुबे, अलका प्रमोद, डा मंजू शुक्ल एवं स्नेहलता जी हैं। अभिव्यक्ति संस्था की अन्य साहित्य कार भी सम्मिलित हुई जिनमे डॉ रुचि श्रीवास्तव, डॉ अलका अस्थाना अमृतमयी ज्योत्सना सिंह, निवेदिता श्रीवास्तव, नीलम राकेश, डॉ मीरा दीक्षित डॉक्टर अर्चना प्रकाश, सुषमा गुप्ता, संजीव जाय सवाल संस्था की सदस्याओं को अभिव्यक्ति संस्था द्वारा उपहार वितरित किए गए जिसके साथ अभिव्यक्ति की अनुभूति भी सभी सदस्यों को भेंट की गयी।

# लक्ष्मी डेंटल ने निवेशकों से 314 करोड़ रूपये जुटाए

**नई दिल्ली।** ऑर्बिमेड-समर्थित लक्ष्मी डेंटल ने अपना आरंभिक शेयर निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर यानी बड़े निवेशकों से 314 करोड़ रुपये से कुछ अधिक राशि जुटाई है। शुक्रवार को बीएसई की वेबसाइट पर अपलोड किए गए परिपत्र के मुताबिक, एंकर चरण में घरेलू म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और विदेशी इकाइयों की भागीदारी देखी गई।

आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड (एमएफ), आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एचडीएफसी एमएफ, कोटक एमएफ, मिराए एसेट एमएफ, टाटा एमएफ, बिड़ला सनलाइफ इंश्योरेंस, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, नोमुरा, गोल्डमैन शैक्स, अल मेहवार कमर्शियल इन्वेस्टमेंट्स और नैटिक्सिस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स सहित अन्य को इस चरण में शेयर आवंटित किए गए हैं। परिपत्र के अनुसार, मुंबई स्थित लक्ष्मी डेंटल ने




31 इकाइयों को 428 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के हिसाब से 73.39 लाख शेयर आवंटित किए हैं, जिससे लेनदेन का कुल आकार 314.12 करोड़ रुपये हो गया है। इसके आईपीओ का मूल्य दायरा 407-428 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। यह निर्गम 13 जनवरी को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगा और 15 जनवरी को बंद होगा। मसौदा दस्तावेज के मुताबिक, आईपीओ में 138 करोड़ रुपये के नए शेयरों के अलावा प्रवर्तकों राजेश ब्रजलाल खाखर एवं समीर कमलेश मर्चेंट और अन्य शेयरधारकों द्वारा 560 करोड़ रुपये मूल्य के 1.31 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

# काम की गुणवत्ता मायने रखती है, समय नहीं : राजीव बजाज

**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरपर्सन एस एन सुब्रमणियन ने हफ्ते में 90 घंटे काम वाली बात कहकर देश में एक नई बहस छेड़ दी है। वहीं, अब इस मामले में बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज भी कूद पड़े हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी राय रखते हुए कहा कि काम की गुणवत्ता घंटों से कहीं अधिक मायने रखती है।

सीएनबीसी टीवी18 की रिपोर्ट के मुताबिक, राजीव बजाज ने कहा कि अगर कोई 90 घंटे काम करने की शुरुआत करना चाहता है तो इसकी शुरुआत ऊपर से करनी चाहिए। काम के घंटों की संख्या मायने नहीं रखती, काम की गुणवत्ता मायने रखती है। हमें पहले से कहीं अधिक दयालु, सौम्य दुनिया की जरूरत है।

बजाज ने यह भी कहा कि कंपनियों को काम के घंटों की निश्चित संख्या जैसी प्रतिगामी नीतियों को अपनाने से बचना चाहिए। उन्होंने कार्य-जीवन

**90 घंटे वाली बहस में कूदे राजीव**



संतुलन के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर कोई सप्ताह में 70 या 90 घंटे भी काम करता है तो इसका असर परिवार, स्वास्थ्य पर पड़ेगा और इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

सुब्रह्मण्यन ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए कर्मचारियों को दिए गए एक वीडियो संदेश में कहा,आप घर पर बैठकर क्या करते हैं? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर सकते हैं? पत्नियां अपने पतियों को कितनी देर तक घूर सकती हैं? आप ऑफिस जाएं और अपना काम करना शुरू करें। दरअसल, कर्मचारियों चेयरमैन से सवाल कर रहे थे कि उन्हें सप्ताह में सिर्फ एक दिन की छुट्टी क्यों मिलती है, दो दिन की क्यों नहीं।एलएंडटी के चेयरमैन ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस बात का दुख है कि मैं आपसे रविवार को काम नहीं करवा पा रहा हूं। अगर मैं आपसे रविवार को भी काम ले पाऊं, तो मुझे बेहद खुशी होगी, क्योंकि मैं खुद भी रविवार को काम करता हूं।

आरपीजी ग्रुप के चेयरपर्सन हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके एलएंडटी चेयरमैन के बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा, एक हफ्ते में 90 घंटे काम? रविवार को सन-ड्यूटी क्यों न कहा जाए और छुट्टी को एक मिथकीय अवधारणा क्यों न बना दिया जाए! मैं कड़ी मेहनत और समझदारी से काम करना चाहता हूँ, लेकिन जीवन को एक निरंतर कार्यालय शिफ्ट में बदल देना? यह सफलता नहीं, बल्कि बर्नआउट का नुस्खा है।

# सेंसेक्स व निफ्टी में शुरुआती बढ़त के बाद गिरावट

**मुंबई।** घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में दो दिन की गिरावट के बाद शुरुआती कारोबार में तेजी आई, लेकिन जल्द ही बिकवाली के दबाव के कारण ये कमजोर पड़ गए। विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने निवेशकों को चिंतित कर दिया है।

बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 270.76 अंक चढ़कर 77,890.97 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 69.5 अंक की बढ़त के साथ 23,596 अंक पर रहा। हालांकि, जल्द ही दोनों सूचकांक नकारात्मक दायरे में आ गए। बीएसई सेंसेक्स 306.07 अंक की गिरावट के साथ 77,313.56 अंक पर जबकि निफ्टी 112.10 अंक फिसलकर 23,412.45 अंक पर कारोबार करने लगा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर में चार प्रतिशत की तेजी आई। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक



और नेस्ले के शेयर भी लाभ में रहे। इंडसइंड बैंक, जोमैटो, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स और पावर ग्रिड के शेयर नुकसान में रहे।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायदे में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की नुकसान में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बंद थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.15 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 7,170.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# जीएसटी पोर्टल हुआ ठप, टैक्सपेयर्स परेशान

**नई दिल्ली।** जीएसटी के लिए मासिक और त्रैमासिक रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन शनिवार, 11 जनवरी 2025 है। लेकिन, इससे ठीक एक दिन पहले जीएसटी पोर्टल ठप पड़ गया। यह पोर्टल पिछले 24 घंटे से अधिक समय से काम नहीं कर रहा है। इससे देशभर के टैक्सपेयर्स चिंतित हैं। कई व्यापारी सारी तैयारी के बावजूद रिटर्न फाइल नहीं कर पा रहे हैं। व्यापारियों ने मौजूदा तकनीकी समस्या को देखते हुए डेडलाइन बढ़ाने की भी मांग की है।

जीएसटीएन के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इस समस्या पर प्रतिक्रिया आई है। इसमें कहा गया है, कुछ यूजर्स को अपने जीएसटीआर-1 समरी तैयार करने और फाइल करने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी तकनीकी टीम इस समस्या के समाधान के लिए तेजी से काम कर रही है। एक अन्य अपडेट में जीएसटी पोर्टल के शुक्रवार दोपहर 12 बजे



तक ठीक होने की बात कही गई थी। हालांकि, शाम 4.15 तक भी साइट नहीं खुल रही थी। अब साइट ठीक होने के समय को बढ़ाकर शाम 6 बजे कर दिया गया है।

साइट पर लॉगिन करने पर मैसेज आ रहा है, शेड्यूल्ड डाउनटाइम! हम साइट पर सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं। 10 जनवरी 2025 को सुबह 12:00 बजे से 10 जनवरी 2025 को शाम 6:00 बजे तक सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। किसी भी सवाल के मामले लिए कृपया हमें 1800-103-4786 पर कॉल करें। हम आपके सहयोग की सराहना करते हैं।

टैक्सपेयर्स के मुताबिक, पिछले कई घंटों से वे जीएसटी भरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन फाइल अपडेट नहीं हो पा रही है। इससे बहुत-से व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर, उन व्यापारियों को जो आखिरी दिन अपना रिटर्न दाखिल करने की योजना बना रहे थे। पोर्टल के डाउन होने के बाद से टैक्सपेयर्स डेडलाइन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# रुपया में एक पैसे की गिरावट के साथ 85.87 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती तथा विदेशी पूंजी की भारी निकासी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में एक पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.87 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव डाला, हालांकि घरेलू शेयर बाजारों से सकारात्मक संकेतों से इसे कुछ समर्थन मिला।

उन्होंने कहा कि साथ ही 20 जनवरी के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए अमेरिकी प्रशासन के प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों की प्रत्याशा के बीच मांग बढ़ने से डॉलर मजबूत हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में मामूली बढ़त के साथ 85.87 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.86 पर बंद हुआ था।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.03 पर रहा। 10-वर्षीय अमेरिकी बॉण्ड का प्रतिफल भी बढ़कर 4.68 प्रतिशत हो गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.16 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 7,170.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# ईपीएस के तहत न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये करने की मांग

## पेंशनधारकों ने की वित्त मंत्री से मुलाकात, आम बजट एक फरवरी को संसद में पेश करेंगी वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पेंशनधारकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने महंगाई भत्ते के साथ न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये मासिक किये जाने समेत अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) 95 राष्ट्रीय आंदोलन समिति (एनएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री से मुलाकात की। बैठक के बाद राउत ने कहा कि वित्त मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि हमारी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। राउत के अनुसार, यह आश्वासन हमें उम्मीद देता है। सरकार को आगामी बजट में 7,500 रुपये न्यूनतम पेंशन और महंगाई भत्ता की घोषणा करनी चाहिए। इससे कम कुछ



भी वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक जीवन देने में विफल होगा।

वित्त मंत्री सीतारमण वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट एक फरवरी को संसद में पेश करेंगी। राउत ने मुलाकात से पहले संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), निजी संगठनों, और देशभर के कारखानों से जुड़े 78 लाख से अधिक पेंशनधारकों की दुर्दशा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पेंशनधारक सात-आठ साल से महंगाई भत्ता के साथ-साथ न्यूनतम पेंशन को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 7,500 रुपये करने और पेंशनधारकों तथा उनके जीवनसाथी के लिए मुफ्त चिकित्सा उपचार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। राउत ने दावा किया कि सरकार द्वारा 2014 में 1,000 रुपये न्यूनतम पेंशन की घोषणा के बावजूद अभी भी 36.60 लाख से अधिक पेंशनभोगी इससे कम राशि प्राप्त कर रहे हैं।

आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि बैंकों को समान किस्त आधारित पर्सनल लोन खंड में अनिवार्य रूप से निश्चित ब्याज दर के उत्पाद पेश करने होंगे। समान मासिक किस्त (ईएमआइ) आधारित पर्सनल लोन खंड पर फ्लोटिंग ब्याज दर को रीसेट करने पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) में यह भी कहा गया है कि परिपत्र सभी समान किस्त आधारित व्यक्तिगत ऋणों को कवर करता है, भले ही ब्याज दर किसी बाहरी बेंचमार्क या आंतरिक बेंचमार्क से जुड़ी हो।

ऋणों की मंजूरी के समय, वार्षिक ब्याज दर/वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर), जैसा भी लागू हो, उसे ऋण समझौते में प्रकट किया जाना चाहिए। एफएक्यू में यह भी बताया गया है कि बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं (आरई) को उधारकर्ता के साथ कब और कितनी बार संवाद करना चाहिए। ऋण की अवधि के दौरान, बाहरी बेंचमार्क दर के कारण ईएमआइ/अवधि में किसी भी वृद्धि को सूचित किया जाना चाहिए। ऋण लेने वाले को त्रैमासिक विवरण प्रदान करना होगा, जिसमे कम से कम आज तक वसूले गए मूलधन और ब्याज, ईएमआइ राशि, शेष ईएमआइ संख्या और ऋण की अवधि के लिए वार्षिक ब्याज दर की जानकारी देनी होगी।

# पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या नौ वर्षों में 400 से बढ़कर 1.57 लाख

**नई दिल्ली।** देश के स्टार्टअप में नौ साल में फंडिंग 14 गुना से ज्यादा बढ़कर 115 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। 2016 में यह सिर्फ 8 अरब डॉलर थी। इस अवधि में स्टार्टअप इंडिया पहल के लॉन्च के बाद से 2024 के अंत तक पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 400 से बढ़कर 1.57 लाख से अधिक हो गई है।

उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के मुताबिक, समर्पित स्टार्टअप नीतियों वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्टार्टअप की संख्या 2016 के चार से बढ़कर 31 हो गई है। यूनिकॉर्न की भी संख्या कई गुना बढ़ी है। 2016 में 8 यूनिकॉर्न थे, जो अब 118 हो गए हैं। कम से कम एक अरब डॉलर मूल्य वाले स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहते हैं। सरकार ने नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप तंत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी।

# मीडिया एकादश से व्यापारी एकादश ने जीता मैच
# कानपुर और सिवान के बीच फाइनल मुकाबला आज

अवधनामा ब्यूरो


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते भाजपा नेता सदाशिव मणि त्रिपाठी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामकोला संजय यादव

**स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 17वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का सातवां दिन**

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 17वें वर्ष स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन शनिवार को व्यापारी एकादश व मीडिया एकादश के बीच सद्भावना मैच खेला गया। इसमें व्यापारी एकादश की टीम ने पांच विकेट शेष रहते ही मैच को जीत लिया। 28 रनों की शानदार पारी खेलते हुए दो विकेट लेने वाले व्यापारी एकादश के विक्की सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

मीडिया एकादश टीम के कप्तान अशोक शुक्ल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज के रूप में आए अजय साहा व संतोष गौड़ ने तेज शुरूआत की।

दोनों सलामी बल्लेबाजों का जब विकेट गिरा तो इसके बाद खेलने आए मुन्ना अली व पंकज बर्नवाल ने कुछ देर के लिए पारी को संभाला। अंत में आए कप्तान अशोक शुक्ल ने रन गति में इजाफा किया।

निर्धारित 20 ओवर के मैच में नौ विकेट खोकर मीडिया एकादश की टीम 143 रन बना सकी। इसमें अजय साहा ने 39, संतोष गौड़ ने 13, पंकज बर्नवाल ने 14, मुन्ना अली ने 10 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। व्यापारी एकादश की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विजय सिंह ने तीन, विक्की सिंह व सुरेश रावत ने दो, अनुराग व वसी खान को एक-एक विकेट की सफलता मिली। जवाब में खेलते उतरी व्यापारी एकादश की टीम शुरुआत से ही मजबूत स्थिति में रही। विक्की सिंह के 28 रनों की शानदार पारी की बदौलत टीम जीत के करीब पहुंच गई। मध्यक्रम में खेलने आए रोशन सिंह और मनीष गुप्ता ने टीम को जीत दिलाई। मीडिया एकादश की तरफ से पंकज बर्नवाल व मुन्ना अली को दो-दो, सूरज साहा को एक सफलता हाथ लगी।

कमेंट्री आकाश गुप्ता ने की। स्कोरिंग हिमांशु शाह ने किया। इससे पूर्व खेल का शुभारंभ भाजपा नेता सदाशिव मणि त्रिपाठी व रामकोला के पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## रेल लाइन के किनारे अज्ञात महिला का शव बरामद

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सिधुआ मिश्रौली रेलवे ढाले के पास एक अज्ञात महिला की लाश शनिवार को रेल लाइन के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर गांव वालों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को पहचान कराने की कोशिश की लेकिन,पता नहीं चला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के सिधुआ मिश्रौली रेलवे ढाले के पास शनिवार की सुबह को गांव वालों ने एक अज्ञात महिला की लाश रेल लाइन किनारे देखी। महिला का सिर धड़ से अलग होने होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस भी शव की शिनाख्त के लिए मौके पर जुटे गांव की महिलाएं और ग्रामीणों से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन घंटे बाद भी महिला के शव की पहचान नही हो सकी। इसके बाद कोतवाली पडरौना की चौकी सिधुआ बाजार पुलिस ने महिला की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विकास चन्द्र बने कप्तानगंज के एसडीएम, कार्यभार ग्रहण किया


कप्तानगंज तहसील कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते नवागत एसडीएम विकास चन्द्र

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर 2020 बैच के पीसीएस अधिकारी विकास चंद्र ने कप्तानगंज एसडीएम के पद पर बाकायदा कार्यभार ग्रहण कर शासन की मंशा के अनुसार कार्य करने का निर्देश जिम्मेदारों को दिया। कप्तानगंज के एसडीएम योगेश्वर सिंह का हाटा स्थानांतरण होने के बाद उनके स्थान जिलाधिकारी ने विकास चंद्र को कप्तानगंज का उप जिलाधिकारी बनाया है जिन्होंने कप्तानगंज तहसील में पहुंच कार्यभार परम्परागत रूप से ग्रहण किया। इसके उपरांत उन्होंने तहसील परिसर में स्थित सभी कार्यालयों का निरीक्षण कर राजस्व कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि तहसील में आने वाले सभी फरियादियों को न्याय मिले।यह उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी। इसके लिए तहसील के सभी जिम्मेदारों को अपने कर्तव्य निष्ठा पूर्वक पालन करना होगा। इस मौके पर नायाब तहसीलदार जितेंद्र सिंह लेखपाल अजय राव मारकंडे गुप्ता, आशुतोष कुमार, विचित्र मणि आदि मौजूद रहे।

## गरीबों की सेवा पुनीत कार्य : सम्राट सिंह


गरीबों में कम्बल वितरण करते सम्राट सिंह

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज विकास खण्ड के ग्राम बरवा बाबू में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सम्राट सिंह ने 300 जरूरतमंदों में कंबल वितरित किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि सम्राट सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है और ऐसी सेवा करके मैं अपने आप को धन्य समझता हूं समाज में सामाजिक कार्य करके मैं गांव में एक मिशाल प्रस्तुत करना चाहता हूं ताकि आम जनता की सेवा कर सकूं। जनता ने मुझ पर विश्वास करके गांव की बागडोर सौंपी है, उसे आगे बढाते हुए मैं दिन प्रतिदिन गांव के विकास के लिए तत्पर हूं और इस कंबल वितरण समारोह में आए हुए सभी लोगों का आभार और धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

## सादगी के मिसाल थे लाल बहादुर शास्त्री : पवन मिश्र



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मण्डल द्वारा भारत के दूसरे प्रधानमंत्री और 'जय जवान, जय किसान' का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी के पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में ट्यूबेल कालोनी चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर उनको याद किया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि अपनी साफ-सुथरी छवि और सादगी के लिए प्रसिद्ध शास्त्री जी ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद नौ जून 1964 को प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया था। वह करीब 18 महीने तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उनके नेतृत्व में भारत ने 1965 की जंग में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी, देश की आजादी के लिये दर्जनों बार जेल गए। शास्त्री जी वी आई पी कल्चर के विरोधी थे उन्होंने जय जवान-जय किसान का नारा दिया। पूर्व मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी को युगों -युगों तक याद किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण मिश्र, वीरेंद्र पाठक, विजय कुशवाहा, राजन द्विवेदी, विजेंद्र चौहान, सुमित कुमार, राजेन्द्र उपस्थित रहे।

## आशीष, मेराज, संदीप यादव को एनएसयूआई के प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी/राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्तुति पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पांडेय ने देवरिया जनपद के वार्ड नंबर 2 के निवासी छात्र संघ के पूर्व महामंत्री और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन देवरिया जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष शुक्ल, मेराज अहमद, एड्वोकेट संदीप यादव को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। इनके मनोयन से जिले के कांग्रेस नेताओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कांगेस में एक नई ऊर्जा मिलेंगी। देवरिया जनपद में कांग्रेस को मजबूती मिली है इसके के प्रदेश में नियुक्ति होने पर। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष केशव यादव, जिला अध्यक्ष राम जी गिरी , शहला अहरारी,शुयश मणि त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह, धनमेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम नारायण सिंह, नागेंद्र शुक्ल, शाहनवाज जफर,मुकुंद भास्कर मणि, मुन्ना लारी, जुलेखा खातून, रीता देवी, मधु शर्मा, वशिष्ट मोदनवाल, डा.धनमेंद्र पांडेय जर्नादन कुशवाहा, जवाहर लाल बर्नवाल, ऋषिकेश मिश्रा, तारा यादव विजय शंकर मिश्र, हीरा नंद राय, मृत्युंजय त्रिपाठी, जवाहर चौहान, सुबास राय, विजय बहादुर सिंह, नोसाद राजा, आदि लोगों ने बधाई दिया।

## मां हर व्यक्ति की पहली गुरु : संतोष श्रीवास्तव



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार की योजना पोषण भी पढाई भी के अंतर्गत गौरीगंज के ब्लाक सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन शनिवार को किया गया। जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह के द्वारा कार्यकत्रियों को प्रमाण पत्र वितरण करके किया गया। उनके द्वारा कार्यकत्रियों से लक्षित बच्चों और महिलाओं को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए अपील भी किया गया। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण एवं शालापूर्ण शिक्षा को आँगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से और मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा पोषण भी पढाई भी योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत डीपीओ संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की पहली गुरु मां है तो दूसरी गुरु आंगनवाड़ी कार्यकत्री हैं। इसलिए कार्यकत्री अपने दायित्वों का निर्वहन एक मां की तरह से करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन पोषण दूसरे दिन पढ़ाई व तीसरे दिन पोषण व पढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। सीडीपीओ गौरीगंज संतोष कुमार गुप्ता ने शालापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्त्व, समावेशी शिक्षा तथा आईसीडीएस विभाग द्वारा दी जाने वाली 6 सेवाओ के बारे में विस्तार से बताया।

## जनपद देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी देवरिया जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा थाना सुरौली में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना सुरौली पर कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 04 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। । इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 140 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 52 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

# समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्या

अवधनामा संवाददाता


कप्तानगंज थाना परिसर में फरियादियों के मामलों का निस्तारण करते डीएम-एसपी

**कप्तानगंज कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने थाना परिसर मे आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनी तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के समक्ष बिन्द्राज पुत्र राम अवध सिसवा शुक्ल चकमर्ग को लेकर कब्जा दिलाने, राकेश त्रिपाठी पुत्र राधव त्रिपाठी जमीन बटवारा, राम परीखन मलकुही जमीन मामला, श्रवण यादव पैमाईश उपरांत मेड बंधवाने, सुनीता देवी जमीन का कब्जा दिलाने, सहित कुल 11 मामले आए जिसमें 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि समाधान दिवस में जो भी मामले आए हैं अधिकारी कर्मचारी टीम गठित कर मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण करें लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान उपजिलाधिकारी विकास चंद, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह, एसएचओ धनवीर सिंह, लेखपाल अजय राव, विचित्र मणि, मार्कंडेय गुप्ता, ओम प्रकाश पांडेय, आशुतोष कुमार, चंचल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**अमेठी/जायस।** शनिवार को जिले के सभी उन्नीस थाना क्षेत्रों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में सौ से अधिक शिकायतें आई। अधिकांश मामले राजस्व से सम्बन्धित रहे।डी एम निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने जायस कोतवाली में समाधान दिवस का निरीक्षण करने के साथ जनसुनवाई भी की। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए।

# पोलियों की तरह टीबी को भी समूल नष्ट करेंगे: सीएमओ

अवधनामा संवाददाता


टीबी रोगियों में पोषण पोटली देते सीएमओ

**निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों से रखे भावनात्मक लगाव**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में टीबी रोगियों को गोद लेकर प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में शनिवार को सीएचसी मोतीचक में 71 टीबी के मरीजों को गोद लेने के साथ ही उन्हें पोषण पोटली दी गई। जिसमें गुड़, भुना चना, मूंगफली का दाना, सत्तू, गजक एवं प्रोटीन पाउडर था।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों को गोद ले, और उन्हें प्रोटीनयुक्त आहार प्रतिमाह दे जब तक उपचार चले। रोगी दवा के साथ पोषण पोटली खाकर शीघ्र स्वस्थ हो सके। सभी चिकित्सक व समाजसेवी अपने अपने क्षेत्र में टीबी के रोगियों को गोद लें तथा मरीज का नंबर भी रखे। इससे आपका भावनात्मक लगाव भी जुड़ा रहेगा और उस मरीज के स्वास्थ्य की जानकारी भी लेते रहेंगे एवं उसे स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई समस्या हो तो टीबी विभाग से सम्पर्क कर दूर कराने का भी प्रयास करे। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया ने कहा कि टीवी रोगियों के लिए सरकारी संस्थानों में मिलने वाली दवा काफी कारगर साबित हो रहा है। कहा कि क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। इस मौके पर कुल 71 टीबी रोगियों में पोषण पोटली वितरण कर ठंड को देखते हुए अस्पताल के तरफ से कम्बल भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीपीएम सुनील कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मथौली अदालत प्रसाद, एमओआईसी कप्तानगंज सूर्यभान कुशवाहा, डॉ सुधीर तिवारी, डॉ फैसल अब्बास, चीफ फार्मासिस्ट सतेंद्र मिश्रा, एसटीएस अमित श्रीवास्तव, एसटीएलएस विवेकानंद मिश्रा, अजय वर्मा, राकेश मद्धेशिया, डॉ नूरुल हक खान, फार्मासिस्ट अनिरुद्ध चौरसिया, डॉ अहमद सर्फयाब, राजेश कुमार, धर्मेंद्र, संतोष सिंह, तारकेश्वर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सवारियों से भरी लग्जरी बस कंटेनर से टकराई, चालक समेत कई घायल

अवधनामा संवाददाता


क्षतिग्रस्त लग्जरी बस

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर शनिवार को तेज रफ्तार सवारियों से भरी लग्जरी बस ने पीछे से कंटेनर में टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही बस में चीख पुकार मच गई। बस चालक बस में ही फंस गया जबकि सवारियों को हल्की-फुल्की चोटे आई।

हाटा कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत सुकरौली नेशनल हाईवे 28 ओवर ब्रिज पर सुबह 6 बजे जयपुर राजस्थान से सवारी लेकर बिहार सीतामढ़ी जा रही थी। लग्जरी बस अभी सुकरौली हाईवे ब्रिज पर कंटेनर ट्रक में पीछे से टकरा गई। जिसमें ड्राइवर का पैर बस में बुरी तरह फंस गया। सवारियों को भी हल्की-फुल्की चोटे आई, बस में कुल 35 लोग सवार थे। सूचना पर पहुंची नेशनल हाईवे की एंबुलेंस ने बस में फंसे ड्राइवर केशव निवासी सीतामढ़ी को बस से निकाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

## डीएम ने फरीदपुर परवर में विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/जायस।** शनिवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने ग्राम पंचायत फरीदपुर परवर में ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यो यथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, शोकपिट, सामुदायिक शौचालय, आरआरसी सेंटर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंचायत भवन फरीदपुर में फैमिली आईडी बनाए जाने को लेकर लगाए गए कैंप का अवलोकन किया साथ ही जन सुविधा केंद्र में फार्मर रजिस्ट्री कार्य का स्थलीय सत्यापन किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम वासियों से अपनी फैमिली आईडी व फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से बनवाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का राशन कार्ड बना हुआ है उन्हें फैमिली आईडी बनवाने की आवश्यकता नहीं है राशन कार्ड की आईडी ही फैमिली आईडी है जिन लोगों का राशन कार्ड नहीं बना है वह अपनी फैमिली आईडी जरूर बनवाएं फैमिली आईडी बनवाने से विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी, जन सेवा केंद्र पर उपस्थित किसानों से अपनी फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से बनवाने को कहा। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, कचरा पात्र, शोकपिट, सामुदायिक शौचालय, आरसी सेंटर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत कराए जा रहे नवीन सर्वे के तहत स्वयं लाभार्थी के घर जाकर स्थलीय सत्यापन किया।

## तालाब में मिली अज्ञात बाइक

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत अमेठी बाईपास के किनारे एक तालाब में अज्ञात बाइक मिली है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को तालाब से बाहर निकाल कर थाने ले गई। पुलिस बाइक मालिक के बारे को पता लगा रही है। सरवनपुर निवासी शुभम शुक्ला ने बताया कि सुबह की टाइम नित्य क्रिया करने के लिए गए थे। बाईपास तालाब में बाइक दिखाई दी। बाइक पानी में आधी डूबी हुई थी। बाइक की सूचना पुलिस को दी। बाइक किसी अपराधी की बताई जा रही है। बाइक में नंबर प्लेट प्रतापगढ़ जनपद की कोड की लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि बाइक अपराधियों की लग रही है। घटना के बाद बाइक को लाकर यहां पर फेंक दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## गांव के बाहर मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**अमेठी/गौरीगंज।** गौरीगंज थाने के बरनाटीकर गांव के पास हाइवे पर शनिवार की सुबह एक युवक का शव मिला है। युवक की गला रेत कर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना की जांच की जा रही है। शनिवार की सुबह बरनाटीकर गांव के पास एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ इनामिया समेत दो की पैर में लगी गोली

अवधनामा ब्यूरो


मुठभेड़ में घायल दोनों पशु तस्कर

**गोरखपुर-तमकुहीराज मार्ग पर लबनिया के समीप सुबह तड़के हुई मुठभेड़**

**कुशीनगर।** बिहार जा रहे कार सवार पशु तस्करों की शनिवार की सुबह पटहेरवा थाना के लबनिया के समीप गोरखपुर-तमकुहीराज मार्ग पर पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पटहेरवा, तमकुहीराज व तरया सुजान पुलिस की संयुक्त टीम की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से दोनों तस्कर घायल हो गए। इनकी पहचान तमकुहीराज के सरया खुर्द के परवेज अंसारी व पटहेरवा के ज्वार के आजाद अली के रूप में हुई। तस्करों के पास से तमंचा व कारतूस मिला है। परवेज 25 हजार का इनामी है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पटहेरवा थाना प्रभारी दीपक सिंह सुबह पांच बजे गश्त पर थे। इसी बीच सूचना मिली कि पशु तस्कर कार से बिहार की ओर जा रहे हैं। उच्चाधिकारियों को सूचना दे वे तत्काल फोरलेन पर लबनिया के समीप घेराबंदी कर तस्करों की तलाश में जुट गए। इस बीच तरया सुजान व तमकुहीराज पुलिस भी आ गई। तभी गोरखपुर की तरफ से मारुति कार आती देख टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख बैरिकेडिंग तोड़ते हुए तस्कर तेज गति से कार को भगाने लगे। टीम ने पीछा किया तो कार रोक उतरे और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बसंतपुर झरही मोड़ की ओर तेजी से भागे। जवाबी कार्रवाई में परवेज के दाएं पैर में व आजाद के बाएं पैर गोली लगी और गिर पड़े। तस्करों के पास से दो तमंचा, चार कारतूस मिला। मौके से चार खोखा भी बरामद हुआ। तस्करों ने बताया कि वे बिहार के सिवान जा रहे थे। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि हम लोग दूसरे जनपदों से पशुओं को लादकर बिहार ले जाने वाले गाड़ियों के आगे-आगे लाइनर के रूप में लग्जरी वाहन से चलते हैं, ताकि पुलिस की नजरों से बच सकें। गाड़ियों को पास करा सकें। आज इसी सिलसिले में रूट देखने जा रहे थे। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तरया सुजान राज प्रकाश सिंह, तमकुहीराज अमित शर्मा आदि शामिल रहे। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पकड़े गए तस्करों का आपराधिक इतिहास है। परवेज अंसारी 25 हजार का इनामी है। दोनों के विरुद्ध तमकुहीराज, पटहेरवा के अलावा देवरिया जिले में पशु क्रूरता व गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत है। परवेज बलरामपुर जनपद के थाना तुलसीपुर में गो तस्करी के मुकदमें में वांछित है।

# पालिका द्वारा श्रद्धालुओं को लेकर स्वागत द्वार व शिविर का किया गया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** महाकुम्भ-2025 प्रयागराज एवं श्री रामजन्मभूमि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के दृष्टिगत प्रयागराज से अयोध्या धाम एवं अयोध्या धाम से प्रयागराज को जाने वाले तीर्थ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के सहायतार्थ नगर पालिका परिषद द्वारा गनपत सहाय स्नातकोत्तर कॉलेज पयागीपुर के सामने बनवाये गये स्वागत द्वार एवं स्वागत शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में एम0एल0सी0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक सदर राज बाबू उपाध्याय, जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 डा0 आर0ए0वर्मा, प्रमुख जयसिंहपुर ब्लाक उमेश प्रताप सिंह, पालिका के सभासदगण एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों व अन्य गणमान्य जन की उपस्थिति में समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि नगर पालिका द्वारा श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों के स्वागत एवं उनकी सुविधिओं के दृष्टिगत सहायतार्थ नगर क्षेत्र में प्रवेश कर प्रयागराज को जाने वाले मुख्य मार्गो पर 03 स्वागत द्वार एवं 01 स्वागत शिविर बनाया गया है, जिसमें पालिका के कर्मचारियों की 24 घंटे हेतु तैनाती की गयी है, इसी के साथ ही पालिका द्वारा प्रयागराज अयोध्या मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया है, समुचित प्रकाश व्यवस्था हेतु एल0ई0डी0 लाइटें व सजावटी स्ट्रिप लाइटें भी लगवायी गयी है। महाकुम्भ-2025 में अधिकाधिक लागों द्वारा प्रतिभाग किये जाने हेतु लागों को प्रेरित करने के लिए जगह-जगह मुख्य मार्ग के किनारे होर्डिंग, बैनर-पोस्टर आदि लगवाते हुए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। किसी भी आकस्मिक स्थिति में पालिका द्वारा श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों को रोकने हेतु होर्डिंग स्थल के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन, बारात घर में समुचित व्यवस्थायें की गयी है।

## प्रयोगशाला की खिड़की तोड़ कर लैब में रखा सामान चोरी

**शिकोहाबाद।** नारायण कॉलेज में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने कालेज की रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला की खिड़की तोड़ कर उसमें रखे गैस बर्नर, नल, टोटियों, ब्यूरेटस्टेंड, गैस टोटी, ट्राईपोड, स्टेंड, रासायनिक तुला एवं अन्य सामान चोरी कर लिया और लैब में रखे सामान को तहस नहस कर दिया। पुलिस ने उप प्राचार्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उप प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि 7 जनवरी को शीतकालीन अवकाश के बाद जब लैब खोली गई तो प्रयोगशाला परिचर राजीव कुमार व लैब सहायक संजय कुमार ने सूचना दी कि विभाग की बीएससी प्रथम वर्ष प्रयोगशाला की खिड़की को खोल कर प्रयोगशाला में लगे सभी गैस बर्नर, नल टोटियों, ब्यरेटस्टेंड, गैस टोटी, ट्राईपोड, स्टेंड व अन्य सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गये हैं। इतना ही नहीं बीएससी प्रथम वर्ष की प्रयोगशाला को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया है।

# बल्दीराय ब्लाक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष जिला पंचायत ऊषा सिंह भी मौजूद रही।बैठक में मनरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचम आयोग योजना, सभी प्रकार के पेंशन, कृषि रक्षा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पशुपालन, स्वच्छ भारत मिशन, शिक्षा विभाग से संचालित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।

अध्यक्ष जिला पंचायत उषा सिंह ने लोगों से शासन की मंशा के अनुरूप कार्य कर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में योगदान करने की अपील की। बैठक में ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता होगी। विकास खण्ड को माडल विकास खण्ड बनाने में सभी कर्मचारियों का सहयोग आवश्यक है। बैठक को बीडीओ राधेश्याम ने क्षेत्र पंचायत से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा योजना रोजगार की गारंटी देती है। मनरेगा योजना के चलते गांवों में विकास होता है।

नाली, इंटरलॉकिंग, आरसीसी के माध्यम से गांवों में नई क्रांति आई है। इस दौरान बीडीओ राधेश्याम, एडीओ पंचायत दयावंत सिंह, जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव, जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र उपाध्याय, एडीओ आईएसबी शिवकुमार, जेई आरएसएस जितेंद्र मोहन, प्रधान प्रतिनिधि श्रीपाल पासी, प्रधान मोहम्मद सम्मू उर्फ पप्पू, प्रधान दुर्गेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राजा सिंह, एपीओ मनरेगा नवीन मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमेश यादव, डॉ नन्द लाल यादव, सीडीपीओ राजवती सिंह, बीडीसी स्वामीनाथ यादव, बीडीसी अजय मिश्रा, सेक्रेटरी घनश्याम यादव, राहुल यादव, प्रिंस सिंह, नीतू तिवारी, वरिष्ठ लेखा लिपिक सत्य नारायण गौतम आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला सहकारी विकास समिति की बैठक

**बहराइच।** विश्व की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना अन्तर्गत जनपद के विकास खण्ड रिसिया में बी-पैक्स लिमिटेड मटेरा हेतु प्रस्तावित 1000 एम.टी. क्षमता गोदाम के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था एन.बी.सी.सी. द्वारा तैयार किये गये डी.पी.आर., गोदाम स्थान, क्षमता एवं प्रस्ताव इत्यादि पर विचार विमर्श के उद्देश्य से शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तर पर गठित जिला सहकारी विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता संजीव तिवारी, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला को-आपरेटिव बैंक के सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेश कुमार मिश्र, खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की अध्यक्षता में थाना रामगढ़ में जन समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने हेतु थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिए, उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त रूप से टीम बनाकर मौके पर भेज कर प्रकरणों को गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराये, उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और उनका त्वरित समाधान कराये, उन्होंने यह भी निर्देश दिए की जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय स्तर पर ही निस्तारित करें। थाना दिवस के दौरान शिकायतकर्ता निवासी भीखनपुर मेघपुर जसवंत सिंह द्वारा शिकायत की गई कि उसकी निजी जमीन व ग्राम समाज की पोखर पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए और जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए की मौके पर जाकर पैमाइश कराये और अवैध कब्जा हटवाए। इसी प्रकार निवासीगढ़ ग्राम कुतुबपुर चनौरा मंजू व रंजीत सिंह द्वारा शिकायत की गई कि उनकी जमीन भूमाफ़ियाओं से मुक्त कराई जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि नियमानुसार कार्यवाही कराकर प्रकरण को निस्तारण कराये। इसी तरह निवासी नगला गुलरिया शेर सिंह की भूमि पर फर्जी बैनामा कर कब्जा करने की शिकायत पर जिलाधिकारी निर्देशित किया कि क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस संयुक्त रूप से मौके पर जाकर तुरंत समाधान करें, इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर एवं थाना रामगढ़ प्रभारी सहित तहसील कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# शांतिभंग की धाराओं में करें पाबंदः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के साथ थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली सदर, थाना दन्नाहार में फरियादियों की शिकायतें सुनने के दौरान प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को आदेशित करते हुए कहा कि भूमि संबंधी विवादों की शिकायतों के समाधान के प्रति बेहद संवेदनशील रहें, भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतों पर थाने से ही पुलिस, राजस्व कर्मियों की टीम गठित कर मौके पर भेजकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में समस्या का समाधान कराया जाये, टीम को मौके पर जाने का थाने की जी.डी. में पूरा विवरण अंकित किया जाए साथ ही टीम के वापस आने पर मौके पर की गई कृत कार्यवाही का भी विवरण अंकित किया जाए, भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर विलंब न हो यदि मौके पर किसी के द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जाए तो उसे भारी मुचलके में पाबंद किया जाए। उन्होने कहा कि पैमाइश, सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतों पर राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर प्रभावी कार्यवाही करे, एक बार पैमाइश, कब्जा हटवाने के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाये तो उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराकर प्रभावी कार्यवाही की जाये। श्री सिंह ने थाने पर मौजूद राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों से कहा कि सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र की विवादित भूमि की जानकारी रखें।

# प्रधानपति राहुल गुप्ता पर जमीन कब्जे और अवैध निर्माण के गंभीर आरोप

अवधनामा संवादाता



बड़ा चोर सेंधी में आल्हा गावे, कहावत हुई चरित्रार्थ, निष्प्रयोज्य कुएं का निर्माण तो है एक बहाना, भू माफिया प्रवृत्ति पर है पर्दा डालना

**सुल्तानपुर।** भदैया ब्लॉक के बालमपुर गांव में सार्वजनिक कुएं के जीर्णोद्धार को लेकर चल रहे विवाद में जो मामला अब सामने आया है वह चौकने वाला है। प्रधानपति राहुल गुप्ता पर ग्रामसभा की जमीन पर कब्जा करने और अवैध निर्माण करने के आरोप लगे हैं। यह मामला गांव में सदियों पुरानी कहावत ÷बड़ा चोर सेंधी में आल्हा गावे÷ को चरितार्थ कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानपति राहुल गुप्ता पर गाटा संख्या 1600/0.466 हेक्टेयर, जो कि ग्रामसभा की बंजर भूमि है, पर आंशिक कब्जा किया गया है। इस मामले में लेखपाल दिनेश कुमार की एक रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय में बेदखली की कार्यवाही चल रही है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि प्रधानपति ने इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रधानपति पर धारा 2/3 में है अभियोग पंजीकृत- इसके अलावा, एक अन्य आरोप के मुताबिक, प्रधानपति ने ग्रामसभा की जमीन पर एक निजी हॉस्टल और दुकान का निर्माण भी करवाया है। यह गंभीर मामला है, जो सार्वजनिक संपत्ति के निजीकरण और कानून के उल्लंघन को उजागर करता है। वहीं *प्रधानपति राहुल गुप्ता के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2/3 के तहत स्थानीय थाने में अभियोग भी पंजीकृत है।

भू-माफिया प्रवृत्ति पर पर्दा डालने को कुएं का निर्माण- कुएं के जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों के बीच बढ़ते विवाद और तनाव के बीच यह सवाल उठने लगा है कि कहीं प्रधानपति अपनी छवि सुधारने और अतिक्रमण को जायज ठहराने के लिए इस कार्य का उपयोग तो नहीं कर रहे हैं। जहां एक ओर कुएं का जीर्णोद्धार ग्रामीणों के लिए एक सकारात्मक पहल है, वहीं दूसरी ओर प्रधानपति की भू-माफिया प्रवृत्ति और अवैध कब्जे के आरोपों ने इस प्रयास को संदेह के घेरे में ला दिया है।

प्रशासन और पुलिस की ओर से इस मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामसभा की जमीन की सुरक्षा और सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। न्यायालय में चल रही बेदखली प्रक्रिया को भी प्राथमिकता के साथ निष्पादित किया जाना चाहिए।

# डीएम न्यायालय पर वर्ष 2024 में निर्णित हुए स्टाम्प कमी के 62 वाद

न्यायालय पर सीधे जमा कराये गये 01 करोड़ 36 लाख 58 हज़ार 332 रूपये

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** वर्ष 2024 में 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक न्यायालय जिलाधिकारी पर स्टाम्प कमी से सम्बन्धित कुल 62 वाद निर्णित हुए जिसमें रू. 02 करोड़ 88 लाख 56 हज़ार 778 स्टाम्प कमी आरोपित किया गया। निर्णित 62 वादों में न्यायालय पर सीधे रू. 01 करोड़ 36 लाख 58 हज़ार 332 जमा कराये गये तथा शेष धनराशि रू. 01 करोड़ 51 लाख 98 हज़ार 446 की वसूली हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। माहवार निर्णित वादों की बात की जाय तो माह जनवरी में निर्णित 07 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 6,51,580=00 के सापेक्ष रू. 3,73,170=00 जमा कराये गये। इसी प्रकार फरवरी में निर्णित 04 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 9,69,388=00 के सापेक्ष रू. 8,76,458=00, मार्च में निर्णित 06 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 24,63,740=00 के सापेक्ष रू. 21,46,004=00, अप्रैल में निर्णित 03 वादों में कुल आरोपित स्टाम्प कमी रू. 11,01,270=00, मई में निर्णित शून्य वाद के सापेक्ष जमा करायी गई धनराशि रू. 29,747=00, जून में निर्णित 05 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 14,05,160=00 के सापेक्ष रू. 18,66,696=00, जुलाई में निर्णित 08 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 34,63,390=00 के सापेक्ष रू. 30,57,602=00 जमा कराये गये। माह अगस्त में निर्णित 03 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 8,63,510=00 के सापेक्ष रू. 15,21,767=00, सितम्बर में निर्णित 02 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 21,91,450=00 के सापेक्ष रू. 22,23,392=00, अक्टूबर में निर्णित 06 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 16,02,680=00 के सापेक्ष रू. 8,28,815=00, नवम्बर में निर्णित 07 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 71,89,540=00 के सापेक्ष रू. 1,96,300=00 तथा माह दिसम्बर में निर्णित 11 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 69,55,070=00 के सापेक्ष रू. 5,38,381=00 इस प्रकार 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक निर्णित कुल 62 वादों में आरोपित स्टाम्प कमी रू. 02 करोड़ 88 लाख 56 हज़ार 778 के सापेक्ष न्यायालय पर सीधे रू. 01 करोड़ 36 लाख 58 हज़ार 332 जमा कराये गये तथा शेष धनराशि रू. 01 करोड़ 51 लाख 98 हज़ार 446 की वसूली हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी किया गया है।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबन्ध अभियान में 26000 रूपये जुर्माना वसूला

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** शासन के आदेशों के क्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक पर अधिरोपित प्रतिबन्ध का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु दिनांक 23 दिसम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 के मध्य आरंभ 5.0 अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त के क्रम में नगर आयुक्त ऋषिराज के आदेशों के अनुपालन में जोनल सैनेटरी ऑफीसर सन्दीप भार्गव एवं एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार के निर्देशन में अभियान चलाकर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने पर तीन लोगों से 25,000 रू0 एवं अतिक्रमण करने पर एक व्यक्ति से 1000/- रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस संबंध में एण्टी एसयूपी टीम लीडर श्री मनोज कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि आज 27 दिसम्बर 24 को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग/भण्डारण /विक्रय करने पर दीपक जैन पुत्र वीरेश कुमार जैन सदर बाजार से 10,000 रू0, नौशाद पुत्र हयात खान सदर बाजार से 10,000 रू0 एवं विकार अहमद पुत्र निसार अहमद सदर बाजार से 5000 रू0 का जुर्माना वसूल कर प्रतिबंधित पॉलीथीन सामग्री को जब्त किया गया। साथ ही शहर में अतिक्रमण करने पर एक व्यक्ति से 1000/- रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस तरह नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा कुल 26,000 रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही एण्टी एसयूपी टीम लीडर द्वारा आस.पास के अन्य दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोगए भण्डारण एवं विकय न करने की सख्त हिदायत दी। अभियान में प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विपन कुमार, दिनेशपाल सिंह, शैलेन्द्र कुमार एवं पवन कुमार सहित प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

# मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** आयुक्त कार्यालय लघु सभागार में मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी जी की अध्यक्षता में फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण की 39वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत 38वीं बोर्ड बैठक के कार्यवत्त की पुष्टि की गयी। विगत बोर्ड बैठक में लिए गये निर्णय के अनुपालन आख्या की स्थिति पर चर्चा की गयी। जिओरेफ्रेन्सिग में कन्वर्ट कराये गए फिरोजाबाद-शिकोहाबाद महायोजना 2031 (कन्वर्जन) के प्रतिवेदन प्रति एवं मानचित्र की हस्ताक्षरित कॉपी शासन से मंगाने के निर्देश दिए गये। यातायात नगर योजना के अवशेष भूखण्डों की बिक्री हेतु स्वीकृत तलपट मानचित्र को पुनरीक्षित करते हुए विकास कार्य हेतु डीपीआर के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। चर्चा उपरांत पुनरीक्षित तलपट मानचित्र को स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रस्ताव को महोदया द्वारा अनुमोदित किया गया। टूण्डला क्षेत्र की पुनः जीआईएस बेस्ड महायोजना तैयार करने हेतु एओआई का निर्धारण हेतु प्राधिकरण पर पड़ने वाले वित्तीय व्ययभार की सहमति के संबंध में प्रस्ताव रखा गया। चर्चा उपरांत मण्डलायुक्त महोदया द्वारा प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। होटल निर्माण हेतु अपेक्षाएं और पेट्रोल फिलिंग स्टेशन कम सर्विस स्टेशन में प्रवेश व निकास मार्ग से संबंधित प्रस्ताव रखा गया। शासनादेश को अंगीकार किए जाने हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी। दौलतपुर आवासीय योजना में अनिस्तारित संपत्तियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए अवशेष भवनों का ई-ऑक्शन के माध्यम से आवंटन किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।बैठक के अंत में प्राधिकरण की प्रवर्तन और आय-व्यय की समीक्षा की गयी। विगत 8 माह में सिर्फ 17 प्रकरणों में ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। शमनित मानचित्रों में 4.50 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष सिर्फ 13 लाख की ही आय हुई। डिफॉल्टर्स को भेजे गये नोटिस के बावजूद आंवटन निरस्त की कार्यवाही नहीं की गयी। सिर्फ दो ही प्रकरण में सीलिंग की कार्यवाही की गयी। 'प्रवर्तन की धीमी कार्रवाई को लेकर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रवर्तन कार्यवाही में लापरवाही बरतने पर चारों प्रवर्तन प्रभारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने तथा भविष्य में प्रवर्तन स्थिति में सुधार न होने पर निलंबन की संस्तुति किए जाने के निर्देश दिए।' वहीं प्राधिकरण की आय बढ़ाने हेतु मण्डलायुक्त ने इसी वित्तीय वर्ष में यातायात नगर में अवशेष भूखण्डों के आंवटन और पचवान आवासीय योजना को लॉन्च करने के निर्देश दिए।


**कार्यालय अलीगढ़ नगर निगम, अलीगढ़।**

कक्ष सं0 308, सेवा भवन, लाल डिग्गी, अलीगढ़

Email ID: gmjalaligarh@gmail.com

पत्रांक : 530/अ0ज0क0वि0/2024-25 दिनांक : 09-01-2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जलकल विभाग नगर निगम अलीगढ़ द्वारा निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यों की पुनः (द्वितीय बार) ई-निविदा डबल बिड (टैक्नीकल/फाइनेन्सियल) सिस्टम में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्यों का नाम-

1. 2.0 एच0पी0 क्षमता की समरसेबिल मोटर पम्प सैट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य।
2. वार्ड सं0 27 ब्रहमनपुरी चौक में पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य।

- निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 29.01.2025 की अपरान्ह 2:00 बजे तक।
- निविदा की टैक्नीकल बिड खोले जाने की तिथि 29.01.2025 अपरान्ह 4:00 बजे।
- फाइनेन्सियल बिड केवल उन निविदादाताओं की खोली जायेगी जो टैक्नीकल बिड में अर्ह पाये जायेंगे।
- फाइनेन्सियल बिड खोले जाने का विवरण बेवसाइट www.etender.up.nic.in से ही प्राप्त किया जा सकेगा।

**नोटः-** अन्य जानकारी व समस्त शर्तें बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

**सहायक अभियन्ता (जल)**
**नगर निगम अलीगढ़।**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., गोण्डा**

पत्रांक :- 30/2ए दिनांक : 03.01.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/खण्ड/ विधानसाभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| विधानसभा क्षेत्र कटरा बाजार के अन्तर्गत नवीनीकरण का कार्य | | | | | | | |
| 1 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | करनैलगंज कुकुरभुकवा मार्ग मार्ग के किमी0 15 से अचलपुरवा सम्पर्क मार्ग। | 10.40 | 1.04 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 2 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | नरायनपुर खुर्द सम्पर्क मार्ग। | 5.20 | 0.52 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 3 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | पृथ्वीनाथ आर्यनगर मार्ग के किमी0 4 से अन्तपुर होते हुए भुलईडीह तक सम्पर्क मार्ग। | 24.96 | 2.50 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 4 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | कोटिया मदारा से मोहनटेपरा सम्पर्क मार्ग। | 18.72 | 1.88 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 5 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | तिलका चन्दवतपुर मार्ग पर रायपुर फकीर बन्दरे बाबा होते हुए गन्डाही रियाज चक्की तक सम्पर्क मार्ग | 23.92 | 2.40 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 6 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | पूरे बहोरी से लक्ष्मनपुर डिप होते हुए बिरवा गोंसाईपुरवा तक सम्पर्क मार्ग | 15.60 | 1.56 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 7 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | कमड़वा प्रधानमंत्री रोड से कोरियनपुरवा होते हुए लहदवा तक सम्पर्क | 18.72 | 1.88 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 8 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | आर्यनगर असिधा पृथवीनाथ खरगूपुर मार्ग से एल0बी0 पब्लिक मान्टेसरी स्कूल परसपुर अलहवा से चोलपुरवा होते हुए मझरिया संपर्क मार्ग | 26.00 | 2.60 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 9 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | करनैलगंज कुकुरभुकवा मार्ग के किमी0 11 से बायें टेपरा परसोनीपुरवा डफालीपुरवा होते हुए परसौनीपुरवा सम्पर्क मार्ग | 15.60 | 1.56 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 10 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | फरेन्दा जरवल मार्ग कि किमी0- 208 से बायें जोरपुरवा सम्पर्क मार्ग | 1.56 | 0.16 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी,ई |
| 11 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | फरेन्दा जरवल मार्ग कि किमी0-202 से बायें परसौनिक सम्पर्क मार्ग | 3.64 | 0.37 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी,ई |
| 12 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | चन्दवतपुर तिलका कटरा बाजार कि किमी0 20 से शंकरपुरवा सम्पर्क मार्ग | 4.16 | 0.42 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी,ई |
| 13 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | फरेन्दा जरवल मार्ग किमी0-205 से बायें घिवपुरवा सम्पर्क मार्ग | 4.68 | 0.47 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी,ई |
| 14 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | कमालपुर विशुनपुर मोड़ से कुंवरपुर प्राइमरी पाठशाला होते हुए गौरवाखुर्द सम्पर्क मार्ग | 26.00 | 2.60 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 15 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2 | हडियागाड़ा पुलिया से अड़घरवा होते हुए हरसिंहपुर सम्पर्क मार्ग | 20.80 | 2.08 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.01.2025 से 30.01.2025 तक सांय 03.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 30.01.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 30.01.2025 को अपरान्ह 03.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेबसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 30.01.2025 के अपरान्ह 03.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

UPID-225910 Dated-10-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**(विनोद कुमार त्रिपाठी)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. गोण्डा**

# शीतकालीन बालिका सशक्तिकरण पुनश्चर्या कार्यशाला संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर द्वारा सीएसआर के तहत इस वर्ष भी शीतकालीन सत्र में 4 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक बालिका सशक्तीकरण अभियान पुनश्चर्या कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का समापन समारोह 11 जनवरी 2025 को स्थानीय सरस्वती सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली, जोसेफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एंड मेंटेनन्स), पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और एनटीपीसी सिंगरौली के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, वनिता समाज की सदस्याओं, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा एनटीपीसी गीत के सामूहिक गायन से की गयी। इस अवसर पर राजीव अकोटकर ने अपने संबोधन में सभी बालिकाओं से अपील किया कि उन्होने इस बालिका सशक्तिकरण पुनश्चर्या कार्यशाला का जो भी लाभ लिया उसे अपने समग्र व्यक्तित्व के विकास हेतु उपयोग में लाएँ जिससे वे अपने परिवार, समाज तथा एनटीपीसी का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने बालिकाओं में साहस और आत्मविश्वास का संचार देने व एक सक्षम और सशक्त नागरिक के रूप में समाज में योगदान दे सकने हेतु सभी शिक्षकगण और कोऑर्डिनेटर्स के अथक प्रयासों का भी धन्यवाद किया। पीयूषा अकोटकर ने अपने उद्बोधन में बालिका सशक्तीकरण के महत्व पर बल देते हुए एनटीपीसी सिंगरौली की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सर्वांगीण विकास समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, और उन्हें गर्व है कि एनटीपीसी सिंगरौली इस दिशा में लगातार सकारात्मक कदम उठा रही है। बालिका सशक्तीकरण अभियान के तहत, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागियों को कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस पुनश्चर्या कार्यशाला में आस-पास के गाँवों कोटा, तारापुर, रणहोर, लोझरा, चिल्काडांड और कौहरौल के 120 बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए। इन बालिकाओं को व्यक्तित्व विकास, खेल, आत्मरक्षा, कला-कौशल और चिकित्सा प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

# एक होटल में मिडिया के सहयोग से जनपद को बेहतर बनाने मे योगदान हेतु की गई चर्चा

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** होटल अरिहंत रॉबर्ट्सगंज में एक पिरामल फाउंडेशन और पत्रकार बंधुओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिरामल फाउण्डेशन की राज्य स्तरीय टीम ने भी प्रतिभाग किया, वहीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे पिरामल फाउंडेशन के जनपद प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया की फाउंडेशन ग्राम पंचायत को सक्षम बनाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय लोगों के सहयोग से ग्राम विकाश योजना बना कर क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे भारत सरकार को जो ग्राम पंचायत का सतत् विकाश का लक्ष्य है उसे प्राप्त करने मे सहयोग मिल सके साथ हि महिला विकास, बाल मैत्री ग्राम पंचायत सहित स्वास्थ्य सेवाओ को जन जन तक पहुचाने हेतु बेहतर प्रयास किया जा रहा है साथ हि पत्रकारिता जगत के चुनौतियों एवं समस्याओं पर चर्चा किया और सम्भावित समाधान, सल्युसन जर्नलिज्म के सम्बन्ध मे विस्तृत चर्चा करते हुए, पत्रकार हितों को ध्यान मे रख कर एक आनलाइन सर्वे किया जो पत्रकारों के आवश्यकता के सम्बन्ध मे था, पिरामल फाउंडेशन से राज्य प्रतिनिधि अमृत आनंद ने बताया की उत्तर प्रदेश के सभी आठों आकाँक्षी जनपद मे इस प्रकार से बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जायेगी।

**पिरामल फाउण्डेशन की राज्य स्तरीय टीम ने भी प्रतिभाग किया**

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की हम सभी मिलकर आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जनपद को बेहतर बनाने मे योगदान देंगे इस [illegible] दौरान जनपद के सभी पत्रकार साथियों सहित पिरामल फाउण्डेशन से गांधी फेलो सृष्टि भुजेल , एडमिन मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### एनटीपीसी-विंध्याचल सीएसआर के अंतर्गत ग्राम नौगढ़ में निःशुल्क गुड एवं चना का किया गया वितरण



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के सौजन्य एवं राजमाता चुनकुमारी सेवा संस्थान के सहयोग दिनांक-11.01.2025 को ग्राम नौगढ़ की गर्भवती,धात्री महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को पोषण आहार के रूप में निःशुल्क गुड एवं चना का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा 2350 किलोग्राम गुड़ एवं 2450 किलोग्राम चना राजमाता चुनकुमारी सेवा संस्थान को सुपुर्द किया गया। जिसे राजमाता चुनकुमारी सेवा संस्थान द्वारा कुल 15 चिन्हित गांवों में बांटा जाएगा। इस अवसर पर एनटीपीसी की ओर से निखिल जायसवाल, कार्यपालक(सीएसआर) एवं राजमाता चुन कुमारी सेवा संस्थान की टीम के सदस्य उपस्थित रहे है। ग्रामीण महिलाओं ने एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण आहार वितरण का कार्य सराहनीय है। इस पुनीत कार्य से ग्रामीण अंचलों में कुपोषण में कमी आएगी।

### एनएच किनारे गिरे बोल्डर की ढेर दे रही दुर्घटना को दावत



**सोनभद्र/दुद्धी।** रांची- रीवा मार्ग एनएच 39 पर जाबर गांव में सड़क किनारे गिरे बोल्डर की ढेर दुर्घटना को दावत दे रही है जिससे सड़क पर गुजरने वाले बाइक सवारों व वाहन चालकों में भय व्याप्त है कि कही कोई अनहोनी ना हो जाये। ग्रामीणों ने बताया कि 9 जनवरी को एक बाइक सवार के धक्के से इसी बोल्डर की ढेर पर गिरने से एक अधेड़ की ऑन स्पॉट मौत हो गयी थी जबकि मृतक अपने साइड में पैदल जा रहा था। घटना के बाद भी स्थानीय प्रशासन बोल्डर को हटवाने के लिए कोई पहल नही कर रही। ग्रामीणों ने कहा कि अगर इस बोल्डर की ढेर को अगर प्रशासन जल्द से जल्द नही हटवाती है तो कोई भी अप्रिय घटना पुनः घट सकती है। उन्होंने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर अविलंब इस बोल्डर की ढेर को हटवाने की मांग उठाई है। बता दे कि यह सड़क रांची -रीवा मुख्य मार्ग एनएच 39 के नाम से शुमार है यह सड़क झारखंड से यूपी को जोड़ती है और इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है।

### एस.पी. सिंह ने इटावा सफारी पार्क का किया भ्रमण



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** केन्द्रीय मत्स्य,पशुपालन और दुग्ध विकास एवं पंचायतीराज राज्यमंत्री प्रो0एस0पी0सिंह बघेल ने इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान केन्द्रीय मंत्री द्वारा सफारी पार्क में इको रेस्टोरेशन एवं इसके लैंडस्केप की सराहना की गयी। साथ ही बब्बर शेरों को देखकर उनके द्वारा काफी प्रसन्नता जाहिर की गई। उन्होंने सफारी पार्क को इटावा जनपद के लिए अद्वितीय उपलब्धि बताया। सफारी पार्क के और अधिक विस्तार तथा अन्य प्रजातियों को भी सम्मिलित करने हेतु विचार प्रकट किया गया। मंत्री जी द्वारा सफारी पार्क के भ्रमण पर आये पर्यटकों से भी वार्ता की गयी प्रचार प्रसार के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। इस मौके पर सफारी पार्क के उप निदेशक डा0विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, बायोलॉजिस्ट बी0एन0सिंह आदि उपस्थित रहे।

### डीएम व एसपी ने सुनी समाधान दिवस में शिकायतें



**भरुआ सुमेरपुर।** थाने में आयोजित माह के प्रथम समाधान दिवस पर पहुंचे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों को सुनकर मातहतों को निस्तारण के निर्देश दिए। माह के प्रथम समाधान दिवस में थाने पहुंचे जिलाधिकारी घनश्याम मीणा व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने शिकायतों को सुनकर शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए। समाधान दिवस में राजस्व से जुड़ी चार शिकायतें पंजीकृत की गई। किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है। इस मौके पर एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक,सीओ सदर राजेश कमल, थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह के अलावा सभी पुलिस चौकी एवं हल्का इंचार्ज के साथ चकबंदी एवं राजस्व लेखपाल मौजूद रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली पुलिस ने कस्बे के बड़े चौराहा से एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी वीर सिंह उर्फ गोलू यादव जो काफी समय से सुमेरपुर थाना क्षेत्र के गांव टेढा में रह रहा था।पुलिस ने वीर सिंह को मुखबिर की सूचना पर कस्बे में नेशनल हाईवे पर बड़े चौराहा से गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं जिनपर आरोपी वांछित था।पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## धर्म परिवर्तन के आरोपी ढोंगी बाबा सहित पांचों आरोपियों को भेजा जेल



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में चर्चा का विषय बन चुका धर्म परिवर्तन का मामला जिसके सभी आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। गुरुवार व शुक्रवार की दरम्यानी रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कथित ढोंगी बाबा अपने सहयोगियों के साथ दूसरे समुदाय के घर में मुस्लिम धर्म से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करा रहा है।जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छापेमारी कर बांदा के छिपटहरी निवासी हुरुद्दीन, मेराज उल हसन, कस्बे के बाकी तलैया निवासी मोहम्मद हनीफ, रागौल निवासी खालिक,हुसैनिया निवासी इरफान को मौके से गिरफ्तार कर लिया।मामले में पीड़िता उर्मिला पत्नी अजीत कुमार ने कथित बाबा और उसके सहयोगियों पर दबाव बनाकर और प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने और उसके घर में मजार बनाकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र कोतवाली में दिया था जिसके बाद पुलिस ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन की धारा सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## पीडीए चौपाल और सपाईयों ने किया कम्बल वितरण

**मुस्कुरा हमीरपुर।** सपा नेताओं ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर शनिवार को मुस्कुरा विकास खण्ड के करगांव में चौपाल लगाकर जहां सपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया वहीं गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर की गई अपमान जनक टिप्पणी को लेकर जमकर कटाक्ष किया।और बीजेपी को दलितों और पीडीए को छलने वाली पार्टी बताया।साथ ही बीजेपी नेताओं द्वारा आएदिन की जाने वाली महिला विरोधी टिप्पणियों पर भी जमकर बातचीत की।इस दौरान जिलाध्यक्ष इदरीस खान,पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, ओमप्रकाश सोनकर वारसी,नंदकिशोर शिवहरे, गयाप्रसाद अनुरागी सहित लगभग आधा सैकड़ा पार्टी के नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ठंड कोहरा में पुरवाई का मिश्रण होने से फसलों में बढ़ा कीट पतंगों का खतरा

**भरुआ सुमेरपुर।** पुरवाई, ठंड व कोहरा फसलों की सेहत बिगाड़ रहा है। तीनों के मिश्रण से फसलों में कीट पतंगों का इजाफा हो रहा है। इससे किसान चिंतित हो उठा है। पिछले एक पखवाड़े से पड़ रही भीषण ठंड एवं कोहरे के बाद अब पुरवाई का मिश्रण हुआ है। तीनों के मिश्रण से फसलों की सेहत खराब होने के आसार बनने लगे हैं। पुरवाई चलने से कीट पतंग विशेषकर माहू एवं सूड़ी दलहनी एवं तिलहनी फसलों में पैदा हो रही है। इससे किसानों की धड़कनें बढ़ने लगी हैं। किसान मानसिंह, कल्लू धुरिया, चंद्रभान, संतोष कुमार, जयकरण, रामेश्वर, रामस्वरूप, प्रेम कुमार, संतराम आदि ने कहा कि मौजूदा समय में फसलों को सर्दी के साथ धूप की जरूरत है लेकिन प्रकृति ठंड के साथ कोहरा एवं पुरवाई का मिश्रण करके फसलों को क्षति पहुंचा रही है। पुरवाई एवं कोहरे के कारण दलहनी एवं तिलहनी फसलों में माहू एवं सूड़ी का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे फसलों में कीटनाशक छिड़काव की जरूरत पड़ रही है। कृषि विभाग के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला भी मानते हैं कि पुरवाई चलने से फसलों में कीट पतंगों का इजाफा होता है लेकिन अगर बारिश हो जाएगी तब कीट पतंगों का असर खत्म हो जाएगा।

# नर सेवा नारायण सेवा ने खिचड़ी के साथ हजारों गरीबों को किया कंबल वितरण

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** नर सेवा नारायण सेवा द्वारा मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए प्रत्येक शनिवार को निःशुल्क खिचड़ी वितरण किया जाता है। इसी क्रम में 61वें शनिवार को अपने चिन्हित स्थान पत्रकार संघ कार्यालय पर सर्वप्रथम हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात आर्य समाज स्कूल, चोपन में बढ़ती ठंड को देखते हुए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बृहद पैमाने पर लगभग 2000 पात्र गरीबों को कंबल वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में दूर दराज तथा आस पास के क्षेत्रों से आए गरीब और जरूरतमंद लोग भी शामिल हुए। कंबल वितरण के साथ ही लोगों को खिचड़ी भी परोसी गई। इस कार्य को सफल बनाने के लिए नर सेवा नारायण सेवा की पूरी टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया। टीम के सदस्यों ने कहा कि समाज के जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। ऐसे कार्यों के माध्यम से हम समाज के वंचित वर्ग की मदद कर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की भरपूर सराहना की। इस सेवा कार्य से लाभान्वित लोग काफी खुश और संतुष्ट नजर आए। संस्था ने इस मौके पर सभी से अपील की कि वे भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। नर सेवा नारायण सेवा अपनी नियमित सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में मानवीय मूल्यों और सद्भावना का संदेश फैला रही है। वहीं नर सेवा नारायण सेवा के आयोजक मनोज चौबे ने आये हुए समस्त अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान करते हुए सफल आयोजन को लेकर सभी सहयोगियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया संचालन श्यामाचरण गिरी एवं दिव्य विकास सिंह विट्टू ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा मिश्रा, चेयरमैन उस्मान अली, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनील यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह,व्यासमुनी पाण्डेय, नवल किशोर चौबे, प्रदीप अग्रवाल, डॉ बृजेश सिंह,अधिवक्ता अमित सिंह, रजनीकांत सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, दिनेश पाण्डेय, रामदुलारे खरवार, दया सिंह, राधारमण पाण्डेय, मनीष सिंह, सोनी रावत, हेमलता, धर्मशीला देवी, जितू सिंह, सद् दाम कुरैशी, गोलू सोनकर, बबलू सोनी, मुकेश जैन, नजमुद्दीन इद्रीशी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं शांति व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया, कस्बा इंचार्ज उमा शंकर यादव मयफोर्स मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले के विरुद्ध मुकदमा

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बा की एक युवती द्वारा एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग, जान से मारने की धमकी का आरोप लगाने पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पीड़िता ने एसपी सहित थाना सुमेरपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कस्बा सुमेरपुर निवासी शुभम सिंह (25) ने कुछ समय पूर्व शादी का झांसा देकर उसे वृंदावन होटल बुलाया, जहां उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद ब्लैकमेलिंग करते हुए कई बार गलत कार्य किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। शुभम ने गर्भपात कराने के लिए दवा दी और अश्लील वीडियो के माध्यम से उसे डराकर लगातार शोषण करता रहा। जब पीड़िता को पता चला कि शुभम किसी अन्य लड़की से शादी कर रहा है, तो उसने इसका विरोध किया। इस पर शुभम और उसके परिजनों ने जातिगत अपशब्द कहते हुए मारपीट की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शुभम ने तमंचा दिखाकर धमकी दी और रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की बात कही। पीड़िता ने बताया कि शुभम ने उसे मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर घायल भी किया।

# कविताओं का आनंद लेते रहे अधिकारी एवं दर्शक

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर परियोजना के प्रथम तल सी वी रमन सभागार मे काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में सभागार मे उपस्थित कविगणों को विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी । उन्होनें कहा कि प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। विश्व हिंदी सम्मेलन जो हिंदी भाषा का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है, जिसमें विश्व भर से हिंदी विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, भाषा विज्ञानी तथा हिंदी प्रेमी जुड़ते है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने के उदेश्य से विश्व हिंदी सम्मेलनों की श्रृंखला आरंभ की गई। उन्होनें उम्मीद जताई कि यह काव्य गोष्ठी सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनो को हिंदी के प्रति रुचि पैदा करने मे सार्थक सिद्ध होगा। मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी ने अपने स्वागत सम्बोधन के जरिये कवियों का अभिनंदन किया तथा विश्व हिंदी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होनें यह भी कहा कि मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए आंचलिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, यह एक सराहनीय कदम है। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा ने अपने उदबोधन मे कवियों, राजभाषा नोडल अधिकारियों एवं उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विश्व हिंदी दिवस की बधाई दी। उन्होने कहा कि इस काव्य गोष्ठी का आयोजन राजभाषा हिंदी के विकास हेतु लोगों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेगा। साथ ही महाप्रबंधक (आरएलआई) त्रिलोक सिंह ने अपने उद्बोधन मे कवियों द्वारा प्रस्तुत रचनाओं को सराहा गया एवं उनकी कला की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) पुर्णिमा चतुर्वेदी नें मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों एवं कवियों का स्वागत किया तथा विश्व हिंदी दिवस के विषय में जानकारी दी। इस आंचलिक काव्य गोष्ठी में हमारे परियोजना कर्मचारीगण एवं डीपीएस स्कूल से पधारे शिक्षकगणों नें भाग लिया तथा अपनी-अपनी 13 मनमोहक कविताएं प्रस्तुत कर सभी का भरपूर मनोरंजन किया और सभी श्रोतागणों को आनंदित कर दिया। यह आयोजन हिंदी भाषा के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता का प्रमाण बना। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (आरएलआई) त्रिलोक सिंह, अपर महाप्रबंधक (सूचना एवं प्रणाली) मनोज रजक, अपर महाप्रबंधक (व्यवसायिक उत्कृष्टता), विभागा ध्यक्षगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों ने भी इस आंचलिक काव्य गोष्ठी का भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा उपस्थित कवियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का समापन मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# भारतीय संस्कृति, सभ्यता और देशभक्ति पर आधारित समूह गान प्रतियोगिता संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति, सभ्यता और देशभक्ति पर आधारित समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन इटावा प्रदर्शनी पांडाल में हुआ। इस आयोजन के संयोजक डॉ.कैलाश चंद्र यादव सीबीएसई डीटीसी प्रधानाचार्य रहे।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में नीलम राय वर्मा (एसएसपी इटावा की पत्नी) और विक्रम राघव (एसडीएम) उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि मुकेश (Adios इटावा) संजय शर्मा, गुफरान अहमद, उमेश, डॉ.धर्मेंद्र शर्मा और अभिषेक सक्सेना ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि नीलम राय वर्मा ने इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए आयोजक मंडल को धन्यवाद दिया और ऐसी प्रतियोगिताओं को बच्चों की सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। देशभक्ति और भारतीय संस्कृति पर आधारित गीतों ने पूरे पांडाल में एक अनोखा समा बांध दिया। बच्चों की सुमधुर प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल की भूमिका जेक्सन, आरती वर्मा और मुदित ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन कवि रोहित चौधरी और साधना शर्मा द्वारा किया गया। आयोजन में विशेष रूप से नमिता तिवारी, रश्मि यादव, विनीता टंडन और नीतू यादव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर मुख्य अतिथि ने बच्चों के प्रदर्शन से प्रभावित होकर सभी प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार देने की अपील की। यह आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने का माध्यम बना बल्कि उनमें भारतीय संस्कृति और देशभक्ति के प्रति गौरव की भावना भी विकसित की।

# युवक सहित चार परिजनों पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के बस स्टैंड में संचालित एक होटल में ले जाकर नशीला पेय पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करके अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके बार-बार दुष्कर्म करने के बाद गर्भवती होने पर शादी का लालच देकर गर्भपात कराने के बाद में शादी से मुकर जाने से आहत युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक सहित उसके चार परिजनों को नामजद करके दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके आरोपी को हिरासत में लिया है। कस्बे की एक युवती का आरोप है कि उसके कॉलेज आते जाते समय कस्बा निवासी शुभम सिंह पीछा करता था। एक दिन वह उसे बरगलाकर कस्बे के बस स्टैंड के वृंदावन होटल ले गया और नशीला पेय पदार्थ पिलाकर बेहोश होने पर दुष्कर्म करके अश्लील वीडियो बना लिया। इसी

**कस्बे की एक युवती की तहरीर पर दर्ज अभियोग**

वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार दुष्कर्म करता रहा। गर्भवती होने पर शादी कर लेने का झांसा देकर गर्भपात करा दिया। बाद में शादी से मुकर गया और दूसरी युवती से 15 दिसंबर को मंगनी कर ली। जब वह उसके घर पहुंची और विश्वास घात करने की बात कही तब उसकी मां रेखा सिंह,राजा सिंह,अंकित सिंह,धीरज सिंह ने गाली गलौज की और शुभम ने तमंचा निकालकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शुभम सिंह के साथ राजा सिंह,रेखा सिंह,अंकित सिंह व धीरज सिंह के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके युवती को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज कर मुख्य आरोपी शुभम सिंह को हिरासत में लिया है।

# महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी योजना महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मिशन शक्ति जागरूकता अभियान फेज-5 के क्रम में क्षेत्राधिकारी मौदहा ने कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज पहुंच कर छात्र छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। शनिवार को कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज में महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपजिलाधिकारी राज़ कुमार गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी विनीता पहल द्वारा कालेज के छात्र छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया और महिलाओं के उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। वहीं उपजिलाधिकारी राज़ कुमार गुप्ता ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओ के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया, साथ ही सभी छात्र छात्राओं को निडर एवं निर्भीक होकर कालेज से बेहतरीन शिक्षा ग्रहण कर आगे डाक्टर, इंजीनियर व अधिकारी बनकर परिवार सहित कालेज व कस्बे का नाम रौशन करने के लिए जागरूक किया। इसी बीच कालेज की बेहतरीन शिक्षा, सुंदरता, छात्र छात्राओं की अधिक उपस्थिति एवं कालेज में स्थापित नवीन कम्प्यूटर लैब को देखकर कालेज प्रशासन की जमकर सराहना की व बधाई दी। कार्यक्रम के उपरांत कालेज के प्रबंधक अशरफ़ कमाल ने उपजिलाधिकारी राज़ कुमार गुप्ता का व प्रधानाचार्या डॉ रजिया सुल्ताना ने क्षेत्राधिकारी विनीता पहल का फ़ूल मालाओं के साथ शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया वहीं कालेज के प्रवक्ता अब्दुल कय्यूम एवं नुजहत हुसैन ने दोनों अधिकारियों को उपहार भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मुशर्रफ़ कमाल, नजमुद्दीन, शोएब अहमद, डॉ मुबीन खान, नाहिद खान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आरिफ सिद्दीकी ने किया।

# 'संगम स्नान कराने प्रदेश के सभी जिलों से चलेंगी बसें'

अवधनामा ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ को लेकर यूपी रोडवेज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरे महाकुंभ अवधि के लिए सभी जनपदों से प्रयागराज के लिए बसों का संचालन किया जाए, साथ ही बसों के संचालन से संबंधित समय सारणी का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्नान पर्वों के अतिरिक्त भी पूरी महाकुंभ अवधि में सभी जनपदों से बसों का संचालन प्रयागराज के लिये होना चाहिए। श्रद्धालुओं को यात्रा में कोई समस्या ना हो, इसे सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों का सेवन किसी भी बस चालक/परिचालक द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही, प्राइवेट बसों के लिए यह सुनिश्चित किया जाये कि ना तो निश्चित किराया से ज़्यादा किराया लिया जाये ना ही निश्चित क्षमता से अधिक ओवरलोडिंग हो।

बता दें कि महाकुम्भ में सभी श्रद्धालुओं के सुगम-सनज संगम स्नान के लिए यूपी रोडवेज द्वारा 7000 बसें चलाई जाने की तैयारी है, वहीं मेला क्षेत्र के लिए 550 शटल बसें भी चलाई जा रही हैं। बैठक में परिवहन मंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं एमडी परिवहन की उपस्थिति रही।

# सेंसर वाला हेलमेट कर्मचारियों की करेगा करंट से रक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी में विद्युत विभाग अपने कर्मचारियों के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। इस प्रयास से कर्मचारियों का करंट से बचाव होगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की तरफ से सेंसर युक्त हेलमेट खरीदा गया है। जिसे लगाने से कर्मचारियों को काम के दौरान करंट नहीं लगेगा।

दरअसल, हेलमेट का प्रयोग अभी तक सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए हुआ करता था, लेकिन अब हेलमेट करंट से भी बचाएगा। सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं विद्युत लाइनों और पोलों पर कार्य करते समय होती हैं। इसे रोकने के लिए अनुरक्षण कार्य करने वाले कर्मियों के लिए ऐसा हेलमेट खरीदा गया है जिसमें सेंसर लगा हुआ है। सेंसर 1.9 मीटर की दूरी से ही बिजली चालू है इसकी सूचना सीटी बजाकर देने लगेगा, जिससे कर्मी को पता चल जाएगा कि लाइनों में करंट प्रवाहित है। हेलमेट पर टार्च भी लगा रहेगा, जिससे रात के समय भी काम करने में आसानी होगी। इसके अलावा विभाग की तरफ से कर्मचारियों के लिए रेडियम जैकेट, करंट अवरोधी जूते, विद्युत अवरोधी हाथ के ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट, अर्थिंग चेन तथा सीढ़ी आदि की व्यवस्था कराई गई है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल के अनुसार इस बात के लिए सभी डिस्कॉम में सख्त निर्देश दिए गए हैं कि संविदाकर्मी सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य करें। इसमें लापरवाही करने वाले कर्मियों और संस्थाओं दोनों पर कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ विश्वविद्यालय का बीबीए पाठ्यक्रम देश में टॉप पर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रमों के लिए देश में टॉप 22 वां स्थान हासिल किया है। पाठ्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान द्वारा संचालित होता है। एजुकेशन पोस्ट द्वारा भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क मजबूत और पारदर्शी पद्धति के आधार पर पूरे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन करती है। यह उपलब्धि अकादमिक उत्कृष्टता, समग्र शिक्षा और उद्योग के लिए तैयार स्नातकों को प्रशिक्षित करने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क प्रबंधन, अभियांत्रिकी, विधि, वास्तुकला, कला और विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में वार्षिक रैंकिंग को प्रकाशित करता है, जो छात्रों, शिक्षकों और भर्तीकर्ताओं के लिए जानकारी प्रदान करता है। उद्योग की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार पाठ्यक्रम। उद्योग के शीर्ष अधिकारियों और पेशेवरों के साथ नियमित बातचीत। नेतृत्व, नवाचार और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं पर ध्यान के साथ ही देशभर में शीर्ष-स्तरीय कंपनियों के साथ प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करना।

यह रैंकिंग हमारे शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। हमारे बीबीए पाठ्यक्रम छात्रों को आज के प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से युक्त करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्लीपर के अतिरिक्त कोच लगाये गये

**लखनऊ।** लखनऊ से गुजरने वाली 14207 व 14208 पद्मावत एक्सप्रेस और 14205 14206 अयोध्या एक्सप्रेस में स्लीपर के एक एक अतिरिक्त कोच लगाये गये हैं। यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने दी।

### आईआरसीटीसी ने लखनऊ से बंगलुरू हवाई टूर का किया ऐलान

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी लखनऊ से बंगलुरू का हवाई टूर पैकेज 7 रात एवं 8 दिन का लेकर आया है। इसमें मैसूर, ऊटी, कूर्ग और कोयम्बटूर का भ्रमण कराया जायेगा। यह पैकेज 25 जनवरी से एक फरवरी तक चलााया जायेगा। यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर ऑनलाइन भी कराई जा सकती है।

### वोल्वो और पवन हंस लग्जरी बसों का किराया हुआ कम

**लखनऊ।** वोल्वो और पवन हंस लग्जरी बसों का किराया 56 पैसा और एसी जनरथ और एसी स्लीपर व एसी शताब्दी का किराया 49 पैसा प्रति किलोमीटर कम हुआ है। यह प्रयोग सफल रहा तो आने वाले दिनों में यही किराया पूरी तरह से लागू कर दिया जायेगा। जीएम संचालन अंकुर विकास ने बताया कि एसी बसों में यात्रियों को लुभाने के लिए 28 फरवरी तक किराया कम कर दिया गया है।

### जश्ने मौला अली शीर्षक से महफिल का आयोजन

**लखनऊ।** अमीरउल मोमेनीन हजरत अली (अ.स) के जन्म दिवस के सिलसिले में शनिवार को हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग न्यू हैदाराबाद में जश्ने मौला अली शीर्षक से एक महफिल का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज कारी मोहम्मद मुस्लिम ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन गुलरेज नकी ने किया। महफिल में मौलाना फैज अब्बास मशहदी और मौलाना रजा हुसैन ने हजरत अली (अ.स.) की फजिलत बयान की। मौलाना ने कहा कि हजरत अली (अ.स) ने दुश्मनों से भी प्रेम करने का पैगाम दिया। इस मौके पर शायर अस्करी आजमी, आमिर फैजाबादी, मिर्जा लखनवी, अमन रिजवी सुल्तानपुरी, राशिद मौरानवी, अब्बास अली नजफी, तनवीर हैदर आजमी, सलमान रिजवी जार्चवी और अमन नजमी ने हजरत अली (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये। कार्यक्रम का आयोजन हैदरी मस्जिद प्रबंधक कमेटी ने किया था।

### लाल बहादुर शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने राजनीति में एक नई नजीर पेश की। एक तरफ वह नितांत गरीबी से संघर्ष कर आगे आए और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और कांग्रेस के साथ देश के बड़े नेता ही नहीं बने बल्कि कई पदों पर रहते हुए प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री इतने आदर्शवादी थे कि वर्ष 1956 में हुए रेल हादसे की जिम्मेदारी लेकर पद का त्याग कर दिया। जब देश अन्न के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं था तब उन्होंने जय जवान-जय किसान का नारा देकर किसानों को इतना अनाज पैदा करने को प्रेरित किया कि देश आत्मनिर्भर हो सके। साथ ही देशवासियों से सप्ताह में एक दिन एक वक्त का उपवास रखने की अपील की। उनकी बात मानते हुए करोड़ों लोगों ने उपवास रखना शुरू कर दिया। दूसरी तरफ जवानों ने उनके जगाए जोश की वजह से भारत 1965 का युद्ध जीता।

### जस्टिस हैदर अब्बास की मजलिसे चेहलुम आज

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस और उत्तराखण्ड के लोकायुक्त रहे स्वर्गीय जस्टिस हैदर अब्बास रजा के ईसाले सवाब के लिए रविवार को मजलिसे चेहलुम आयोजित होगी। हजरतगंज स्थित इमामबाड़ा शाहनजफ में सुबह 10:30 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी खिताब करेंगे। स्वर्गीय हैदर अब्बास का निधन 6 दिसम्बर 2024 को हो गया था और उन्हें चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा गुफरानमआब में सुपुर्दे खाक किया गया था। स्वर्गीय के परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। स्वर्गीय के दामाद केन्द्र में नियुक्त आईएएस अधिकारी कामरान रिजवी हैं।

# अग्निवीर रैली : कैमरे की नजर में हुई भर्ती

## डिजिटल किए जा रहे हैं सभी आंकड़े, बर्फीली हवाओं के बीच ऐसे दौड़े युवा

अवधनामा ब्यूरो



■ प्रोत्साहन के लिए दे रहे टीशर्ट, शिकायत प्रकोष्ठ से बढ़ेगी पारदर्शिता

**लखनऊ।** अग्निवीर भर्ती रैली में पहली बार सीसीटीवी से नजर रखी जा रही है। 40 से अधिक सीसीटीवी लगाए गए हैं। इसके लिए रैली स्थल पर कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। जहां पास व फेल होने वाले अभ्यर्थियों का रिकॉर्ड भी डिजिटली मॉनिटर किया जा रहा है। यह अपने तरह का अनूठा प्रयोग है।

इसके अतिरिक्त शिकायत प्रकोष्ठ भी बनाया गया है। इससे अभ्यर्थियों को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए सेना भर्ती कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यह जानकारी मुख्यालय भर्ती क्षेत्र(यूपी और उत्तराखंड) के भर्ती कार्यालय लखनऊ के एडीपी रिक्रूटिंग मेजर जनरल मनोज तिवारी ने दी। वह छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर के जरिए गेट के बाहर स्थित अभ्यर्थियों से लेकर दस्तावेज जांच, दौड़, जिगजैग व अन्य फिजिकल फिटनेस टेस्ट तक पर नजर रखी जा रही है। किन जिलों से कितने अभ्यर्थी आए, कितने पास हुए, कितने फेल, इसका ब्यौरा डिजिटली रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रयास के पीछे यह उद्देश्य है कि भर्ती रैली को अधिक से अधिक पारदर्शी बनाया जाए। सेंटर पर भर्ती स्थल का मॉडल भी बनाकर रखा गया है।

अग्निवीर भर्ती रैली में पास होने वाले अभ्यर्थियों को टी-शर्ट दी जा रही हैं, ताकि उनका प्रोत्साहन हो। वहीं जो अभ्यर्थी विफल होकर लौटते हैं, उनके लिए बाहर टीशर्ट मिल रही हैं, जिन पर अग्निवीर भर्ती रैली प्रिंटेड है। इससे अग्निवीर योजना का प्रमोशन हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि कई बार ऐसा देखा गया है कि फेल होने वाले अभ्यर्थी भेदभाव के अनर्गल आरोप लगाते हैं। ऐसे में अभ्यर्थियों को शिकायत होने पर तत्काल स्थल पर मौजूद शिकायत प्रकोष्ठ(ग्रीवांस सेल) में अपनी शिकायत दर्ज कराने का मौका मिलेगा। उन्हें सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी दिखाई जाएगी, ताकि वे संतुष्ट होकर बाहर निकलें।

सर्दी व ठिठुरन में रात बिताने के बाद शनिवार सुबह जब युवा मैदान पर पहुंचे तो उन्होंने फिजिकल फिटनेस पास करने के लिए जीजान लगा दी। ऐसा दौड़े कि सैन्य अफसर देखते रह गए। लंबी व ऊंची कूद से दिल जीत लिया। युवाओं ने अपने जज्बे से वातावरण में गर्मजोशी भर दी। छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर(एएमसी) स्टेडियम में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन फतेहपुर व गोंडा जिले के युवाओं ने दमखम दिखाया। अभ्यर्थी बीती रात दो बजे रिपोर्टिंग के लिए स्टेडियम गेट पर पहुंचे, जिसके बाद उनका एडमिट कार्ड व अन्य दस्तावेज जांचे गए।

# कांग्रेस ने संगठन को मजबूत बनाने के लिये मांगी राय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के पांचवें दिन बृज जोन के जनपदों के कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक की। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित बैठक में कांग्रेस महासचिव अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे। बैठक में कार्यकर्ताओं से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए उनकी राय मांगी गयी, जिस पर सभी ने अपने-अपने सुझाव शीर्ष नेतृत्व को दिये। शनिवार को हुई बैठक में बृज जोन के शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, बदायूं, फर्रुखाबाद, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, अलीगढ़, कासगंज, मथुरा, हाथरस के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में शामिल कांग्रेसियों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह से एक जिला-शहर अध्यक्ष के पद के लिए इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में शामिल हो रहे हैं, यह दिखाता है कि 35 सालों में सरकार में न होने के बावजूद भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जोश और प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आयी है। एक-एक जिले से 80 से 100 तक साथियों ने जिला-शहर अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। आप लोगों के इस जोश से उम्मीद जगी है कि 2027 के चुनाव में हम फिर से अपने मुकाम पर होंगे।

# एलडीए ने ई-ऑक्शन में 450 करोड़ संपत्ती को बेचा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस बार ई-ऑक्शन में 450 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की सम्पत्ति बेची। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुए ई-ऑक्शन में निवेशकों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। इसका परिणाम यह रहा कि ई-नीलामी में आरक्षित दर से तीन गुना अधिक कीमत तक बोली लगी और आवासीय व व्यवसायिक भूखण्डों के साथ ही ग्रुप हाउसिंग, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, मिश्रित भू-उपयोग व फाइन-डाइन के भूखण्ड भी बिके। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ई-ऑक्शन का व्यापक प्रचार कराने से अधिक से अधिक लोगों को सम्पत्तियों की जानकारी हुई। इसके अलावा सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को अभियंताओं व कर्मचारियों ने साइट विजिट भी कराई, जिसके बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले सभी सफल आवंटियों को जल्द आवंटन पत्र जारी कर दिये जाएंगे। साथ ही आवंटी इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लगाएंगे उसके लिए मानचित्र आदि स्वीकृत करने की सभी कार्रवाई सिंगल विण्डो सिस्टम के तहत कराई जाएगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में व्यवसायिक व आवासीय सम्पत्तियों को ई-ऑक्शन से बेचने के लिए 11 नवम्बर 2024 से 3 जनवरी 2025 के बीच पंजीकरण खोला गया था। पंजीकरण कराने वालों के बीच 7 जनवरी को ई-ऑक्शन कराया, जिसमें कुल 325 सम्पत्तियां लगाई गयी थीं। इनमें से 59 सम्पत्तियां बिकीं। गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 के आवासीय भूखण्डों की जमकर बोली लगी और 1.33 करोड़ रुपये का भूखण्ड 4.48 करोड़ रुपये में बिका। बसन्तकुंज योजना में ग्रुप हाउसिंग अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि पिछले ई-ऑक्शन में बसन्तकुंज योजना में स्कूल के लिए आरक्षित भूखण्ड आरक्षित दर से अधिक कीमत में बिका था। इस बार के ई-ऑक्शन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने ग्रुप हाउसिंग का भूखण्ड लगभग 11 करोड़ रुपये में बिका।




# अपने जिस्म की हिफाज़त करना भी दीनी फ़रिज़ा

■ कैसरबाग में निःशुल्क मेगा आयुष चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन
■ शिविर का उद्घाटन मुफ्ती अबुल इरफान फिरंगी महली काजी शहर ने किया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन एवं ए.एम.यू. ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन (अमोबा) लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क मेगा आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन मछली मोहाल , कैसर बाग में मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली के संरक्षण एवं सैय्यद इकबाल हाशमी अध्यक्ष ऑल इंडिया मुहम्मदी मिशन की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का उद्घाटन मुफ्ती अबुल इरफान फिरंगी महली काजी शहर ने किया विशेष रूप से डॉ अब्दुल कवी प्रिंसिपल एवं अधीक्षक राजकीय तकमील उततिब कॉलेज एवं चिकित्सालय विशेष रूप से उपस्थित रहे।कैम्प में मुख्य रूप से राजकीय तकमील उततिब कॉलेज एवं चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क इलाज एवं दवाइयाँ प्रदान की गई। अमोबा की तरफ से फिजियो थेरेपिस्ट, पैथोलॉजी लैब की भी व्यवस्था की गयी. इस शिविर में रक्तचाप और मधुमेह की निःशुल्क जांच भी की गई, महिलाओं के लिए विशेष रूप से महिला डॉक्टर की के साथ साथ पर्दे का भी व्यवस्था की गई थी। शिविर में लगभग 300 मरीजों का इलाज किया गया तथा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। कैम्प में खास तौर से डॉ. मो साकिब, डा अब्दुल कादिर, डॉ अब्दुल खालिक, डॉ ताबिश शम्सी, डॉ सबा खान, डॉ रुश्दा फातिमा, डॉ नाजिदा शम्स, शहनाज़ खान फिजियोथैरेपिस्ट , फ़हीम अहमद फार्मासिस्ट, शमीम अहमद एक्स रे टेक्निशियन , ने खुसूसी तौर पर अपनी ख़िदमात अंजाम दी।इस मौके पर मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ने कहा कि अपने जिस्म की हिफाज़त करना भी इस्लामी फ़राइज़ में से एक है। सेहत अच्छी रहेगी तो इबादत में कोई कमी नहीं रहेगी। हदीस में कहा गया है कि एक मजबूत इंसान कमजोर इंसान से बेहतर है। इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना चाहिए। डॉ अब्दुल कवी प्रिंसिपल एवं अधीक्षक राजकीय तकमील उततिब कॉलेज एवं चिकित्सालय ने कहा सरकार और शासन की भी यही मंशा है कि आयुष चिकित्सा को बढ़ाया जाए जिससे जरुरतमंदों का आसानी से और कम खर्च में इलाज हो सके। सैयद इकबाल हाशमी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन परस्पर जरूरतमंदों की जरूरत के लेहाज से उनके इलाकों में पहुंचकर उनकी परेशानियों को दूर करने की कोशिश में लगा हुआ है जिससे खासतौर से मेडिकल कैंप, वजीफा और तालीम के ताल्लुक से खुसूसी काम किया जा रहा है। इसमें परस्पर दूसरी तंजीम का भी सहयोग मिल रहा है जिसके हम उनके लिए बहुत शुक्रगुजार हैं। शेहला हक सचिव अमोबा लखनऊ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एसोसिएशन विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है, जिसमें महिलाओं को विशेष रूप से रोजगार और शिक्षा प्रदान की जाती है और इस महिलाओं को शिक्षा देने और विकसित करने का प्रयास कर रही है ताकि महिलाएं विशेष सहयोग प्रदान कर सकें अपने घरों के साथ-साथ अपने बच्चों की शिक्षा और विकास में आने वाली पीढ़ियां हमारे देश के साथ देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी।